## मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| धनबाद | 30.6 | 19.3 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 17.0 |
| डालटनगंज | 26.0 | 15.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






www.lagatar.in | गुरुवार, 15 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 06, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~5~~ ● वर्ष : 1, अंक : 298 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


# अड़े किसान, आज रेल रोकेंगे

**कुमार माधवन**

किसान बुधवार सुबह एक बार फिर से अपना दिल्ली चलो मार्च शुरू करने के लिए अंबाला के पास शंभू सीमा पर एकत्र हुए, जिसके चलते भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे. प्रदर्शनकारी किसानों ने दावा किया कि जब कुछ किसान शंभू सीमा पर बैरिकेड के पास एकत्र हुए तो हरियाणा पुलिस ने बुधवार सुबह करीब आठ बजे आंसू गैस के कई गोले दागे, जिसमें कई किसान घायल हुए है. पंजाब-हरियाणा के खनौरी बॉडर पर भी तनाव देखने को मिला है, जिसके कारण सिंघु, टिकरी और गाजीपुर बॉर्डर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है. उधर, किसानों ने घोषणा की है कि अगर दिल्ली नहीं जाने दिया गया, तो गुरुवार को पूरे पंजाब में रेल रोको आंदोलन चलाया जाएगा. इस बीच, केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में चंडीगढ़ में किसानों के साथ तीसरे दौर की बैठक तय की गयी है. हालांकि समाधान निकलने की उम्मीद कम ही है. सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय इस बातचीत में शामिल होंगे. - शेष पेज 7 पर

- पुलिस कार्रवाई में कई किसान घायल
- दिल्ली कूच की तैयारी में बॉर्डर पर डटे किसान
- बॉर्डर पर किलाबंदी, आसमान से ड्रोन की निगरानी
- किसान दिल्ली बस, ट्रेन या पैदल जाएं, ट्रैक्टर से नहीं जाने देंगे

आज सरकार के साथ किसान करेंगे तीसरे दौर की बातचीत, शंभू सीमा पर फिर जुटे किसान, पुलिस ने फिर दागे आंसू गैस के गोले



# चुरचू में मां को फुसला कर आठ माह की बच्ची को 90 हजार रुपये में बेच डाला, तीन को भेजा जेल

**दुर्बेज आलम। रामगढ़**

रामगढ़ जिला में बच्चों की खरीद-बिक्री करनेवाला रैकेट फिर सक्रिय हो गया है. गिरोह के सदस्यों ने रामगढ़ के ऑटोचालक राहुल साहनी की पत्नी को झांसा देकर उनकी आठ माह माह की बच्ची को 90 हजार रुपये में बेच डाला. राहुल की पत्नी जब अपने मायके चुरचू (हजारीबाग) में रह रही थी, तभी बच्चों के सौदागर दंपती ने उन्हें झासा देकर उनके जिगर के टुकड़े को बेचा डाला. जब राहुल को मानले की जानकारी मिली, तो उन्होंने दंपती पर 90 हजार रुपये में उसकी आठ माह की बच्ची को बेचने का आरोप लगाते हुए रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी. मामला दर्ज कर रामगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न सिर्फ बच्ची को सकुशल बरामद किया, बल्कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.

- **चुरचू में** मां को फुसला कर आठ माह की बच्ची को 90 हजार रुपये में बेच डाला, तीन को भेजा जेल
- **रामगढ़ थाना** पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई कर बच्ची को बरामद कर आरोपियों को धर दबोचा

### सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था बच्ची का पिता

रामगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराने वाले राहुल साहनी ने बताया कि वह ऑटो चलाकर अपना एवं अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था, लेकिन चार महीने पहले एक सड़क दुर्घटना में उसका पैर टूट गया था, जिस कारण वह ऑटो नहीं चला पा रहा था, पैर टूटा होने के कारण वह घर पर ही रह रहा था .उसने बताया कि लगभग दो महीने पहले उसकी पत्नी आठ माह की बच्ची को लेकर हजारीबाग के चुरचू स्थित अपने मायके गयी थी. लेकिन 11 फरवरी को पत्नी अकेले ही मायके से लौट आयी. जब वह वापस घर लौटी, तो उसके साथ उनकी बच्ची नहीं थी. उन्होंने पत्नी से पूछताछ की, तो मामले की जानकारी मिली.

### हजारीबाग में आरोपी दंपती ने बच्ची को रख लिया था

पीड़ित के अनुसार, बच्ची के बारे में पूछने पर पत्नी ने बताया कि कुछ दिन पहले हजारीबाग के दंपती राहुल राम और रीता ने उससे संपर्क किया. कहा कि तुम अपनी बच्ची का पालन ठीक से नहीं कर पा रहे. आरोपी दंपती ने उसे समझाया कि अभी बच्ची हमें दे दो और हम उसका पालन करेंगे. जब हालात ठीक हो, तो बच्ची को वापस ले जाना.

### आरोपी दंपती ने किसी और को बेच दी थी बच्ची

पिता ने शिकायत में कहा है जब उन्होंने अपनी बच्ची के लिए राहुल और रीता से संपर्क किया, तो उन्होंने लौटाने से इनकार कर दिया. पूछने पर बताया कि उन्होंने बच्ची को 90 हजार में बेच दिया. इसके बाद ही उन्होंने रामगढ़ पुलिस से शिकायत की, तो पुलिस ने बच्ची को बरामद करने के बाद उसे बेचने के आरोप में तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.

## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| सोना (बिक्री) | 57,700 |
| चांदी (किलो) | 72,000 |

## ब्रीफ खबरें

### 15 हजार घूस लेते दारोगा गिरफ्तार

**रामगढ़।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गोला थाना में पदस्थापित दारोगा को 15 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया है.



एसीबी हजारीबाग की टीम ने यह कार्रवाई की है. एसीबी की टीम ने आरोपी एसआई मनीष कुमार को अपने साथ हजारीबाग लेकर चली गयी. मिली जानकारी के मुताबिक, दारोगा ने कुम्हारदगा के रहने वाले सहदेव महतो से केस डायरी में मदद के नाम पर 15 हजार रुपये की घूस की मांग की थी. इसे लेकर सहदेव ने एसीबी से इसकी शिकायत की. एसीबी ने मामले के सत्यापन में घूस मांगे जाने की बात सही पाई. इसके बाद एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए एसआई मनीष कुमार को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया.

### ईडी ने केजरीवाल को भेजा छठा समन

**नयी दिल्ली।** ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को छठा समन जारी किया है. सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल को 19 फरवरी को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है.

### कांग्रेस के सोनिया समेत 10 उम्मीदवार

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए बुधवार को पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी समेत कुल 10 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की.

झारखंड कांग्रेस नेताओं ने जानी **मनरेगा मजदूरों की परेशानियां**

# मनरेगा को मारना चाहती है मोदी सरकार : जयराम

**शुभम संदेश टीम। रांची/गढ़वा**

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि मोदी सरकार मनरेगा को मारना चाहती है. केंद्र सरकार पारदर्शिता के नाम पर मनरेगा में अनावश्यक तकनीकी जटिलता ला रही है, जिसे लोगों के काम के अधिकार का हनन हो रहा है. असल में सरकार का मुख्य उद्देश्य मनरेगा को समाप्त करना है. राजस्थान के बाद झारखंड दूसरा राज्य हो सकता है, जहां शहरी रोजगार गारंटी लागू होना चाहिए. जन प्रतिनिधियों का कर्त्तव्य है की ऐसी जन सुनवाई में भाग लें और जमीनी सच्चाई को नज़र रखते हुए नीतियों को लोकतांत्रिक तरीके से पारित करें. जयराम रमेश बुधवार को नरेगा संघर्ष मोर्चा एवं झारखंड नरेगा वॉच द्वारा गढ़वा के रंका हाईस्कूल मैदान में राष्ट्रीय जनसुनवाई में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, रामेश्वर उरांव पूर्व मंत्री केंद्र त्रिपाठी, सुबोध कुमार, स्थानीय नेता बैजेंद्र कुमार चौधरी, राजद जिला अध्यक्ष सूरज कुमार सिंह, विधायक अनूप सिंह, निखिल डे, अरुणा राय अनंत प्रताप सिंह उर्फ छोटे राजा सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे.

**देश को मजदूरों ने बनाया है : कन्हैया** : कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि इस देश को मजदूरों ने बनाया है. गारंटी शब्द देश के श्रमिक आंदोलन से निकला हुआ है. अगर मौजूदा केंद्र सरकार पूंजीपति के 14 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर सकती है तो उसे मनरेगा मजदूरों का काम और मजदूरी की गारंटी सुनिश्चित करनी ही होगी. अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज ने नरेगा मजदूरों द्वारा बनाये गए तालाब से एक मछली दिखाते हुए जयराम रमेश से कहा कि मनरेगा ऐसा निवेश है, जो ग्रामीण, गरीबों के बीच समृद्धि लेकर आया. -शेष पेज 07 पर



### विभिन्न राज्यों से आए मजदूरों ने रखी अपनी बात

देश के अलग अलग राज्यों से आये हुए 20 से अधिक मज़दूरों ने अपने इलाकों में नरेगा से संबंधित समस्याओं और चुनौतियों को जनता के समक्ष रखा . लातेहार से मज़दूर महावीर परहैया ने बताया की पिछले दो साल से उनके गांव में नियमित रूप से नरेगा में काम नहीं मिल रहा है और काम का भुगतान भी समय पर नहीं हुआ . बिहार के कटिहार की फूल कुमारी का कहना है की उनके यहां अगर 76 लोग काम की मांग करते है तो मुश्किल से 7 लोगों को काम मिलता है . छत्तीसगढ़ से भोलू पंडो और सेवक लकड़ा का कहना है कि नरेगा आने से उनके जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आयें लेकिन पिछले 10 सालों से लगातार बजट की कटौती और मोबाईल हाज़िरी के वजह से नरेगा में काम करना बहुत मुश्किल होता जा रहा है .

### क्या है प्रमुख मांगें

- परिवार के हर सदस्य को 100 दिन के काम की गारंटी
- **मनरेगा का मज़दूरी दर होना चाहिए 800 रुपया**
- नरेगा कानून के अनुसार 15 दिन के अंदर हो मज़दूरी का भुगतान
- **लंबित भुगतान का मुआवज़ा भरना चाहिए**
- भुगतान के लिए आधार आधारित भुगतान प्रणाली को अनिवार्य न करें
- **नरेगा में डिजिटल हाज़िरी को तत्काल बंद किया जाये**
- सामाजिक अंकेक्षण के लिए पर्याप्त बजट का आवंटन हो
- **सामाजिक अंकेक्षण विभाग के स्वायत्तता को कायम रखा जाए**
- हर काम के सामाजिक अंकेक्षण में ग्राम सभा के समक्ष, समस्त जानकारी को रखते हुए कैग के नियामवली के अनुसार किया जाए .
- **पश्चिम बंगाल के नरेगा मज़दूरों के साथ हो रहे अन्याय को रोका जाए**
- मज़दूरों को बेरोज़गारी भत्ता मिले
- **हर परिवार के हर सदस्य को एक साल में 100 दिन का काम मिले .**
- योजनाओं के निर्धारण और क्रियान्वयन में ग्राम सभा के निर्णय को प्राथमिकता दिया जाए .
- **पूरे देश में शहरी रोज़गार गारंटी क़ानून लाया जाए**

वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट में बोले **पीएम नरेंद्र मोदी**

## ऐसी सरकारें चाहिए, जो सभी को साथ लेकर चलें

**एजेंसी। दुबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए, दुनिया भर में सरकारों के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने में एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में स्वच्छ और पारदर्शी शासन के महत्व पर प्रकाश डाला. अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद के गतिशील नेतृत्व को स्वीकार किया और उन्हें दूरदृष्टि और संकल्प वाला नेता बताया. पीएम मोदी ने कहा कि आज हम 21वीं सदी में हैं. एक तरफ दुनिया आधुनिकता की तरफ बढ़ रही तो पिछली सदी से चले आ रहे चैलेंजेस भी उतने ही व्यापक हो रहे हैं. फूड सिक्योरिटी हो, हेल्थ सिक्योरिटी हो. वाटर सिक्योरिटी हो, एनर्जी सिक्योरिटी हो, एजुकेशन सिक्योरिटी हो और समाज को इनक्लूसिव बनाना हो... हर सरकार अपने नागरिकों के प्रति अनेक दायित्वों से बंधी हुई है. पीएम ने आगे कहा कि आज हर सरकार के सामने सवाल है कि वो किस अप्रोच के साथ आगे बढ़ें. मेरा मानना है कि आज विश्व को ऐसी सरकारों की जरूरत है जो कि इनक्लूसिव हों और सबको साथ लेकर चलें. आज विश्व को ऐसी सरकारों की जरूरत है जो स्मार्ट हों, जो



टेक्नोलॉजी को बड़े बदलाव का माध्यम बनाएं. आज विश्व को ऐसी सरकारों की जरूरत है जो क्लीन हों, करप्शन से दूर हों, जो ट्रांसपेरेंट हों. आज विश्व को ऐसी सरकारों की जरूरत है जो पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों को लेकर गंभीर हों. आज ऐसी सरकारों की जरूरत है जो (ईज़ ऑफ लिविंग, ईज़ ऑफ जस्टिस , ईज ऑफ मोबिलिटी, ईज ऑफ इनोवेशन, ईज़ ऑफ डुईंग बिजनेस को अपनी प्राथमिकता बनाकर चले. मोदी ने आगे कहा कि मैं मानता हूं कि सरकार का अभाव भी नहीं होना चाहिए और सरकार का दबाव भी नहीं होना चाहिए, बल्कि मैं तो ये मानता हूं कि लोगों की ज़िंदगी में सरकार का दखल कम से कम हो, ये सुनिश्चित करना भी सरकार का काम है. इन 23 वर्षों में सरकार में मेरा सबसे बड़ा सिद्धांत रहा है मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस. मैंने हमेशा ऐसा माहौल बनाने पर जोर दिया जो नागरिकों में एंटरप्राइस और एनर्जी दोनों को बढ़ाए.

# झामुमो-कांग्रेस के पूर्व मंत्री ही हो सकते हैं कंटीन्यू

**कौशल आनंद। रांची**

राज्य में नवगठित चंपाई सोरेन सरकार में दोनों ही पार्टी से हेमंत सरकार के ही पुराने चेहरे कंटीन्यू हो सकते हैं. झारखंड विधानसभा का चुनाव भी इसी साल दिसंबर में होगा. इसके पहले नंवबर के दूसरे या अंतिम सप्ताह में आदर्श आचार संहिता लग जाएगी. ऐसे में दोनों ही पार्टी महज शेष बचे 8-9 महीने के लिए पुराने चेहरे को बदल कर कोई जोखिम उठाने के मूड में नहीं दिखती हैं. इसलिए इसकी संभावना बहुत ही अधिक प्रबल हो गयी है कि हेमंत सरकार में शामिल मंत्री ही वर्तमान चंपाई सोरेन सरकार में कंटीन्यू होंगे. झामुमो-कांग्रेस अंदरखाने से मिली जानकारी के अनुसार झामुमो और कांग्रेस कोटे के मंत्रियों की सूची तैयार हो चुकी है. कांग्रेस 15 फरवरी को देर शाम या शपथ ग्रहण के दो-तीन घंटे पूर्व मंत्रियों की सूची मुख्यमंत्री को सौंप सकती है.

**कांग्रेस के अंदर मंथन के बाद आया निष्कर्ष, पुराने मैक्निजम पर ही जोर :** नयी सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों की सूची तैयार करने के लिए रांची से दिल्ली तक गहन-मंत्रणा हुई. एक-एक बिंदु पर चर्चा हुई. जिसके बाद करीब-करीब यह तय हो चुका है कि पुराने चेहरे ही कंटीन्यू होंगे. क्योंकि हेमंत सोरेन सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों की जो नाम तय हुए थे, उनके दो-तीन आधार थे. एक तो जातिगत, धार्मिक और क्षेत्रीय समीकरण, दूसरा दो बार या दो बार अधिक बार जीते विधायक तथा तीसरा वरीयता. इसके आधार पर ही आलमगीर आलम को विधायक दल का नेता चुना गया. इसके बाद सीनियर नेता एवं पूर्व आईपीएस डॉ रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख और बन्ना गुप्ता के नाम पर मुहर लगी थी. सारे समीकरण के हिसाब से हेमंत सरकार में मंत्री रहे फिट बैठते हैं, इसलिए कांग्रेस अपने पुराने चेहरे को ही कंटीन्यू करने के मूड में है. मगर राजनीति संभावनाओं का खेल है, अंतिम रूप से कौन से नाम आते हैं, इसका इंतजार करना होगा.

**हेमंत के बाद रिक्त हुए 11 वें बर्थ पर सोरेन परिवार का ही एक**



- आठ-नौ महीने के लिए दोनों पार्टी मंत्रीपद बदलने का किसी भी तरह का जोखिम लेने के मूड में नहीं
- **हेमंत के बाद रिक्त हुई एक बर्थ पर सोरेन परिवार के सीता या बसंत में से एक को मिल सकती है भागीदारी**
- चार वर्ष से रिक्त पड़े 12वें बर्थ पर झामुमो का दावा सबसे अधिक मजबूत, गैर सोरेन परिवार को मिल सकती है जगह
- **झामुमो कोटे के मंत्रियों की लिस्ट-लिस्ट करीब-करीब हो चुकी है फाइनल, कांग्रेस आज देर रात या शपथ ग्रहण के पहले भेज सकती है सूची**

**सदस्य हो सकता है शामिल :** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद रिक्त हुए 11 वें बर्थ पर सोरेन परिवार के ही किसी एक सदस्य को जगह मिल सकती है. इसमें बंसत सोरेन का नाम सबसे ऊपर है. जबकि स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी एवं सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन का नाम भी सामने आ रहा है. विधानसभा सत्र के दौरान सीता सोरेन ने यहां तक कह दिया था. -शेष पेज 07 पर

जेएसएससी पेपर लीक मामला

# पटना में रची गई थी साजिश, 4 गिरफ्तार

**संवाददाता। रांची**

जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में एसआईटी की जांच जारी है. खुलासा हुआ कि पेपर लीक मामले की साजिश पटना में रची गई. बीते दिनों पुलिस ने झारखंड विस के अवर सचिव मोहम्मद शमीम और उसके दो बेटों को गिरफ्तार किया था. वहीं बुधवार को चार और लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है.

मामले की जांच के दौरान एसआईटी को कई सबूत मिले हैं. पता चला है कि अवर सचिव मो. शमीम ने अभ्यर्थी पवन कुमार को 25 जनवरी की रात पटना भेजा था. उसे एक मोबाइल नंबर दिया था. कहा था कि पटना स्टेशन पहुंच कर वह उस नंबर पर बात करे. 26 जनवरी की सुबह पवन पटना स्टेशन पहुंचा और उक्त नंबर से संपर्क किया. बात होने के बाद मोबाइल वाला व्यक्ति आयाऔर पवन को अपने साथ एक गुप्त स्थान पर ले गया. जहां पर पहले से कुछ लोग मौजूद थे. लोगों ने पवन को पेपर दिया. उसकी तैयारी भी करायी. 27 की सुबह पवन सीधे धनबाद सेंटर में पहुंचा और परीक्षा में शामिल हुआ.

### खास बातें

- एसआईटी को मिले हैं कई ठोस और महत्वपूर्ण सुराग
- मोहम्मद शमीम का किरदार पूरे मामले में काफी अहम

**विशेष रिपोर्ट** शुरू हुईं चर्चाएं... क्या नीतीश अपनी आखिरी पारी को यादगार बना पाएंगे

# 2005 वाले अवतार में बिहार में दिखेंगे नीतीश कुमार !

**बिहार में विश्वास मत जीतने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार काफी उत्साहित हैं. उनकी सरकार का बजट भी आ चुका है. भाजपा कोटे से नंदकिशोर यादव का विधानसभा अध्यक्ष बनना भी लगभग तय हो चुका है. अब नीतीश कुमार और उनके करीबी ये संकेत देने लगे हैं कि यह सरकार 2005 वाले ढर्रे पर ही चलेगी.**

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना**

नीतीश कुमार नौंवी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर इतिहास रच चुके हैं. वैसे उनके साथ पाला बदलने का भी एक कीर्तिमान जुड़ चुका है, जो उनके व्यक्तित्व और राजनीतिक जीवन का हमेशा काले पक्ष के रूप में देखा जाएगा. अब देखना यह है विकास पुरुष के रूप में अपनी पहचान रखनेवाले नीतीश कुमार अपने व्यक्तित्व में लगे इस काले धब्बे को किस तरह हटाने का उपक्रम करते हैं. बिहार के सियासी गलियारों में चर्चा है कि बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार की यह आखिरी पारी हो सकती है. इसके बाद वे केंद्र की राजनीति का रुख करेंगे, या उन्हें कोई बड़ा संवैधानिक पद देकर राजनीति की मुख्यधारा विलग कर दिया जाएगा. ऐसे में लगाये जा रहे कयासों का विषय यह भी है क्या नीतीश कुमार अपनी आखिरी पारी को यादगार बनाएंगे? क्या वे अपनी अंतिम पारी में ऐसा कुछ खास करनेवाले हैं, जो उनके पाला बदलने के काला अध्याय को उनके राजनीतिक जीवन से अलग कर देगा. गौरतलब है कि इसके पूर्व वे जातीय गणना के आंकड़ों के अनुसार आरक्षण का दायरा बढ़ा कर बड़ा कारनामा कर चुके हैं. अब उनका अगला उपक्रम राज्य की विधि-व्यवस्था को पटरी पर लाना हो सकता है. विश्लेषकों का मानना है कि नीतीश कुमार की यह आखिरी पारी उनकी पहली पारी यानी 2005 वाली एनडीए सरकार की याद दिला सकती है.

गौरतलब है कि 2005 से 2010 का समय नीतीश कुमार के मुख्यमंत्रित्व काल का स्वर्णिम काल के रूप में देखा जाता है. इस काल में उन्होंने न सिर्फ राज्य की विधि-व्यवस्था को सुधारा बल्कि विकास की मजबूत बुनियाद भी रखी, जिसपर आज बिहार खड़ा दिखता है.

**सदन में संबोधन में मिले संकेत :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बार-बार इस बात को दोहराया कि वे बिहार में कानून के राज से कोई समझौता नहीं करेंगे. बिहार में सख्ती के साथ कानून व्यवस्था कायम रहेगी. उनके संबोधन का बड़ा हिस्सा विधि-व्यवस्था पर ही केंद्रित रहा. नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में कानून का राज कायम है. कानून के राज के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं है. उन्होंने लालू-राबड़ी राज की याद दिलाते हुए कहा, 2005 से पहले की स्थिति क्या थी, सबको मालूम है. राजद के लोगों ने अभी तक क्या धंधा किया है, सबकी जांच करवाएंगे. इन बातों से स्पष्ट संकेत मिलता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर अपने 2005 वाले फार्म में दिख सकते हैं और अपनी अंतिम पारी को यादगार बना कर अपने राजनीतिक कैरियर पर पड़े पाला बदलने के धब्बे को हटाने की कोशिश कर सकते हैं.



## 1,47,973 मिट्रिक टन हुआ आलू का उत्पादन, बैगन भी पीछे नहीं, 28,223 मिट्रिन टन उत्पादन हुआ

# झारखंड में आलू और बैगन का हुआ बंपर उत्पादन

**खास बातें**

- 1154055 हेक्टेयर में धान की खेती की गई
- 181687 हेक्टेयर भूमि पर रागी की खेती की गई





प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में आलू और बैगन का बंफर उत्पादन होता है. इस बात का खुलासा सांख्यिकी निदेशालय की रिर्पोट से हुआ है. अगहनी फसल के तहत राज्य में कुल 22778 हेक्टेयर में आलू की खेती की गई, जिसमें 147973 मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ. वहीं 4547 हेक्टेयर भूमि पर बैगन की खेती की गई, जिसमें 28223 मीट्रिक टन बैगन का उत्पादन हुआ. 8892 हेक्टेयर में टमाटर की खेती की गई, जिसमें 55459 मीट्रिक टन उत्पादन हुआ. वहीं 1154055 हेक्टेयर में धान की खेती की गई, जिसमें 663419 मीट्रिक टन उत्पादन हुआ.

**भदई फसल के तहत मक्का भी लहलहाया :** भदई फसल के तहत मक्का की बेहतर पैदावार हुई. राज्यभर में 106446 हेक्टेयर भूमि पर मक्का की खेती की गई, जिसमें 251911 मीट्रिक टन मक्का का उत्पादन हुआ. 25616 हेक्टेयर भूमि पर उरद की खेती की गई, जिसमें 40610 मीट्रिक टन उरद का उत्पादन हुआ. वहीं 181687 हेक्टेयर भूमि पर रागी की खेती की गई, जिसमें 21736 मीट्रिक टन रागी का उत्पादन हुआ. 126089 हेक्टेयर में धान की खेती की गई, जिसमें 245982 मीट्रिक टन धान का उत्पादन हुआ.

### रबी फसल के तहत 23,927 मिट्रिक टन प्याज का उत्पादन

रबी फसल के तहत 3725 हेक्टेयर में प्याज की खेती की गई, जिसमें 23927 मीट्रिक टन प्याज का उत्पादन हुआ. 18700 हेक्टेयर में अरहर की खेती गई, जिसमें 30677 मीट्रिक टन अरहर का उत्पादन हुआ. 87840 हेक्टेयर में गेहूं की खेती गई, जिसमें 219936 मीट्रिक टन गेहूं का उत्पादन हुआ.

### अगहनी फसल, प्रमंडलवार आलू का उत्पादन

| प्रमंडल | कितने हेक्टेयर पर खेती | कितना उत्पादन(मीट्रिक टन) |
|---|---|---|
| संताल | 2719 | 16129 |
| उ. छोटानागपुर | 8187 | 53311 |
| पलामू | 4363 | 24348 |
| द छोटानागपुर | 7498 | 53139 |
| कोल्हान | 11 | 45 |

### अगहनी फसल, प्रमंडलवार टमाटर का उत्पादन

| प्रमंडल | कितने हेक्टेयर पर खेती | कितना उत्पादन(मीट्रिक टन) |
|---|---|---|
| संताल | 525 | 2153 |
| उ. छोटानागपुर | 1956 | 11810 |
| पलामू | 1881 | 11097 |
| द छोटानागपुर | 3572 | 26338 |
| कोल्हान | 958 | 4060 |

### अगहनी फसल, प्रमंडलवार धान का उत्पादन

| प्रमंडल | कितने हेक्टेयर पर खेती | कितना उत्पादन(मीट्रिक टन) |
|---|---|---|
| संताल | 264652 | 881222 |
| उ. छोटानागपुर | 181859 | 605235 |
| पलामू | 113576 | 346741 |
| द छोटानागपुर | 349123 | 1052389 |
| कोल्हान | 244845 | 663419 |

### अगहनी फसल,प्रमंडलवार बैगन का उत्पादन

| प्रमंडल | कितने हेक्टेयर पर खेती | कितना उत्पादन(मीट्रिक टन) |
|---|---|---|
| संताल | 554 | 3259 |
| उ. छोटानागपुर | 995 | 6864 |
| पलामू | 681 | 3678 |
| द छोटानागपुर | 1825 | 12217 |
| कोल्हान | 492 | 2205 |

### भदई फसल,प्रमंडलवार धान का उत्पादन

| प्रमंडल | कितने हेक्टेयर पर खेती | कितना उत्पादन(मीट्रिक टन) |
|---|---|---|
| संताल | 5641 | 10396 |
| उ. छोटानागपुर | 4506 | 8223 |
| पलामू | 10072 | 18563 |
| द छोटानागपुर | 92851 | 181262 |
| कोल्हान | 13019 | 27538 |

### भदई फसल,प्रमंडलवार मक्का का उत्पादन

| प्रमंडल | कितने हेक्टेयर पर खेती | कितना उत्पादन(मीट्रिक टन) |
|---|---|---|
| संताल | 21686 | 70083 |
| उ. छोटानागपुर | 26098 | 50314 |
| पलामू | 46025 | 99430 |
| द छोटानागपुर | 11146 | 29005 |
| कोल्हान | 1491 | 3079 |

### भदई फसल, प्रमंडलवार उरद का उत्पादन

| प्रमंडल | कितने हेक्टेयर पर खेती | कितना उत्पादन(मीट्रिक टन) |
|---|---|---|
| संताल | 00 | 00 |
| उ. छोटानागपुर | 5404 | 7982 |
| पलामू | 3077 | 5139 |
| द छोटानागपुर | 16271 | 26065 |
| कोल्हान | 864 | 1424 |

### भदई फसल,प्रमंडलवार रागी का उत्पादन

| प्रमंडल | कितने हेक्टेयर पर खेती | कितना उत्पादन(मीट्रिक टन) |
|---|---|---|
| संताल | 62 | 12 |
| उ. छोटानागपुर | 2009 | 2262 |
| पलामू | 617 | 732 |
| द छोटानागपुर | 15276 | 18489 |
| कोल्हान | 204 | 242 |

### रबी फसल,प्रमंडलवार गेहूं का उत्पादन

| प्रमंडल | कितने हेक्टेयर पर खेती | कितना उत्पादन(मीट्रिक टन) |
|---|---|---|
| संताल | 19995 | 52151 |
| उ. छोटानागपुर | 21230 | 54774 |
| पलामू | 33227 | 84316 |
| द छोटानागपुर | 13229 | 28387 |
| कोल्हान | 159 | 308 |

### रबी फसल,प्रमंडलवार प्याज का उत्पादन

| प्रमंडल | कितने हेक्टेयर पर खेती | कितना उत्पादन(मीट्रिक टन) |
|---|---|---|
| संताल | 429 | 2815 |
| उ. छोटानागपुर | 745 | 6744 |
| पलामू | 1250 | 4343 |
| द छोटानागपुर | 1278 | 9868 |
| कोल्हान | 23 | 157 |

### रबी फसल,प्रमंडलवार अरहर का उत्पादन

| प्रमंडल | कितने हेक्टेयर पर खेती | कितना उत्पादन(मीट्रिक टन) |
|---|---|---|
| संताल | 1622 | 2547 |
| उ. छोटानागपुर | 1327 | 1951 |
| पलामू | 13064 | 21451 |
| द छोटानागपुर | 2355 | 4183 |
| कोल्हान | 332 | 545 |

## पांच साल की प्रतिनियुक्ति अवधि हो चुकी है पूरी

# झारखंड आना मुनासिब नहीं समझते आईएएस अफसर

**खास बातें**

- ज्योत्सना ने बर्खास्त होना मुनासिब समझा, पर झारखंड नहीं आई
- स्मिता चुग और राजीव कुमार भी झारखंड नहीं आए

रवि भारती। रांची

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात झारखंड कैडर के आइएएस अफसर झारखंड आना मुनासिब नहीं समझते. फिलहाल टॉप लेवल के आधा दर्जन आइएएस जो केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में हैं. जिनकी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति की पांच साल की अवधि भी पूरी हो चुकी है. नियमतः पांच साल की अवधि पूरी होने के बाद वापस अपने कैडर में योगदान देना होता है. लेकिन ये अफसर अब झारखंड में योगदान नहीं दे पाएंगे. केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात आधा दर्जन अफसर इसी साल रिटायर हो जाएंगे. वहीं झारखंड में आइएएस के 224 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 182 अफसर कार्यरत हैं. 42 पद अब तक रिक्त पड़े हैं.

**राज्य सरकार ने पीएम को लिखा था पत्र :** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर कहा था कि झारखंड सरकार को जो केंद्र से एक प्रस्ताव मिला है, जिसमें आईएएस (कैडर) नियम, 1954 में कुछ संशोधन प्रस्तावित किए गए थे, उसमें झारखंड सरकार ने असहमति जताई थी. पूर्व सीएम ने पीएम को पत्र लिखकर अखिल भारतीय सेवा से जुड़े अधिकारियों को बिना राज्यों की सहमति और एनओसी लिए पदस्थापित करने का विरोध किया था. जबकि केंद्र सरकार ने आईएएस कैडर नियमों में संशोधन प्रस्तावित किया है, जो उसे राज्य सरकारों की आपत्तियों को दरकिनार करते हुए आईएएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात करने में सक्षम बनाएगा.

### केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहते हुए ही रिटायर हो जाएंगे

#### कई आईएएस अफसरों ने दिल्ली में रहना उचित समझा

कई अफसरों ने प्रतिनियुक्ति में ही रहना मुनासिब समझा. बात करें आइएएस ज्योत्सना वर्मा रे तो वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में गईं, लेकिन झारखंड वापस नहीं आईं. कई बार राज्य सरकार ने रिमांडर भी भेजा, लेकिन राज्य सरकार को कोई जवाब नहीं मिला. अंत में ज्योत्सना को सरकार ने बर्खास्त कर दिया. इसी तरह आइएएस डॉ. स्मिता चुग रिटायर हो गईं, लेकिन अपने कैडर में वापस नहीं आईं. राजीव कुमार पांच साल से भी अधिक अवधि से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहे. लेकिन वे झारखंड नहीं आए. इसी तरह टी नंदकुमार और एके चुग ने भी झारखंड के बजाए दिल्ली में ही रहना उचित समझा.

#### आखिर अफसर क्यों नहीं आना चाहते झारखंड

1. हर बार सिस्टम में बदलाव से परफॉरमेंस पर पड़ता है असर
2. झारखंड में काम करने के एवज में नहीं मिल पाता एक्सपोजर
3. झारखंड में सुझावों पर भी अमल नहीं होता. गंभीरता से बातों को नहीं सुना जाता, जिससे योजनाएं लागू करने में परेशानी होती है
4. जल्दी-जल्दी ट्रांसफर पोस्टिंग कर दिया जाता है, जिससे परफॉरमेंस पर पड़ता है असर
5. तबादले के कारण नये कामकाज को समझने में ही एक से डेढ़ माह का समय लग जाता है.
6. महत्वपूर्ण निर्णय लेने में होती है कठिनाई
7. पांच साल से अधिक समय से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात अफसर अपने मूल झारखंड कैडर में लौटना ही नहीं चाहते हैं.
8. राजीव गौबा : कैबिनेट सेक्रेटरी, सेवानिवृत्ति की तिथि : 30-08-2024
9. एनएन सिन्हा : सचिव इस्पात मंत्रालय, सेवानिवृत्ति की तिथि : 31-07-2024
10. एमएस भाटिया : चेयरमैन कैबिनेट सेक्रेट्रेरिएट : सेवानिवृत्ति की तिथि : 30-09-2024
11. एसकेजी रहाटे : सेक्रेटरी मिनिस्ट्री ऑफ लॉ एंड जस्टिस : सेवानिवृत्ति तिथि : 30-04-2024
12. सुरेंद्र सिंह : एडिशनल सेक्रेटरी, मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस : सेवानिवृत्ति तिथि :30-06-2024
13. अलका तिवारी : सेक्रेटरी, नेशनल कमीशन फॉर शिड्यूल ट्राइब
14. निधि खरे : एडिशनल सेक्रेटरी कंज्यूमर अफेयर्स

**वीआएस लेने में भी आगे रहे अफसर**

वीआरएस लेने में भी आइएएस अफसर आगे रहे हैं. अबतक जिन्होंने वीआरएस लिया है, उनमें मुनिगला, विमल कीर्ति सिंह, जेबी तुबिद, संत कुमार वर्मा और बीके चौहान के नाम शामिल हैं. हालांकि अपर मुख्य सचिव केके खंडेलवाल ने भी वीआरएस के लिए आवेदन दिया था, लेकिन अंतिम समय में उन्होंने अपना आवेदन वापस ले लिया था.

## बीएड इंट्रेस : 2024-26 सत्र के लिए आज से करें आवेदन

संवाददाता। रांची



झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीइसीइबी) ने बीएड एंट्रेंस एग्जाम के लिए आवेदन भरने की तिथि की घोषणा कर दी है. अभ्यर्थी 2024-26 सत्र के लिए 15 फरवरी से आवेदन दे सकते हैं. आवेदन भरने की अंतिम तिथि 15 मार्च है. अभ्यर्थी जेसीइसीइबी के आधिकारिक वेबसाइट jceceb.jharkhand.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 1000 निर्धारित किया गया है. वहीं ओबीसी 1 और 2 के लिए 750 और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को 500 रुपए आवेदन शुल्क देने होंगे. 13 अप्रैल से एडमिट कार्ड डाउनलोड किया जा सकता है. वहीं 21 अप्रैल परीक्षा की संभावित तिथि है. प्रवेश परीक्षा क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थियों की काउंसलिंग होगी. पहले दूसरे और तीसरे राउंड की काउंसलिंग के बाद यदि सीट खाली रहती है, तो फिर चौथे राउंड की काउंसलिंग भी की जाएगी.

## किसान आंदोलन : कल के बंद को कांग्रेस ने दिया समर्थन

संवाददाता। रांची



देश भर के किसान संगठन द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में और केंद्र सरकार द्वारा किसानों पर किए जा रहे अन्याय के विरोध में 16 फरवरी को बुलाये गये भारत बंद का कांग्रेस समर्थन देने का एलान किया है. राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा जारी दिशा निर्देश के आलोक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिला अध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर अपने अपने जिलों में भारत बंद का समर्थन करने का निर्देश दिया है.

**देश की स्थिति हो चली है बद से बदत्तर :** ठाकुर ने कहा कि देश अराजकता के दौर से गुजर रहा है किसान एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए सड़कों पर हैं. देश का युवा रोजगार के लिए सड़कों पर उतरने को बाध्य हैं. अग्निवीर योजना से लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है. आम जनता के हितों के विपरीत नीतियां लागू की जा रही हैं. कानून लाकर कभी ट्रक ऑपरेटरों को तो कभी आम जनता और छोटे व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है.

CLASSIFIED




























## जल्द ही लोकसभा चुनाव का शंखनाद

# 10 मार्च के बाद हो सकता है चुनाव तारीखों का एलान

प्रमुख संवाददाता। रांची

लोकसभा चुनाव का शंखनाद जल्द होगा. 10 मार्च के बाद किसी भी दिन तारीखों का ऐलान हो सकता है. जानकारी के अनुसार इस बार झारखंड में 14 लोकसभा सीटों के लिए दो चरणों में मतदान कराने की संभावना है. जबकि 2019 में चार चरणों में मतदान कराए गए थे. जल्द ही इलेक्शन कमीशन की टीम झारखंड आएगी. इधर झारखंड में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं. झारखंड में चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदान केन्द्र को आवासीय सोसाइटी कॉलोनी में भी बनाने का निर्णय लिया है जिससे लोग अपने घर के नजदीक मतदान कर सकें.



**चुनाव आयोग की टीमों का दौरा जारी :** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की टीमों का दौरा जारी है. आंध्रप्रदेश का दौरा चुनाव आयोग की टीम ने कर लिया है. 15 फरवरी को ओडिशा और 20 फरवरी को आयोग की टीम बिहार का दौरा करेगी. इस टीम में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार समेत आठ अधिकारी शामिल होंगे. अब तक मिली जानकारी के अनुसार आयोग की टीमें मार्च के पहले सप्ताह तक सभी राज्यों में तैयारियों का जायजा ले लेंगी. उसके बाद मार्च के ही दूसरे सप्ताह में चुनाव का ऐलान हो जाएगा. पहले चरण का मतदान भी अप्रैल के दूसरे सप्ताह तक होने की संभावना जताई जा रही है.

## जेल आईजी ने जारी किया आदेश

# 11 जिलों के जेलों में होगी कक्षपालों की नियुक्ति

संवाददाता। रांची

झारखंड के 11 जिलों के जेलों में संविदा के आधार पर कक्षपालों की नियुक्ति होगी. इसको लेकर जेल आईजी ने आदेश जारी किया है. जारी आदेश के मुताबिक, 150 भूतपूर्व सैनिकों को एक साल के अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जाएगा. जरूरत के अनुसार इस अनुबंध को बढ़ाया भी जा सकता है.

**20 हजार रुपए मिलेगा वेतन :** अनुबंध पर नियुक्त किये गये भूतपूर्व सैनिकों को हर महीने 20 हजार रुपए वेतन मिलेगा. हर साल सेवा अवधि के विस्तार होने पर मानदेय में आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी. इन कर्मियों को एक साल में सिर्फ 20 दिन का ही क्षतिपूर्ति अवकाश मिलेगा. ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर राज्य के पुलिस कर्मियों को जो राशि मिलती है, वही राशि इन कर्मियों को दी जाएगी.

**किस जेल में कितने कक्षपालों की होगी नियुक्ति**

- केंद्रीय कारागार हजारीबाग : 52
- मंडल कारा चतरा : 01
- मंडल कारा लातेहार : 02
- उपकारा बरही : 09
- उपकारा रामगढ़ : 01
- मंडल कारा धनबाद : 21
- मंडल कारा चास, बोकारो : 05
- मंडल कारा जामताड़ा : 12
- उपकारा तेनुघाट : 04
- केंद्रीय कारागार जमशेदपुर : 40
- मंडल कारा सिमडेगा : 03

शुभम संदेश
एक राज्य - एक अखबार

ॐ सरस्वती मया दृष्ट्वा, वीणा पुस्तक धारणीम।
हंस वाहिनी समायुक्ता मां विद्या दान करोतु में ॐ।।

### साड़ी पहन ईठलाईं बच्चियां

बच्चों के लिए मां सरस्वती का पूजनोत्सव भक्ति के साथ मस्ति का सौगात लेकर आता है. मोहल्ले और शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित पूजा में सभी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं. ऐसे में बच्चे जहां पीला वस्त्र धारण कर भक्ति के साथ दोस्तों संग मस्ति में मस्त रहे, वहीं बालिकाएं पीला-निला, गुलाबी साड़ी पहन खूब इठलइ. पूजन स्थल के पास छोटे-बड़े बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था.



# मां सरस्वती की महिमा अपरंपार सबने मिलकर किया जय-जयकार

**राजन बॉबी ।रांची**

माघ शुक्ल पक्ष पंचमी बुधवार को मां सरस्वती के पूजनोत्सव से राजधानी गुलजार रही. बच्चों ने घर-घर तो मां की पूजा की. स्कूल-कॉलेजों सहित कई शैक्षणिक संस्थानों में भी मां शारदे की पूजा की गयी. चौक-चौराहों से लेकर गली-कूचों तक वीणा वादिनी के पूजनोत्सव की धूम रही. कहीं पहाड़ तो कहीं दरबार में विराजमान मां के दर्शन को तांता लगा रहा. किसी ने हंस वाहिनी से बुद्धि और विद्या का वर मांगा तो किसी ने सफलता के लिए प्रार्थनाएं की. कई अभिभावकों ने अपने नन्हे-मुन्नों का विद्यारंभ भी कराया. बरियातु रोड सहित कई जगहों पर पूजा पंडालों का प्रारूप अयोध्या के श्रीराम मंदिर के थीम पर सजाया गया था, जिसे लोगों ने खूब सराहा. कैप्टन क्लब, शिवगंज किशोरगंज में मां की प्रतिमा संग श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता सहित हनुमान जी आदि की प्रतिमाएं मन मोहती रही. यहां पूजनोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया.

## उतारी मां की आरती



मां त्रिशक्ति देवी मंदिर में विराजमान मां सरस्वती, लक्ष्मी और मां दुर्गा के समक्ष बुधवार की साढ़े छह बजे सुहागिनों और बच्चचों ने सामूहिक आरती उतार श्रद्धा का पुष्प चढ़ाया. यहां मंदिर के चौथे वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन सुबह स्थापना पूजन आदि अनुष्ठान चला. शाम सात बजे मां की आरती उतारी गयी. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया. अब गुरुवार को उत्सव के अंतिम दिन पूर्वाह्न 11 बजे हवन-पूजन के बाद वृहत रूप में भंडारा चलाया जायेगा. सुजीत सिंह, निशांत यादव, मुनचुन राय, सुजीत सिंह, अमित अग्रवाल, सुनील वर्णवाल, मनीष केशरी, अर्पित सिंह, गौतम वर्मा, संतोष ठाकुर, चंदन वर्मा, बिट्टू दिव्य, आर्य कुमार, दीपक कुमार, ऋषभ सिंह, रंजन वर्मा आदि इसके सफल आयोजन में मुख्य रूप से भागीदारी निभा रहे हैं.

**बारिश ने डाली खलल...**

मां सरस्वती पूजा में वर्षा की खलल पड़ी. एक दिन पूर्व बूंदाबांदी से शुरू हुई बारिश झमाझम बरसी. इससे कई पूजा स्थलों में देर रात तक पंडाल सजाने के बाद भी तैयारी पूरी नहीं हुई. बुधवार को दिनभर साज-सजा का काम चला. शाम 4 बजे तक पूजा-अर्चना की गयी. लेकिन शाम सात बजे पुन: झमाझम बारिश होने से आयोजकों को कई परेशानियों का सामना कराना पड़ा.

### 23 से जेएससीए स्टेडियम में भारत-इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट, जल्दी खरीद लें टिकट



**रांची।** राजधानी रांची के जेएससीए स्टेडियम में 23 से 27 फरवरी तक भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मुकाबला खेला जाना है. इसको लेकर जेएससीए स्टेडियम में तैयारी की जा रही है. बुधवार को जेएससीए ने जानकारी देते हुए बताया कि जमशेदपुर में 19 फरवरी को और रांची में 20 फरवरी से मैच के टिकट उपलब्ध हो जाएंगे. रांची के खेल प्रेमी 20 फरवरी से काउंटर से टिकट ले सकेंगे. बता दें कि टिकट की कीमत में खाना-पीना शामिल नहीं है.

| सीट | प्रतिदिन |
|---|---|
| ▪ ए विंग लोअर | 400 रुपए |
| ▪ ए विंग लोअर टियर | 400 रुपए |
| ▪ बी विंग | 500 रुपए |
| ▪ सी विंग लोअर टियर | 400 रुपए |
| ▪ डी विंग लोअर टियर | 400 रुपए |
| ▪ अमिताभ चौधरी पवेलियन | 700 रुपए |
| ▪ प्रेसिडेंट एंक्लोजर | 2000 रुपए |
| ▪ हॉस्पिटैलिटी ब्लॉक | 1500 रुपए |
| ▪ कॉर्पोरेट लाउन्ज | 1200 रुपए |

### पहले बसंत सोरेन, अब भाभी सीता भी हेमंत को लेकर मंच पर हुई भावुक



**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के बाद उनकी भाभी सीता सोरेन भी उन्हें मिस कर रही हैं. बुधवार को खरसांवा में आयोजित एक कार्यक्रम के मंच पर उन्होंने हेमंत सोरेन को मिस करते हुए कहा कि वे अक्सर ऐसे मंच पर हेमंत जी को आते देखा है. आज वे नहीं है. उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत भाजपा ने फंसाया. जब यहां पर वे लोग अपनी मंशा को स्थापित नहीं कर पाए तो इस तरह का षड़यंत्र रचा गया. इसका जवाब जनता खुद देगी. झामुमो हार मानने वाली और संघर्ष से पीछे हटने वाली पार्टी में से नहीं है. संघर्ष ही हमारी असली ताकत है.

### मौसम का बदला मिजाज, आज भी हो सकती है बारिश

# ओलावृष्टि के साथ झमाझम बारिश से शहर हुआ पानी-पानी

**रवि भारती।रांची**

*राजधानी रांची में तो ओला की सफेद चादर बिछ गयी, बारिश के कारण राज्य के कई जिलों के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, बारिश होने से जनजीवन भी अस्त व्यस्त हो गया है.*

झारखंड में जोरदार बारिश ने बुधवार की शाम मॉनसून की याद दिला दी. फिलहाल गुरुवार तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा. इधर बुधवार की शाम राजधानी रांची सहित कई जिलों मे गर्जन के साथ झमाझम बारिश हुई. साथ में कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हुई. राजधानी रांची में तो ओला की सफेद चादर बिछ गयी. बारिश के कारण राज्य के कई जिलों के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. बारिश होने से जनजीवन भी अस्त व्यस्त हो गया है. फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है. सुबह से ही राजधानी में आंशिक बादल छाए हुए थे. दोपहर में हल्की धूप खिली, लेकिन शाम होते-होते फिर से बादल छा गये. करीब शाम 7 बजे के आसपास से मेघगर्जन के साथ बारिश चालू हो गयी.

बारिश की वजह से राज्य के कई हिस्सों में मौसम के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. बुधवार को सरस्वती पूजी भी थी और ऐसे में लोग पूजा पंडालों में मां सरस्वती के दर्शन के पहुंच रहे थे, लेकिन बारिश की वजह से राजधानी के कई मोहल्लों में जलजमाव जैसी स्थिति आ गई, जिससे सरस्वती पूजा को लेकर लोगों का उत्साह भी कम हो गया. नामकुम सहित कई हिस्सों में ओलावृष्टि हुई है जबकि शहर के कई इलाकों में जलजमाव हो गया, जिससे लोगों को परेशानी हुई.

**इन इलाकों में आज भी होगी ओलावृष्टि के साथ बारिश :** इधर, राज्य के मौसम को लेकर विभाग के बताया है कि अगले 16 फरवरी तक राजधानी सहित राज्य के कई हिस्सों में मौसम के ऐसे ही बने रहने की आशंका है. इस बीच रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में मेघगर्जन और तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है. इसे लेकर विभाग की तरफ से येलो अलर्ट भी जारी कर दी गई है. 16 के बाद 17 फरवरी से राज्य में मौसम पूरी तरह से साफ हो जाएगा. इसका अनुमान मौसम विभाग केंद्र ने लगाया है. इसके साथ ही विभाग ने मौसम का पूर्वानुमान जारी कर दिया है.





### बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त कीचड़मय हुई राजधानी

बुधवार की देर शाम हुई बारिश से पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया. राजधानी की लगभग सभी सड़कों में जलजमाव की स्थिति बन गई. नालियां भी ओवर फ्लो हो गई. राजधानी में बन रहे फ्लाईओवर के कारण सड़कों में कीचड़ भर गया. नालियों के जाम होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर बहने लगा. इससे वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानी हुई. सड़क किनारे ही कचरा डंप होने व उसके ऊपर से वाहन गुजरने के कारण चेशायर होम रोड, मेन रोड, अपर बाजार, दीपाटोली रोड, कांटाटोली व सामलौंग रोड में कचरा सड़कों पर फैल गया. इससे आने-जानेवालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

### गढ़वा में बड़ी वारदात : विधायक ने घटनास्थल का जायजा लिया

# जेवर दुकान से डेढ़ करोड़ की लूट



घटना के बाद लगी भीड़.

- 3 लुटेरों ने पिस्टल की नोंक पर दिया घटना को अंजाम, आराम से भाग निकले
- गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी, जल्द पकड़ने का दावा

**संवाददाता।रांची/गढ़वा**

गढ़वा के गढ़देवी मोड के पास स्थित रूप अलंकार ज्वेलर्स नामक प्रतिष्ठान में मंगलवार की रात्रि करीब डेढ करोड रुपए के जेवर की लूट हो गई. एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने इस घटना अंजाम दिया. लूट के बाद अपराधी हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले. घटना से आक्रोशित दुकानदारों एवं शहरवासियों ने सड़क पर उतर कर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया. घटना की जानकारी मिलने के बाद गढ़वा विधायक और पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, एसपी दीपक पांडेय ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली.

**ग्राहक बन कर आए अपराधी :** घटना के संबंध में प्रत्यक्ष दर्शियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि करीब आठ बजे दो मोटरसाइकिल से छह लोग ग्राहक के रूप में दुकान में आए. बताया जाता है कि तीन लोग दुकान के अंदर से और तीन लोग बाहर. पिस्टल की नोक पर 20 मिनट तक दुकान के अंदर लूटपाट की. अपराधियों ने घटना के बाद दुकानदार को घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी. घटना को अंजाम देने के बाद जाते-जाते अपराधियों ने तीन हवाई फायरिंग भी की. इस दौरान अपराधियों ने एक दुकानदार पर निशाना लगाया. लेकिन दुकान मालिक की कनपटी को छूते हुऐ गोली निकल गई. थाना में दिए गए आवेदन में दुकानदार ने कहा कि तीन अपराधी दुकान में ग्राहक बन कर आए. उन्होंने अंगूठी खरीदने की बात कही. जिसके बाद एक-एक कर तीनों अपना हथियार काउंटर पर रख कर धमकी दी और दुकान के सभी जेवर को अलमीरा से निकाल कर थैला में रखने को कहा. इसके बाद तीनों लोग दुकान में रखें सभी जेवर लगभग तीन किलो 800 ग्राम लेकर फायरिंग करते हुए फरार हो गए. घटना की जानकारी मिलने के बाद स्वर्णकार संघ के लोगों ने घटनास्थल पर पहुंच कर पुलिस के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त किया.

**शहर के वीआईपी इलाके कांके रोड में बड़ी वारदात**

### कार का शीशा तोड़ कर 14 लाख रुपये की चोरी, अब तलाश में जुटी है पुलिस



**रांची।** राजधानी के सबसे वीआईपी इलाके कांके रोड में अपराधियों ने बुधवार को एक व्यक्ति की कार का शीशा तोड़ कर 14 लाख रुपये उड़ा लिए. घटना गोंदा थाना क्षेत्र के कांके रोड स्थित राम मंदिर के पास की है. मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाला, तो पाया कि बाइक सवार दो अपराधी कार का शीशा तोड़ कर बैग निकाल कर फरार हुए हैं. पुलिस इलाके में छापेमारी कर रही है. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस अपराधियों की शिनाख्त करने में जुटी है. स्थानीय लोगों से भी मदद ले रही है.

**क्या है मामला :** जानकारी के अनुसार कांके रोड स्थित राम मंदिर के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास डब्ल्यूबी 74 ए 8777 नंबर की एक उजले रंग की कार खड़ी थी. इसी बीच एक बाइक पर सवार दो युवक मौके पर पहुंचे और एक ठोस वस्तु से कार के बायें तरफ के पीछे वाले शीशा को तोड़ा और पिछली सीट पर रखा रुपयों से भरा बैग लेकर बाइक से ही तेज गति से फरार हो गये. बताया जा रहा है कि जिस समय उच्चकों ने रुपयों से भरा बैग निकाला उस समय कार का ड्राइवर भी वहीं मौजूद था, लेकिन सब कुछ इतनी जल्दी में हुआ कि वह कुछ नहीं कर पाया.

**दुकानदार ने दिखाई हिम्मत, पिस्टल छोड़ भागे बदमाश**

### ज्वेलरी दुकान में लूट का प्रयास विफल




**रांची ।** पुंदाग ओपी क्षेत्र के व्यस्त इलाके में जेवर दुकान को दिन में ही तीन बदमाशों ने लूटने की कोशिश की, लेकिन दुकानदार ने हिम्मत दिखाई और बदमाश हथियार दुकान में ही छोड़ भाग निकले. दुकान के मालिक दीपेश व उनके पिता मनोज वर्मा की दिलेरी के सामने बदमाशों ने अपना हथियार, बाइक और बैग दुकान में ही छोड़ दिया और फरार हो गए. दुकान मालिक दीपेश ने बताया कि बदमाशों ने दुकान से आधा दर्जन सोने की चेन लूट कर भाग गये. सूचना मिलते ही सिटी एसपी राजकुमार मेहता, डीएसपी हटिया, अरगोड़ा थानेदार, पुंदाग व पंडरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन की. पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी में जुटी है.

**कहां हुई घटना :** पुंदाग ओपी क्षेत्र के अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड पर यह घटना हुई. बुधवार की दोपहर में 3 बदमाश गुलदस्ता लेकर दुकान में आए. तीनों ने हथियार निकाल कर मालिक दीपेश वर्मा को कब्जे में लेने की कोशिश की, लेकिन दीपेश के पिता मनोज वर्मा भी दुकान में थे. दोनों बाप बेटे अपराधियों से भिड़ गए. हाथापाई हुई. चूंकि जेवर दुकान सड़क के पास है, ऐसे में आसपास के लोग भी जमा हो गये. इसके बाद तीनों अपराधी किसी तरह मौके से फरार हो गए. बदमाशों की पिस्टल भी मौके पर गिर गयी.सिटी एसपी ने बताया,पुलिस के हाथ सीसीटीवी फुटेज भी लगी हैं. उसी से बदमाशों की तलाश की जा रही है. फुटेज से अपराधियों की शिनाख्त हो गई है.

**आओ बचाएं एचईसी**

### भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कारखाना बचाने का लेंगे संकल्प

# एचईसी के कामगार कल बाल-बच्चों के साथ रैली निकालेंगे

**संवाददाता।रांची**

एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति का आह्वान पर निगम के कर्मचारी बकाया वेतन भुगतान की मांग के साथ ही साथ कारखाना को बचाने के लिए परिवार के सदस्यों, बाल-बच्चों के साथ 16 फरवरी को रैली निकालेंगे.

ज्ञात हो कि एचईसी के 2700 कर्मचारियों को पिछले 20 माह से वेतन नहीं मिला है. निगम के कर्मचारी बकाया वेतन तो मांग ही रहे हैं, कारखाना को भी हर हाल में चलाने के लिए केंद्र सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं. कर्मचारियों का कहना है कि केंद्र सरकार वर्किंग कैपिटल दे दे, तो कामगार दिन-रात मेहनत कर वर्कआर्डर पूरा कर कारखाना को अपने पैरों पर खड़ा करने की जी-तोड़ कोशिश करेंगे. कामगारों का कहना है कि वे हर हाल में देश ही नही बल्कि एशिया के इस गौरव को बचाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे.

**भाजपा कार्यालय का घेराव करने की तैयारी में कामगार :** एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के आह्वान पर कामगार अपनी लंबित मांगों की पूर्ति के लिए 22 फरवरी को हरमू स्थित भाजपा कार्यालय का घेराव करने की तैयारी में है. घेराव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एचईसी कर्मी हिस्सा लेंगे. कर्मचारियों के अलावा एचईसी कॉलोनी में रहनेवाले व्यवसायियों, समाज सेवियों से अन्य संगठनों के लोगों से भी घेराव कार्यक्रम में हिस्सा लेने की अपील की गयी है.

### 22 को भाजपा कार्यालय का घेराव करेगी मजदूर जनसंघर्ष समिति



**कामगार परिवार के साथ रैली में शामिल होंगे : भवन सिंह**

भवन सिंह ने बताया कि समिति ने से निर्णय लिया है कि शुक्रवार को एचईसी बचाओ देश बचाओ रैली निकलेगी. इसमें एचईसी के कर्मचारी, ठेका मजदूर अपने परिवार के साथ शामिल होंगे. रैली एचईसी मुख्यालय के पास निकलकर बिरसा चौक तक जाएगी. सबसे पहले बिरसा मुंडा की प्रतिमा में माल्यार्पण कर एचईसी को बचाने का संकल्प लिया जाएगा. निगम मुख्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में हरेंद्र यादव, दिलीप सिंह, मनोज पाठक, लालदेव सिंह, अर्जुन राम, राम कुमार नायक, विनय महली, समीर सिंह, एसके मुखर्जी, महेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, राजकुमार रजक, प्रमोद कुमार, हिमेश पांडे, उद्देश कुमार, अमर कुमार, अमरेंद्र कुमार, सिराज बारला के अलावा अन्य बड़ी संख्या में कामगार शामिल थे.

**जारी है एचईसी के सभी कामगारों का आंदोलन**

एचईसी मजदूरों का आंदोलन पिछले 28 दिनों से जारी है. आंदोलन का आठ मजदूर संगठन समर्थन कर रहे हैं. सारे कर्मचारी अपने काम व बकाये वेतन के लिए रोजाना एचईसी मुख्यालय के सामने अपनी ड्यूटी देने पहुंचते हैं. सुबह 8 बजे से संध्या 5 बजे तक कर्मचारी वहीं जमे रहते हैं. कैंटीन में समाजसेवी, पूर्व वार्ड पार्षद, राजनीतिक दलों के नेताओं के सहयोग से खाना बनता है, जिससे कर्मी दोपहर में भोजन करते हैं.

**वेतन नहीं मिलने से आर्थिक स्थिति खराब**

कमागारों का कहना है कि वेतन न मिलने से स्थित खराब हो गई है. कर्ज के बोझ में दबते जा रहे हैं, अब तो कोई कर्ज देना नहीं चाहता है. कामगारों का कहना है उन्हें सिर्फ बकाया मिले और काम मिले. हम हर हाल में कारखाना को बचाना चाहते हैं. वेतन न मिलने से बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ा है. फीस नहीं दे पाने से स्कूल प्रबंधन बच्चों को नाम काटने की चेतावनी देता है. वहीं दुकानदार भी अब उधार में राशन नहीं देना चाहते हैं.

# आर्किटेक्ट विनोद को ईडी ने भेजा समन, आज पूछताछ के लिए बुलाया

### मंगलवार को भी ईडी ने कई ठिकानों पर की थी रेड

**संवाददाता।रांची**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के करीबी माने जानेवाले आर्किटेक्ट विनोद सिंह को भी ईडी ने समन किया है. ईडी ने उन्हें समन भेजकर गुरुवार को पूछताछ के लिए बुलाया है. इससे पहले ईडी ने बीते तीन जनवरी और 13 फरवरी को विनोद सिंह के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी.

इस दौरान ईडी को विनोद सिंह और हेमंत सोरेन के बीच हुए वॉट्स एप चैट का पूरा ब्योरा मिला था, जिसमें बरियातू की 8.5 एकड़ जमीन के लिए बैंक्वेट हाल का नक्शा तो मिला ही था, इसके अलावा अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग व प्रतियोगी परीक्षा के परीक्षार्थियों के लिए अनुशंसाएं व आग्रह भी था. हेमंत सोरेन और विनोद सिंह के बीच 201 पन्नों का नया चैट निकाला गया है.

**विनोद सिंह और भानु बन सकते हैं सरकारी गवाह :** बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद और विनोद सिंह सरकारी गवाह बन सकते हैं. जमीन घोटाला मामले की जांच में दोनों से ईडी को छानबीन में बहुत सहयोग मिला है. बताया जा रहा है कि इनसे मिले इनपुट के आधार पर ईडी को अनुसंधान में बहुत तथ्य मिले हैं, जो केस को मजबूती देंगे. छह अप्रैल 2021 को विनोद सिंह ने बैंक्वेट हॉल का नक्शा हेमंत सोरेन को चैट के जरिए भेजा था. ईडी का दावा है कि इस चैट में जो लोकेशन दिया गया है, वह बरियातू की 8.5 एकड़ जमीन का है.

## रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ संजय कुमार सिंह
- सर्जिकल आंकोलॉजीः डॉ अजित कुमार कुशवाहा
- ऑर्थोपेडिकः डॉ विनय प्रभात
- कार्डियोलॉजीः डॉ प्रशांत कुमार
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्रः डॉ दीपक लकड़ा
- ऑब्स गायनीः डॉ मीणा मेहता
- ईएनटीः डॉ संदीप कुमार
- रेडिएशन ऑकोलॉजीः डॉ अनूप कुमार
- सीटीवीएसः डॉ अंशुल कुमार
- नेफ्रोलॉजीः डॉ प्रज्ञा घोष पंत
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ अभिषेक रंजन

## सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ आशुतोष कुमार, डॉ अरुणोदय और डॉ सत्येंद्र
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ किरण चंदेल, डॉ अनुवी
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ मृत्युंजय
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ जैनेंद्र कुमार
- कार्डियोलॉजीः डॉ राकेश झा
- सर्जिकल अंकोलॉजीः डॉ प्रकाश भगत
- नेफ्रोलॉजीः डॉ नवीन कुमार बर्णवाल

## शहर में आज

1. एचईसी मुख्यालय में धरना जारी, दिन के 8 बजे से
2. नगर विकास विभाग का 2 दिवसीय वर्कशाप, होटल बीएनआर चाणक्य में दिन के 11 बजे
3. जेएमएम का अनशन, बापू वाटिका में दिन के 10 बजे
4. कैबिनेट की बैठक, विधानसभा में संध्या 4 बजे
5. आजसू पार्टी का मिलन समारोह, आजसू मुख्यालय में दिन के 11 बजे
6. शहर के विभिन्न हिस्सों में कार्यक्रम दिन के 10 बजे

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

### संयुक्त किसान मोर्चा, ट्रेड यूनियन ने कल आम हड़ताल एवं ग्रामीण भारत बंद का किया आह्वान, सड़कों पर उतरेंगे किसान

# किसानों पर बर्बरतापूर्ण पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में पीएम का पुतला फूंका

**संवाददाता। रांची**

अल्बर्ट एक्का चौक स्थित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा एवं संयुक्त ट्रेड यूनियन के बैनर तले प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया. इसमें दिल्ली बॉर्डर पर केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर किसानों पर की जा रही पुलिसिया कार्रवाई व बर्बरता पूर्ण कार्रवाई का विरोध किया गया.

इसके बाद अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया. पुतला दहन कार्यक्रम में अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव महेंद्र पाठक, अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के महासचिव अशोक यादव, किसान सभा के अजय कुमार सिंह,बीकेएमयू के राज्य सचिव इम्तियाज खान, सिटी बस यूनियन के नीरज सिंह, इंटक के प्रवीण दुबे,सीटू के प्रतीक मिश्रा, झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची किसान संघ के अध्यक्ष झवलू लाल महतो, राष्ट्रीय जनता दल किसान मोर्चा के रंजन यादव, संतोष कुमार समेत कई संगठनों के लोग शामिल थे.

मौके पर सुफल महतो इंटक के सिमरन मिंज, अवधेश सिंह, कृष्ण वर्मा, जगन्नाथ उरांव, पुरंदर महतो, एकता प्रतीक मिश्रा, संतोष कुमार, नागेंद्र चौधरी, सुदामा खलखो, भीम सिंह मुंडा, वीरेंद्र कुमार आदि कई संगठन एवं सामाजिक संगठनों के लोग भी थे.



### मांगों के लिये दिल्ली जा रहे आंदोलनकारियों पर कार्रवाई

संयुक्त किसान मोर्चा एवं संयुक्त ट्रेड यूनियन के नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में, एमएसपी लागू कर, किसानों पर किए गए मुकदमों को वापस लेने, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करने, ड्राइवरों के विरोध में बनाए गए काले कानून को वापस लेने समेत कई मांगों के समर्थन में किसान दिल्ली जा रहे थे. इस क्रम में केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर दिल्ली पुलिस द्वारा बॉर्डर पर वॉटर कैनन, आंसू गैस के गोले छोड़ने के साथ ही साथ लाठी चार्ज सहित कई तरह की कार्रवाई आंदोलनकारियों पर की जा रही है.

### 16 को आम हड़ताल, ग्रामीण भारत बंद में जुटेंगे किसान

संयुक्त किसान मोर्चा एवं संयुक्त ट्रेड यूनियन के नेताओं ने 16 फरवरी के आम हड़ताल एवं ग्रामीण भारत बंद को सफल बनाने के लिए आम लोगों से अपील किया कि कोयला के खनन कार्य एवं ट्रांसपोर्टिंग बंद रहेंगे. बैंक, एलआईसी समेत सारे लोग सरकारी कार्य बंद रखेंगे, सारे मजदूर हड़ताल पर रहेंगे. ग्रामीण क्षेत्रों में भी हड़ताल पर रहेंगे और जगह-जगह पर छोटी-बड़ी जुलूस निकाल कर केंद्र की मोदी सरकार के विरोध में सड़कों पर किसान मजदूर का हुजूम जुटेगा.

### सीएम बोले- निजी औद्योगिक संस्थानों को सशर्त रियायत मिलेगी

# 75% नौकरी स्थानीय को दें

**रखी बात**

- सामाजिक, आर्थिक समेत अन्य व्यवस्थाओं को करना होगा मजबूत
- प्रभावी व बेहतर ढंग से नीतियों को धरातल पर उतारा जाएगा

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा है कि राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है. राज्य के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली-पानी, सड़क समेत तमाम आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जाएगा. यहां औद्योगिक समूहों को सरकार की ओर से कई रियायत तथा सुविधाएं दी जाएंगी. लेकिन तमाम कंपनियों और संस्थानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि स्थानीयों को 75 प्रतिशत नौकरी दें. राज्य सरकार ने इस बाबत जो कानून बनाया है, उसका हर हाल में पालन करना होगा.

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि युवाओं को रोजगार देने के लिए राज्य सरकार समुचित कदम उठा रही है. वे बुधवार को सरायकेला-खरसावां के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा में मीडिया से बातचीत कर रहे थे.



### खनिज संसाधनों का नहीं मिल रहा अपेक्षित लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है जो खनिज संसाधनों के मामले में काफी संपन्न है, लेकिन अफसोस इस बात का है कि इसका फायदा इस राज्य को नहीं मिल रहा है. आज भी यहां के ग्रामीण इलाकों की स्थित अच्छी नहीं है. ग्रामीण वर्षों से तरह-तरह की समस्याओं और परेशानियों को झेलते आ रहे हैं. यही वजह है कि जब हेमंत सोरेन ने वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री का पद संभाला, तो तमाम विपरीत परिस्थितियों के बीच ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए. हमारा प्रयास है कि शहरों की तरह गांवों में भी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम हो रहा है. मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के माध्यम से शहर और गांवों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाई जा रही है.

### फ्लाईओवर बनाने का काम तेजी से चल रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन ने जब सत्ता संभाली थी, तब कोरोना जैसी वैश्विक महामारी ने झारखंड समेत पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया था. 2 वर्ष तो सिर्फ कोरोना से जंग में ही गुजर गए. लेकिन, अगले दो वर्षों में उन्होंने जिस तरह अपनी नीतियों और कार्य योजनाओं के माध्यम से विकास को गति दी, उससे झारखंड को अलग पहचान मिली है. उन्होंने कहा कि राजधानी रांची को जाम से निजात दिलाने के फ्लाईओवर निर्माण का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है.

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने चार वर्षों के कार्यकाल में विकास और जनकल्याण के लिए जो नीतियां और योजनाएं बनाईं, उसे और प्रभावी एवं बेहतर ढंग से धरातल पर उतारने का काम किया जाएगा.

सीएम चंपाई सोरेन ने जोर देते हुए कहा कि झारखंड को अगर आगे ले जाना है तो यहां की सामाजिक-आर्थिक-शैक्षणिक और स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करना होगा.



### वृंदा करात ने कल्पना सोरेन से मुलाकात की

**रांची।** माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात के साथ राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान और समीर दास ने हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से मुलाकात कर उनके साथ पूरी एकजुटता व्यक्त की. वृंदा करात ने कहा कि भाजपा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को निशाना बनाए जाने के खिलाफ सीपीआई (एम) उनके परिवार के साथ खड़ा है. कल्पना सोरेन ने कहा कि संघर्ष जारी रहेगा और झारखंड भाजपा के आगे नहीं झुकेगा.

# पूर्व सीएम हेमंत सोरेन आज भेजे जाएंगे होटवार जेल

**सौरभ सिंह। रांची**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की 13 दिनों के ईडी रिमांड की अवधि गुरुवार को समाप्त हो रही हैं. जिसके बाद ईडी की टीम उन्हें ईडी की विशेष अदालत में पेश करेगी. पेशी के साथ उन्हें बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया जाएगा. गौरतलब है कि हेमंत सोरेन को ईडी ने ज़मीन घोटाले मामले में बीते 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था. इसके बाद उन्हें तीन बार रिमांड पर लेकर कुल 13 दिनों तक पूछताछ की जा चुकी है.

**ईडी की जांच में हेमंत और विनोद सिंह की 201 पन्ने की चैट आयी सामने :** कोर्ट में हेमंत की पेशी के दौरान ईडी ने अदालत के समक्ष दावा किया है कि हेमंत और विनोद सिंह के बीच 201 पन्नों का नया चैट निकाला गया है. ईडी का दावा यह भी है कि इस चैट में बरियातू की 8.5 एकड़ हेमंत सोरेन के कब्जे वाली जमीन पर होने वाले निर्माण से संबंधित कई मामले हैं. जो पीएमएलए 2022 के अंतर्गत आते हैं. ईडी द्वारा पहले के रिमांड में यह भी कहा गया है कि व्हाट्सएप चैट में न केवल कई संपत्तियों के बारे में गोपनीय जानकारी का आदान-प्रदान शामिल है, बल्कि ट्रांसफर-पोस्टिंग, सरकारी रिकॉर्ड साझा करने आदि से संबंधित अन्य आपत्तिजनक जानकारी भी शामिल है, जिसमें से बड़ी रकम भी शामिल है. ऐसा प्रतीत होता है कि धन का सृजन और लेन-देन किया गया है.

**बैक्वेट हॉल के निर्माण का नक्शा हेमंत सोरेन को चैट कर भेजा था :** 6 अप्रैल 2021 को विनोद सिंह ने बैक्वेट हॉल के निर्माण का नक्शा हेमंत सोरेन को चैट के जरिए भेजा था. ईडी का दावा है कि इस चैट में जो लोकेशन दिया गया है, वह बरियातू स्थित 8.5 एकड़ जमीन है. उस जमीन पर हेमंत सोरेन का कब्जा है. ईडी ने कोर्ट को बताया कि हेमंत सोरेन संपत्ति से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी साझा नहीं कर रहे हैं.

### ईडी के खिलाफ झामुमो का आज सभी जिलों में अनशन

**रांची।** ईडी ऑफिस में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करने और उनके साथ अमानवीय व्यवहार के विरोध में झामुमो गुरुवार को सभी जिलों में अनशन करेगा. पार्टी केंद्रीय समिति द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका के समक्ष एक दिवसीय भूख हड़ताल होगा. उक्त जानकारी देते हुए रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने बताया कि केंद्र की भाजपाई सरकार द्वारा केन्द्रीय जांच एजेंसी का दुरुपयोग कर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करने का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है.

# एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष का बयान छात्र विरोधी : आजसू

**संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा है कि एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अमीर हाशमी ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पत्र लीक मामले में जो बयान दिया, वह छात्र विरोधी है. इन्हें छात्रों के हित से कोई लेना देना नहीं है, केवल अखबारों के सुर्खियों में बने रहने के लिए छात्र विरोधी ब्यान देते हैं. जेएसएससी सीजीएल की सीटों का जब 27-27 लाख में सौदा हो रहा था, तब जेएमएम-कांग्रेस सरकार या तो सोई हुई थी या इसमें संलिप्त थी. 28 जनवरी को पेपर लीक उजागर होने पर जब सरकार ने एक हफ्ते तक कोई पहल नहीं की तब आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो द्वारा विधानसभा के विशेष सत्र में इस विषय को उठाये जाने पर सरकार सजग हुई और आनन फ़ानन में एसआईटी का गठन किया. आजसू इस एसआईटी से संतुष्ट नहीं है. इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए. एनएसयूआई ने कभी भी छात्र हित में कोई काम नहीं किया है.

**सीबीआई जांच के लिए सभी उपायुक्तों को पत्र सौंपेगा आजसू :** जेएसएससी सीजीएल प्रश्न पत्र लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर आजसू द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है. इसी कड़ी में 15 फरवरी को आजसू सभी जिले के उपायुक्तों के माध्यम से राज्यपाल को स्मार-पत्र सौंपेगा. आजसू के कार्यकर्ता 17 फरवरी को राजभवन के समक्ष प्रदर्शन करेंगे. इससे पूर्व आजसू द्वारा 12 फरवरी को सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में हस्ताक्षर अभियान और 13 को राज्यभर में मशाल जुलूस का आयोजन किया गया था.

**खास बातें**

- डीसी के माध्यम से राज्यपाल को स्मार-पत्र सौंपेगा आजसू
- एनएसयूआई को छात्र हित से कोई लेना देना नहीं : ओम

### सीबीएसई 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा आज से

**रांची।** सीबीएसई बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षा गुरुवार से शुरू हो रही है. रांची जोन में शामिल 6 जिले रांची, सिमडेगा, लोहरदगा, लातेहार, खूंटी व गुमला में कुल मिलाकर 33 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. केवल रांची में ही सर्वाधिक 23 परीक्षा केंद्र बने हैं. इस बार पूरे राज्य से एक लाख 12 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे. इसमें 10वीं के 71,500 और 12वीं के 40,500 विद्यार्थी शामिल हैं. वहीं रांची से 10वीं बोर्ड के 13 हजार और 12वीं बोर्ड से करीब 10 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे.

### पुलवामा के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित की

**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति द्वारा बुधवार को मोराबादी मैदान स्थित ऑक्सीजन पार्क में पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों की श्रद्धांजलि दी गई. इस दौरान सैकड़ों की संख्या में रांची वासियों ने दीप जला कर पुलवामा शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया. मौके पर राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव, निखिल गुप्ता, रवि कुमार, नितेश वर्मा, सावन लिंडा, जिमी गुप्ता, विजय तिर्की, अनुज कश्यप, अनुराग तिर्की, रवि शर्मा, पिंटू लाल, अजीत गुप्ता, सत्येंद्र सिंह,, चंदन रजक, आर्यन मेहता, निक्की कुमार, रोहित यादव, रिकी वर्मा सहित बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य शामिल हुए.

# झारखंड के साथ झामुमो का इतिहास अन्याय का : भाजपा

**संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा है कि झामुमो का इतिहास और वर्तमान दोनों झारखंड और झारखंडवासियों के साथ अन्याय से भरा पड़ा है. झामुमो ने जन भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हुए अलग राज्य आंदोलन के साथ अन्याय किया. आंदोलन की बोली लगाई और कांग्रेस के हाथों बेच दिया. यदि इनके मन में झारखंड को न्याय दिलाने की बात होती, तो आंदोलन के साथ खिड़वाड़ नहीं करते.

रमाकांत ने यह भी कहा कि सत्ता में आते ही झामुमो ने राज्य की जल, जंगल, जमीन के साथ अन्याय किया. हेमंत सोरेन और उनके परिवार के लोगों ने नाम बदल-बदल कर गरीबों के जमीन लूटे. अपने नाम पर माइंस की लीज ले ली. परिजनों के नाम पर आदिवासियों के लिए आरक्षित औद्योगिक भूमि को आवंटित करा दिया. अपने प्रतिनिधि और सहयोगियों को बालू और पत्थर लूटने की छूट दे दी. हेमंत सोरेन ने सेना की जमीन को भी नहीं छोड़ा.

**जेएसएससी की परीक्षा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई :** हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य के युवा,बेरोजगार, महिला, किसान,आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी के साथ केवल अन्याय किया. हर साल पांच लाख नौकरी तो नहीं दी. वहीं बेरोजगारी भत्ता के लिए राज्य के सात लाख बेरोजगार युवा तरस रहे हैं. जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई. पिछड़ा समाज पंचायत चुनाव में नीयत देखकर उम्मीद छोड़ चुका है. इससे ट्रिपल टेस्ट कराकर आरक्षण की उम्मीद बेमानी है. किसानों की ऋण माफी तो दूर धान खरीद के पैसे भी नहीं मिल रहे हैं.



**खास बातें**

- आंदोलन की बोली लगा कर कांग्रेस को बेचा : रमाकांत
- हेमंत सोरेन पर लगाया गरीबों की जमीन लूटने का आरोप

### भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने पदभार संभाला , कहा-

# झारखंड में बनेगी डबल इंजन सरकार

**संवाददाता। रांची**

भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय हरमू में पदभार ग्रहण किया. पदभार ग्रहण करने के बाद आरती सिंह ने कहा महिला मोर्चा अपना बेहतर प्रदर्शन करेगी. केंद्र और राज्य में दोनों जगह भाजपा की सरकार बनेगी. सभी क्षेत्रों में महिलाएं बहुत अच्छा कार्य कर रही है.

उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है. महिलाएं आज देश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं. इस दौरान देश की पूर्व विदेश मंत्री स्व. सुषमा स्वराज की जयंती भी प्रदेश कार्यालय में मनाई गई. संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह को शुभकामनाएं एवं बधाई दी. कहा कि आरती सिंह के नेतृत्व में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में महिलाएं बेहतर काम कर डबल इंजन की सरकार बनाएंगी. कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. सीमा सिंह ने किया.



### महिला मोर्चा ने टीएमसी के खिलाफ खोला मोरचा

**रांची।** भाजपा महिला मोरचा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ मोरचा खोल दिया है. महिला मोर्चा ने कहा है कि ममता के शासनकाल में बंगाल की बहू, बेटियों के साथ शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न चरण सीमा पर पहुंच गई है. बुधवार को विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने किया. आरती सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली क्षेत्र के टीएमसी जनप्रतिनिधि शेख शाहजहां ने वहां की मासूम बहू-बेटियों को बहला-फुसला कर उसे अपने ठिकानों पर ले जाते हैं और उसे कुछ दिन रख कर फिर उनका शारीरिक, मानसिक शोषण कर घर भेज देते हैं.

**बहू-बेटियों का शोषण कर रहे टीएमसी जनप्रतिनिधि : आरती**

लेकिन ममता बनर्जी की सरकार मूकदर्शक बन कर बैठी हुई है. बंगाल में लोकतंत्र पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है. इस दौरान महिला मोर्चा की सीमा शर्मा, गंगोत्री कुजूर, प्रदेश महामंत्री डॉक्टर सीमा सिंह, मंजू लता दुबे, उपाध्यक्ष रेणुका मुर्मू, सरिता पांडे, रूपा सिंह, मंत्री रेणु तिर्की, रीता शर्मा, मीडिया प्रभारी नीलम चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी रंजीत सिंह, कोषाध्यक्ष रमा सिन्हा, प्रवक्ता सुचित सिंह, कार्यालय मंत्री बबीता वर्मा, रेखा महतो, प्रमंडलीय पदाधिकारी अर्चना सिंह, रितु रानी सिंह, कार्य समिति सदस्य अमिता भाटिया, लक्ष्मी कुमारी, रागिनी सिंह, निशि जयसवाल, पूनम आनंद, काजल प्रधान, रीता छेत्री, कुमुद झा, सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, महामंत्री, जिला परिषद सदस्य मौजूद थीं.

**संघ की मांग**

### एचईसी को बचाने और चलाने को अगर तैयार है प्रबंधन, तो रूपरेखा बताए

# श्रमिक संघों को साथ लेकर बने योजना : भवन सिंह

**संवाददाता। रांची**

एचईसी बचाओ जन संघर्ष समिति के भवन सिंह ने कहा कि एचईसी प्रबंधन बताएं कि दीपक दूबे और प्रशांत कुमार के आने के बाद जिन बिंदुओं पर सहमति बनी थी ,उस पर हस्ताक्षर क्यों नहीं हुए? बताएं कि सभी प्लांटों के प्रशासनिक भवन पर ताला 11 जनवरी से क्यों लगाया गया. पुराने परिस्थिति में क्या बदलाव आया कि अब प्रशासनिक भवन खुलवाना चाहते हैं ? क्या प्रबंधन को यह पता नहीं कि एचईसी ऑफिसर एशोसिएशन और श्रमिक संघ एक साथ होकर रोड मैप और वेतन भुगतान पर संघर्ष में साथ रहने की घोषणा की हैं. दोनों के संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर हैं और विज्ञप्ति भी प्रकाशित हो चुकी है. क्या अफसरों को रोड मैप और वेतन मिल गया या कोई समझौता हुआ है. यदि ऐसा है तो जानकारी दें. अगर प्रबंधन गंभीर हैं और चलाना चाहती है तो रूपरेखा दें, और चेयरमैन समेत चारों निदेशक श्रमिक संघों के साथ बैठक करें.



उन्होंने कहा कि एचईसी बर्बाद हो रहा है, मजदूर भुखों मरने की स्थिति में हैं, बच्चों को परीक्षा देने से रोका जा रहा है, पढ़ाई-लिखाई बंद हो रही है. निदेशक आते हैं, जाते है, संघर्ष समिति ने मुख्यालय जाने आने से कभी नहीं रोका, मुख्यालय तो खुला है, खुला ही रहेगा. निदेशक आयें, काम करें, और अपना वादा पूरा करें. एचईसी चलाने के लिए अपनी रूप रेखा बताएं, यही तो ऑफिसर एशोसिएशन और संघर्ष समिति की मांग है. उद्योग एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति ने कहा है कि एचईसी चलाने के लिए कच्चे माल के लिए पैसा और मजदूर को जीवन चलाने के लिए वेतन चाहिए. क्या ये प्रबंधन करने के लिए तैयार हैं, तो सहमति पत्र तैयार कर हस्ताक्षर करें और उद्योग चलाये. मजदूर बाहर आकर मुख्यालय के समक्ष काम मांग रहे हैं और काम के दाम का इंतजाम करने को ही कहा जा रहा है. प्रबंधन खुले मन से जो कर सकते हैं करें. हम सब यूनियन के साथ बैठकर उत्पादन, रकम की वसूली और कौन से काम करने से रकम आएगी, बातचीत कर एक्शन में लाएं. इस संकट की घड़ी में श्रमिक संघों को साथ लें और योजना बनाएं, एचईसी चलाया और बचाया जा सकता है, अभी भी अपार संभावनाएं बाकी हैं.

**खास बातें**

- निदेशक आयें, काम करें, और अपना वादा पूरा करें
- एचईसी को बचाने की अभी भी अपार संभावनाएं : संघ

### एकता भाईचारा पार्टी के नये सदस्यों का स्वागत

**रांची।** भारतीय एकता कमेटी की नई इकाई एकता भाईचारा पार्टी बनाई गई है. पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा हैं. कमेटी जनहित के सेवा कार्य शुरू से करती आ रही है. पार्टी गरीब, जरूरतमंदों को अपने सहयोग से ठंड से कंबल बांटना, स्कूली बच्चों में पाठ्य सामग्री वितरण करना, ईद, रामनवमी, क्रिसमस, प्रकाश पर्व आदि पर्व त्योहारों में शांति, एकता, भाईचारा बहाल करने पर कार्य करना, गंभीर रोगियों के इलाज में सहयोग करना आदि जनहित के कार्यों पर बुधवार को नई इकाई एकता भाईचारा पार्टी में सेंट जॉन स्कूल के निकट बड़ी संख्या में लोग जुड़े. लोगों ने पार्टी के सेवा कार्य को इसी गति से और आगे बढ़ाने पर बल दिया. जुड़े नये पदधारियों का पार्टी में स्वागत किया गया.

# अभिषेक श्रीवास्तव हत्याकांड टीपीसी कमांडर रिमांड पर

**संवाददाता। रांची**

कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव हत्याकांड में रांची पुलिस ने टीपीसी कमांडर भीखन गंझू को रिमांड पर लिया है. रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि उग्रवादी भीखन गंझू को रिमांड पर लेकर पूछताछ किया जायेगा. गौरतलब है कि बीते 20 मार्च 2022 को रांची पुलिस ने टीपीसी के जोनल कमांडर भीखन गंझू को गिरफ्तार किया था. रांची के तत्कालीन एसएसपी सुरेंद्र कुमार झा के निर्देश पर यह गिरफ्तारी हुई थी.



### टीपीसी ने ली थी जिम्मेवारी

रांची जिला के रातू थाना क्षेत्र के पिर्रा में बीते चार जनवरी को कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. हत्या के तीन दिन बाद टीपीसी उग्रवादी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी लेते हुए कहा था कि अभिषेक श्रीवास्तव को लगातार चेतावनी दी जा रही थी. जो पैसा संगठन का खाकर बैठा हुआ है, उसे वापस करने के लिए बोला जा रहा था. इसके अलावा क्षेत्र में जो भी कोयला का काम कर रहा था, उसे बंद करने के लिए बोला जा रहा था. लेकिन वह नहीं माना, जिस वजह से फौजी कार्रवाई की गई.

# राजधानी के विद्यालयों में धूमधाम से की गयी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना

## विवेकानंद विद्या मंदिर में हुई मां शारदे की पूजा-अर्चना

संवाददाता। रांची

धुर्वा सेक्टर-2 स्थित विवेकानन्द विद्या मंदिर स्कूल में सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया. पूजा समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर सेवानिवृत्त न्यायाधीश एन एन तिवारी शामिल हुए. इस दौरान छात्रों और शिक्षकों ने मां सरस्वती की आराधना कर पुष्पांजलि दी. इसके बाद लोगों के बीच प्रसाद भोग का वितरण किया गया. कार्यक्रम में सभी लोगों ने श्रद्धापूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. शाम में संध्या आरती की गई. वहीं कार्यक्रम का विद्यालय के युट्यूब एवं फेसबुक एकाउंट पर सीधा प्रसारण किया गया. कार्यक्रम में काशी नाथ मुखर्जी (अध्यक्ष,



विद्यालय प्रबंधन समिति), आदित्य बनर्जी (उपाध्यक्ष), अभय कुमार मिश्रा (सचिव), मलय कुमार नंदी (कोषाध्यक्ष), सपना मुखर्जी, डॉ. किरण द्विवेदी (ऑब्जर्वर), एस.पी. सिंह (प्रभारी प्राचार्य), अमिताभ लाहा (प्रभारी प्राचार्य), एकता मिश्रा (हेड मिस्ट्रेस), शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे.

## कडरू के स्टडी सर्कल कोचिंग संस्थान में पूजा

रांची। कडरू स्थित स्टडी सर्कल कोचिंग संस्थान में हर्षोल्लास के साथ सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बच्चों ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती की आराधना की. इसके बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. वहीं पूजन कार्यक्रम के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें सभी बच्चों ने बारी-बारी से अपनी रुचि के अनुसार गीत और नृत्य प्रस्तुत किए.



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में श्रद्धापूर्वक हुई आराधना



रांची। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में सरस्वती पूजा का धूम-धाम से आयोजन हुआ. इस अवसर पर प्राचार्य ललन कुमार ने पूजन-आरती कर मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया. विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारीगण ने पूरे मनोभाव से मां सरस्वती की आराधना एवं वंदना की. पुष्पांजलि एवं आरती के बाद सभी के बीच प्रसाद का वितरण हुआ. वहीं संध्या काल में पूजन, आरती के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. इस अवसर पर शिशु विकास मंदिर समिति (झारखंड) धुर्वा के अधिकारी एवं सदस्यों के साथ पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं शामिल हुए. इस दौरान समिति के अध्यक्ष शक्ति नाथ लाल दास, उपाध्यक्ष बीके जायसवाल, अखिलेश्वर नाथ मिश्र, सहमंत्री डॉ. धनेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष एस वेंकट रमण, अमरकांत झा, लाल अशोक नाथ शाहदेव, नर्मदेश्वर मिश्र, विनोद कुमार उपस्थित रहे. उल्लेखनीय है कि 51 वर्ष पूर्व सन् 1973 में बसंत पंचमी के दिन ही विद्यालय की स्थापना हुई थी.

# श्रद्धा-भक्ति के साथ पहाड़ी बाबा तिलकोत्सव

संवाददाता। रांची



### खास बातें

- वधू पक्ष की ओर से तिलक चढ़ाने पहुंचे श्रद्धालु
- मंदिर पहुंचने पर किया गया सभी का स्वागत
- शृंगार-पूजन के साथ बाबा को लगा छप्पन भोग

माघ शुक्ल पक्ष पंचमी बुधवार को पहाड़ी बाबा का तिलकोत्सव नेम-निष्ठा के साथ हर्षोउल्लास से मनाया गया. हिमालय परिवार के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सराती बन कर जहां बाबा का तिलक चढ़ाया, वहीं श्रीशिव बारात आयोजन महासमिति की ओर से वधू पक्ष का स्वागत किया गया. मंदिर के पुजारी मनोज मिश्रा और कबीर बाबा ने नेम-निष्ठा से बाबा के तिलक चढ़ाने की रस्म अदा करायी. मौके पर बाबा का श्रृंगार-पूजन कर आरती उतारी गयी. छप्पन भोग लगाया गया. दिनभर भक्तों के बीच वृहत्तर भंडारा चलाया गया.

**झूम कर निकली शोभायात्रा :** पंच देव शिव मंदिर, आर्यपुरी में दिन के तीन बजे पूजा-अर्चना की गयी. पुरोहित नंद कुमार पाठक ने पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराया. इसके बाद भक्तों ने सामूहिक रूप से आरती उतारी. फिर शाम साढ़े चार बजे गाजे-बाजे के साथ झूम कर तिलकोत्सव शोभायात्रा निकली. आगे-आगे हिमालय परिवार के पदाधिकारी और सदस्य बढ़े. पीछे से माथे पर तिलक सामग्री उठाये महिलाएं साथ हो लीं. यात्रा रातू रोड से गुजर कर पहाड़ी मंदिर पहुंची. सभी का स्वागत कर भक्तों ने अगुवाई करते हुए मुख्य मंदिर आये. यहां तिलक का रस्म अदा किया गया.

**किया स्वागत सत्कार :** श्रीशिव बारात आयोजन महासमिति के मुख्य संयोजक जितेंद्र सिंह, संरक्षक राकेश सिन्हा, अध्यक्ष राजेश साहू, बादल सिंह, गगन कुमार, उर्मिला चौधरी, राज कुमार तलेजा,मिहुल प्रसाद, दीपक नंदा, राम सिंह आदि ने वधु पक्ष से तिलक चढ़ाने आये. पुरोहित नंदकिशोर पाठक ,रितेश पाठक , संदीप कुमार जैन, पूर्व पार्षद सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में साथ आये श्रद्धालुओं का गर्मजोशी से स्वागत-सत्कार किया.

**दिनभर चला भंडारा :** पहाड़ी मंदिर में सुबह नौ बजे से दिनभर वृहत रूप में भंडारा चला. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा का प्रसाद पाया. प्रेम साहू, अशोक बजाज, दिलीप अग्रवाल, सुमित बजाज, बबलू जायसवाल, स्वपना चटर्जी, शुभाशीष चटर्जी, राजीव वर्मा, आयुष, मोती सिंह, गोपाल यादव , गुड्डू, संध्या देवी, नेहा शिवर्मका, मनोरमा, नीलम ,रेणु, पुनम, नवीन पपनेजा, शंकर गिन्दर, संजय अरोड़ा, रमेश चौधरी, प्रभा देवी , तड़ित राय, अमृत रमन, सूरज , अंकित, गोपाल, कैलाश राय, जितेंद्र, अमित पांडेय, अभिषेक यादव, राहुल तिवारी, राज कुमार, सुरेश पाहन आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया.

**भक्त साथ लाये तिलक सामग्री :** आर्यपुरी के पंचदेव शिव मंदिर में दोपहर बाद से ही भक्तों का तांता लगा रहा. कोई फल-फूल तो कोई मिष्टान आदि साथ लाये. जैसे-जैसे समय बितता गया विविध सामग्री से भरी सजी टोकरियों की भरमार हो गयी. महिलाएं पूरी श्रद्धा से माथे पर सामानों के पैकेट उठा कर अपने इष्ट के दरबार तिलक चढ़ाने पहुंचीं.



### शिव मंदिर इंद्रपुरी में भी तिलकोत्सव

श्रीश्रीशिव बरात आयोजन समिति की ओर से भी बुधवार को देवाधिदेव महादेव का तिलकोत्सव श्रद्धाभाव से मनाया गया. हरिओम मंदिर, कृष्णा नगर कॉलोनी से दिन के साढ़े 11 बजे गाजे-बाजे के साथ देवाधिदेव महादेव की तिलकोत्सव शोभायात्रा निकली. रमेश सिंह और समिति के अन्य पदाधिकारियों की अगुवाई में श्रद्धालु जयकारा लगाते पूरे हर्षोउल्लास से निकले. यात्रा कॉलोनी का भ्रमण कर माउंट मोटर गली के रास्ते शिव मंदिर, इंद्रपुरी पहुंचकर संपन्न हुई. यहां भोले बाबा का तिलक पूजन पुरोहितों द्वारा कराया गया. शैलेंद्र कुमार, पूर्व पार्षद अशोक यादव, नवीन पपनेजा, पूर्व पार्षद सुनीता देवी, रवि अरोड़ा, नीरज जायसवाल, संजय अरोड़ा, संजय कुमार, हीरलाल पपनेजा, गिरधारी लाल शर्मा, सुमित बजाज, राजू वर्मा, रामकुमार, बीजू वर्मा, शुभम, विकास, ओमप्रकाश, शंकर किंगर, राखी अरोड़ा आदि ने इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया. रमेश सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि के मौके पर आठ मार्च को भव्य रूप में ऐतिहासिक शिव बारात निकाली जायेगी. उन्होंने श्रद्धालुओं से इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की.

# श्रीश्याम मंदिर में बसंत पंचमी उत्सव की रही धूम

संवाददाता। रांची



श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में बुधवार को बसंत पंचमी उत्सव की धूम रही. यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने खाटू नरेश का दर्शन-पूजन कर श्रद्धा का पुष्प चढ़ाया. प्रभु के उतारे गये अंग वस्त्र पाने को भक्त ललायित रहे. सुबह पट खुलते साथ दर्शनार्थियों का तांता लग गया. मंगल आरती और बालभोग के बाद उत्सव का अनुष्ठान आरंभ हुआ. श्रीश्याम का अभिषेक-पूजन कर बसंती पोशाक धारण कराया गया. पीले फूलों से किया गया आकर्षक श्रृंगार ने सब का मन मोहा. मंदिर में विराजमान देवी देवताओं का पीले फूलों से मनोहारी श्रृंगार किया गया. राजकुमार नारसरिया, उषा नारसरिया, विवेक, सोनी नर्सरिया, मनीष, ज्योति नारसरिया ने इसमें बतौर यजमान के रूप में हिस्सा ले अपनी सेवा प्रदान की. श्रीश्याम मित्र मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा और मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा के सान्निध्य में आचार्य की टोली ने खाटू नरेश का पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराया. मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया संग श्रद्धालुओं ने पांच देवताओं को समर्पित भजनों प्रस्तुत कर सब को झुमाया. मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने केसरिया अंग वस्त्र वितरित किया. प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटू धाम की परंपरा का निर्वहन कर यहां भी उसी तर्ज में बसंत पंचमी का उत्सव मनाया गया.

## न्यूज अपडेट

### बायोम इंस्टिट्यूट में धूमधाम से हुई मां सरस्वती की पूजा



रांची । वसंतोत्सव और सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर रांची के सुप्रसिद्ध कोचिंग बायोम इंस्टिट्यूट में धूमधाम और पवित्र भाव से मां शारदे की पूजा-अर्चना की गई. पूजा में बच्चों के साथ-साथ फैकल्टी और मेंबर्स ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया. पूजा-अर्चना के पश्चात बायोम इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर पंकज सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

### रांची विवि की टीम बरहमपुर विवि ओडिशा के लिए रवाना



रांची। रांची विश्वविद्यालय के छात्रों की 53 सदस्यीय टीम बुधवार को युवा महोत्सव में भाग लेने बरहमपुर विश्व विद्यालय उड़ीसा के लिए रवाना हुई. विश्वविद्यालय सभागार से कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा् ने छात्रों की बस को स्वयं फ्लैग दिखा कर रवाना किया. उल्लेखनीय है कि उड़ीसा के बरहमपुर विश्वविद्यालय में आयोजित हो रहे इस्टयर्न जोन युवा महोत्सव में रांची विश्व विद्यालय से जा रही छात्रों की टीम 21 विभिन्न इवेंटों में भाग लेगी.

### जेईई मेन 2024 : अप्रैल की परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

रांची। जेईई मेन सत्र 2 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. 4 अप्रैल से 15 अप्रैल के बीच आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए अभ्यर्थी 2 मार्च रात 11 बजे तक आवेदन कर सकते हैं. जबकि 11 बजकर 50 मिनट तक आवेदन शुल्क का भुगतान किया जा सकता है. सीबीटी मोड यानी कंम्प्यूटर आधारित परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी. जिन उम्मीदवारों ने जेईई (मुख्य)-2024 परीक्षा सत्र 1 के लिए आवेदन और परीक्षा शुल्क का भुगतान किया था, उन्हें फिर से पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं है. ऐसे अभ्यर्थियों को सत्र 2 की परीक्षा के आवेदन के लिए सत्र 1 के आवेदन संख्या और पासवर्ड का इस्तेमाल कर लॉग इन करना होगा. उसके बाद छात्रों को केवल पेपर, माध्यम, परीक्षा का विवरण, राज्य पात्रता कोड, शहर, शैक्षणिक योग्यता दर्ज करने के साथ परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा. वहीं जिन उम्मीदवारों ने पहले आवेदन नहीं किया है, उन्हें तय समय के अनुसार दोबारा आवेदन करना होगा.

## ब्रीफ खबरें

### संत जेवियर में 11 वीं कक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

रांची। डोरंडा स्थित संत जेवियर स्कूल में नए सत्र 2024-25 के लिए ग्यारहवीं कक्षा की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. नामांकन के लिए 25 मार्च तक छात्र ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. 2500 रुपये आवेदन शुल्क निर्धारित की गई है. आवेदन करने वाले छात्रों की प्रवेश परीक्षा 6 अप्रैल को होगी. इस दौरान परीक्षा की अवधि 90 मिनट होगी. जबकि परिणाम अगले दिन यानी 7 अप्रैल को जारी किया जाएगा. वहीं नामांकन के लिए कुल उपलब्ध सीटों की बात करें तो साइंस में 200, आर्ट्स और कॉमर्स में 75-75 सीटें उपलब्ध हैं.

### पठान तंजीम का चुनाव तीन मार्च को होगा

रांची। हिंदपीढ़ी सेकेंड स्ट्रीट स्थित कार्यालय में बुधवार को पठान तंजीम के चुनाव 2024-27 की जानकारी दी गई. तंजीम के सरपरस्त अब्दुल कादिर रब्बानी, अशरफ खान उर्फ चुन्नू, चुनाव संयोजक मो. गुफरान ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि चुनाव सेशन 2024-2027 तीन मार्च को अंजुमन इस्लामिया मुसाफिर खाने में दिन के 10 बजे से संध्या 4 बजे तक होगा. उन्होंने बताया कि मतगणना एवं परिणाम उसी दिन घोषित किये जायेंगे.

### झारखंड गुरु रविदास महासभा का पुनर्गठन

रांची। झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक कुमार रवि ने महासभा की कमेटी का विस्तार किया. नये विस्तार के अनुसार कमेटी के मुख्य संरक्षक संतसेवक राम, संरक्षक खुदा राम, विक्रम जयकिशोर, मधुसूदन कुमार, ब्रज कुमार राम, उमेश राम, सोहेल राम, अध्यक्ष दीपक कुमार रवि, उपाध्यक्ष अशोक कुमार रवि, दशरथ राम, राजेश राम, संतोष कुमार रवि, महासचिव प्रदीप रवि, सचिव दीपक राम, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार दास, सह कोषाध्यक्ष कालीदास, रमेश राम, मिडिया प्रभारी गोपाल रवि, विशाल कुमार रवि, सलाहकार सुबोध किशोर रवि, सीताराम, संतोष राम, गजेन्द्र राम, अनिल कुमार रवि समेत 33 कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं.

### विशेष आराधना के साथ महाउपवास काल प्रारंभ

रांची। महाउपवास काल की शुरुआत रांची के सभी चर्चों में बुधवार को विशेष आराधना अनुष्ठान से की गई. रांची के पुरुलिया रोड स्थित संत महामरिया गिरजा घर में बुधवार को सभी कलीसिया विश्वासियों के माथे पर राख लगाकर चालीसा काल की शुरुआत की गयी. बहूबाजार स्थित सीएनआई चर्च में संध्या 5:00 बजे बिशप बीबी बास्के ने मुख्य संदेश दिया. जीइएल चर्च में आराधना प्रातः 6 : 30 की गई एवं संध्या 5: 30 भस्म बुधवार मनाया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य संदेशक बिशप सीमांत तिर्की थे. उन्होंने अपने संदेश में कहा कि चालीसा काल की तुलना बसंत ऋतु से की गई है.

### सीएम से मिला जमीयतुल कुरैश का प्रतिनिधिमंडल

रांची। झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मुलाकात कर नई सरकार बनने पर बधाई दी. मिडिया प्रभारी गुलाम जावेद ने बताया कि मुख्यमंत्री को ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के 100 वर्ष पूरे होने के मौके पर 18 फरवरी को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है. प्रतिनिधिमंडल में फरहाद कुरैशी, गुलाम गौस कुरैशी, सरफराज कुरैशी शामिल थे.

# जेईई मेंस में सरला बिरला के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



संवाददाता। रांची

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई मेंस) 2024 के सेशन 1 का परिणाम जारी कर दिया है. जेईई मेंस की परीक्षा में सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, आयुष राज यादव ने 98.7884 पर्सेंटाइल लाकर स्कूल में अव्वल स्थान पर प्राप्त किया है. वहीं धैर्य पांडेय ने 98.5767, आर्यमान कुमार 97.6370, शिवम मिश्रा 96.6872, भूमि केशरी 95.3957, रणवीर राज 94.89, रूपेश आनंद 94.6118, अपूर्बो रॉय 94.3480, प्रभु समर्पित नायक 93.9703, आकर्ष कुमार सिंह 92.6028 और सौरभ तिवारी ने 92.4346 पर्सेंटाइल हासिल किया है. विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा और प्राचार्या परमजीत कौर ने जेईई मेन्स में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को बधाई दी है. साथ ही परीक्षा के अगले चरण के लिए शुभकामनाएं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

# जेईई (मेन) प्रथम सत्र में ऑक्सफोर्ड स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

संवाददाता। रांची

जनवरी 2024 में आयोजित जेईई (मेन) की परीक्षा में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, प्रगति पथ, रांची के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. स्कूल प्रबंधन ने बताया कि स्कूल के 113 विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त कर जेईई (एडवांस्ड) के लिए क्वालीफाई किया है. पीयूष कुमार ने 98.98 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपने परिवार सहित पूरे विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है.

इसके साथ ही आनंद किशोर, देश दीपक और आयुष कुमार ने 98.88, 97.88 और 94.22 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय में क्रमशः द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त किया.



### एकेडमिक डायरेक्टर ने विद्यार्थियों को बधाई दी

इस अवसर पर विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता, एकेडमिक को-ऑर्डिनेटर रवि शेखर, परीक्षा नियंत्रक एके श्रीवास्तव एवं जूनियर विंग इंचार्ज राज किशोर शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा जेईई (एडवांस्ड) 2024 में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी. इस सफलता के लिए सभी ने विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण बताया.

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसबीपी मेहता ने सभी सफल विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी. साथ ही होने वाले सीबीएसई परीक्षा एवं जेईई (एडवांस्ड) 2024 में अच्छे प्रदर्शन की कामना की.

**शिक्षा क्षेत्रे** बुनियादी ढांचे में सुधार योजना के तहत 29 स्कूलों के भवनों की होगी मरम्मत

# रांची जिले के 10 स्कूलों को मिलेंगी दस-दस नयी कक्षाएं

तरुण कुमार चौबे। रांची

रांची जिले के 10 स्कूलों को दस-दस नई कक्षाएं मिलेंगी. साथ ही 29 स्कूल के बुनियादी ढाँचे में सुधार के लिए मरम्मत का काम की जाएगी. जिले भर के दस स्कूलों को दस नई कक्षाओं के जुड़ने से बढ़ावा मिलेगा. इसका उद्देश्य स्कूलो में बढ़े हुए नामांकन को समायोजित करना है. कक्षाओं के विस्तार के अलावा, जिले भर के स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए सरकार को भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार उनतीस स्कूलों की मरम्मत और नवीनीकरण किया जाना है. छात्रों और कर्मचारियों के लिए सुरक्षित और अनुकूल शिक्षण



वातावरण सुनिश्चित करने के लिए उनतीस स्कूलों को मरम्मत और नवीकरण के लिए चिह्नित किया गया है. इसके तहत स्कूलों की छत की मरम्मत से लेकर सुविधाओं के उन्नयन तक विभिन्न बुनियादी ढांचागत जरूरतों को पूरा करना हैं.

**संख्या के अनुपात में अनुदान :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के अनुसार, वर्तमान में रांची जिले में 2100 स्कूलों में से 197, में जीर्ण-शीर्ण स्थिति में हैं और उन्हें तत्काल रखरखाव और पुनर्निर्माण की आवश्यकता है. इन 197 स्कूलों में से 165 प्राथमिक स्कूल और 32 माध्यमिक स्कूल हैं. जिनका पुनर्निर्माण करने की आवश्यकता है. इसके अलावा, स्कूलों में नामांकन संख्या के आधार पर वार्षिक रखरखाव निधि प्राप्त होती है.

### तत्काल मरम्मत की आवश्यकता वाले स्कूल

जेईपीसी के अधिकारीयों ने जानकारी देते हुए बताया कि हर साल हम एक व्यापक योजना बनाते हैं जो तत्काल मरम्मत की आवश्यकता वाले स्कूलों की पहचान करती है. फिर यह सूची सरकार को विचार के लिए सौंपी जाती है. दुर्भाग्य से, प्रस्ताव में उल्लिखित सभी स्कूलों को उनकी मरम्मत और रखरखाव के लिए आवश्यक धन नहीं मिलता है. प्रस्तावित सूची की तुलना में स्कूलों की अनुमोदित सूची छोटी है.

### शिक्षकों ने पहल को सराहा

पहाड़ीटोला स्थित राजकीय हिंदी बालक मध्य विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम ओझा ने कहा यह सराहनीय है कि शिक्षा विभाग समाज की भलाई के लिए ऐसी पहल कर रहा है. यह प्रगति शिक्षा को प्राथमिकता देने और युवाओं के लिए बेहतर संभावनाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती हैं. वर्तमान में कई कक्षा भवन जर्जर हालत में हैं, जिनमें खराब दीवारें, टपकती छतें और गैर-कार्यात्मक स्वच्छता सुविधाएं हैं.

# ओरमांझी में खुला टाइटेनियम महिन्द्रा का नया हाईटेक वर्कशॉप

संवाददाता। रांची

रांची के क्यूरेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल के सामने, एनएच-33, चिड़ियाघर के पास, ओरमांझी रांची में, टाइटेनियम महिन्द्रा का नया एवं झारखंड में सबसे बड़ा वर्कशॉप खुला. यह वर्कशॉप वर्ल्ड क्लास सुविधा से लैस है एवं पेंटिंग में बेहतर गुणवत्ता के लिए ऑटोमेटिक डबल बेबर पेंट बूथ लगा हुआ है.

गाड़ी वॉसिंग के लिए फुल बॉडी ऑटोमेटिक वॉसिंग इक्यूपमेंट लगा हुआ है. टाइटेनियम महिन्द्रा में पिक एंड ड्रॉप सुविधा भी उपलब्ध है. टाइटेनियम महिन्द्रा के नए वर्कशॉप में 22 सर्विस बे लगे हैं. जिससे



गाड़ियां जल्द से जल्द सर्विस होकर कस्टमर को मिल पाएगी. टाइटेनियम महिन्द्रा के वर्कशॉप का टाइ-अप सभी इंश्योरेंस कंपनी से है. यह वर्कशॉप लगभग 30,000 स्क्वायर फीट वर्किंग एरिया में बना है. यह रांची का पहला वर्कशॉप है, जहां सीआरएस मशीन लगी है. टाइटेनियम महिन्द्रा के नए वर्कशॉप में हाइली ट्रेन्ड एवं स्कील मेनपावर है, जो गाड़ियों को बेहतर सर्विस देंगे. यहां गाड़ियों की पार्किंग के लिए बहुत बड़ा ओपन स्पेस भी है. यहां स्पेयर पार्ट्स का एरिया भी बहुत बड़ा है और वर्कशॉप में अत्याधुनिक व नवीन टूल्स और इक्वीमेंट लगे हुए हैं. जिसका ग्राहकों को लाभ मिलेगा.

## ब्रीफ खबरें

### युवा कांग्रेस ने पीड़ित परिवार की सहायता की

**तमाड़।** युवा कांग्रेस ने एलदहातु के पापदया टोली निवासी धनेश्वर मुण्डा के श्राद्धकर्म में उनके परिजनों को खाद्य सामग्री का सहयोग किया . सहयोग बुंडू प्रखंड अध्यक्ष संदीप लोहरा और महासचिव राजेश सिंह मुंडा ने किया. बताते चले की कुछ दिनों पूर्व धनेश्वर मुण्डा का निधन हो गया था. मृतक के माता प्रमीला देवी और परीजनों द्वारा युवा कांग्रेस कमेटी और संदीप लोहरा को धन्यवाद दिया गया. मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने मृतक के माता को हर संभव मदद का आश्वासन दिया . परिजनों ने युवा कांग्रेस का आभार व्यक्त किया.

### विज्ञान प्रदर्शनी एवं भारत दर्शन का हुआ आयोजन

**पिठोरिया।** प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय पिठोरिया में बसंत पंचमी पर विज्ञान प्रदर्शनी एवं भारत दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय प्रबंध समिति के निदेशक सुजीत कुमार केसरी, दीपक चौरसिया एवं शेखर कुमार के द्वारा किया गया. इस मौके पर निदेशक दीपक चौरसिया ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शन के आयोजन का उद्देश्य छात्रों में अन्वेषण को प्रोत्साहित करना है. कार्यक्रम में विजय पांडे, रंजीत तिर्की, शैलेश तिर्की, सचित्त राणा, शिवा कुमार, शबनम परवीन,मारग्रेट किस्पोट्टा, तसलीमा परवीन सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे.

### राजेश राम को पुण्य तिथि पर दी श्रद्धांजलि

**नामकुम।** आजसू युवा नेता स्व राजेश राम के पुण्य तिथि के पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, केन्द्रीय सदस्य काशी नाथ महतो, केंद्रीय सदस्य राजू नायक, रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, दिवान मानकी, रोशन नायक, अरविंद मुण्डा, बन्टी नायक,मानव कुमार, राहुल राम, गोवर्धन महतो, धीरज राम, अभिषेक सिंह एवं रोहित कुमार शामिल थे.

### एसएसबी ने गांजा व पोस्ते की फसल को नष्ट किया

**तमाड़।** एसएसबी तथा तमाड़ पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर अफीम और गांजा की खेती को से नष्ट किया . पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि जिलिंगसेरेंग सुमानदाढ़ी के आस पास झाड़ियों में बृहद पैमाने पर अफीम तथा गांजा की खेती की गई है .सूचना के आधार पर सीमा बल के सहायक कमांडेंट सौमेन गोराई सिद्धार्थ आर निरीक्षक जगत राम उरांव तमाड़ थाना के ए एस आई सिरिल सांगा अजय प्रताप और परमेश्वर शर्मा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. वहीं टीम के साथ सशस्त्र बल तथा जिला बल के दर्जनों जवानों ने अभियान चलाकर 5 एकड़ अफीम की व 1 एकड़ पर लगी गांजा की फसल को नष्ट कर दिया .

### घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सामान की चोरी

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली गांव में चोरों ने संदीप लोहरा के घर का ताला तोड़कर 25 हजार रुपये नगद राशि सहित लाखों रुपए के सामान की चोरी कर ली. घर में मौजूद सभी सामानों को तहस-नहस कर डाला. बताया जाता है कि संदीप सरस्वती पूजा की तैयारी में जुटा था. उधर चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया. घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है. घटना की जानकारी मिलते ही भुक्तभोगी संदीप के मामा महाकाल लोहरा, पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, समाजसेवी कृष्णा यादव सहित कई लोग पहुंचे और घटना की जानकारी ली.

### डकरा एवं पुरनाडीह में मोर्चा ने की गेट मीटिंग

**खलारी।** 16 फ़रवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर एन के एरिया के डकरा एवं पुरनाडीह परियोजना में संयुक्त मोर्चा के द्वारा गेट मीटिंग किया गया. गेट मीटिंग की अध्यक्षता प्रेम कुमार एवं संचालन शैलेश कुमार ने किया. गेटमीटिंग को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के मजदूर किसान विरोधी नीतियों के चलते आज लोगों का जीना मुहाल हो गया है. गेट मीटिंग में गोल्टेन प्रसाद यादव,डी पी सिंह,कृष्णा चौहान,टूपा महतो एवं दोनो परियोजना के अध्यक्ष सचिवों ने अपने अपने विचार रखे.

## जब आप खिलखिलाते हैं, मंजिल खुद ही आपकी ओर दौड़ पड़ती है : चौहान

# ग्रामीणों ने लिया संकल्प, सकारात्मक भाव से बढ़ेंगे आगे

संवाददाता। सिल्ली



बुधवार को पतहारातू मुख्य चौक पर खुशी चौपाल का आयोजन हुआ. संचालन समाजसेवी भूपेन भगत और पंचायत समिति सदस्य शशांक शेखर दुबे ने संयुक्त रूप से की. लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्था के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन को अपने जिंदगी में आस-पास भी फटकने नहीं देनी है. सकारात्मकता से खुशी जगती है और यही खुशी मंजिल तक ले जाती है. चौहान ने सकारात्मकता के ताकत से सम्बंधित कहानी भी सुनाई- महात्मा बुद्ध एक सेमिनार में बतौर वक्ता गएं. सेमिनार में 100 व्यक्ति बैठे थें. महात्मा बुद्ध बिना कुछ बोले वहां से लौट गएं. सेमिनार में बैठे लोग नाराज हो कर लौट गएं. पर कोई शिकायत नहीं किए. दूसरे दिन फिर सेमिनार आयोजित हुआ. इस बार 80 लोग पहुंचे. महात्मा बुद्ध फिर बिना बोले लौट गएं. लोगों में नाराजगी बढ़ी, पर फिर से कोई

**खास बातें**

- डिप्रेसन को अपने जिंदगी के आस-पास फटकने नहीं देना है
- पतहारातू चौक पर लगी खुशी चौपाल में जुटे ग्रामीण

शिकायत नहीं हुई. तीसरे दिन सेमिनार में 50 लोग पहुंचे. बुद्ध फिर से चुप रहें. चौथे दिन सेमिनार में मात्र 15 व्यक्ति पहुंचे. बुद्ध की फिर से चुप्पी. पांचवे दिन वही 15 व्यक्ति पहुंचे. आज महात्मा बुद्ध खुल कर बोलें. सभी 15 व्यक्ति उनके अनुयायी बन कर उनका संदेश दूर-दराज फैलाने लगें. बुद्ध के शिष्य ने पूछा-सेमिनार में जब ज्यादा लोग थें, तब आप उपदेश क्यों नहीं दिए. ज्यादा अनुयायी बनते. बुद्ध मुस्कुरा कर बोलें- पहले जितने लोग थें, सभी या तो टाइम पास करने, या फिर चलो सुन लेते हैं, हर्ज क्या है. इस सोच के साथ आए थें. लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची के खुशी दूत संदीप शाह ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सभी को स्वास्थ्य की दिशा में महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान के बारे में भी बताया. मौक़े पर द्वारका प्रशाद साहू, मुकेश कुमार साहू, रामदास राय, प्रदीप कुमार मांझी, जितेंद्र पोद्दार, उत्तम मांझी, दीनबंधु पोद्दार, भावेश्वर महतो आदि मौजूद थें.

## ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से की गई विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना

# बेड़ो प्रखंड के छात्र-छात्राओं ने पूजा में जमकर उठाया आनंद

संवाददाता। बेड़ो



बेड़ो प्रखंड में विद्यादायिनी हंसवाहिनी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित की गई. करमचंद भगत महाविद्यालय, डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, दिव्यकूलम पब्लिक स्कूल, विद्यासागर पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेड़ो, राजकीय मध्य विद्यालय जरिया, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक एवं कन्या सहित विभिन्न विद्यालयों के पंडालों में छात्र-छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं तथा विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मां की प्रतिमा स्थापित कर पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा अर्चना किया. बेड़ो बस्ती, झरी क्लब, अम्बाटोली, हरिहरपुर जामटोली एवं तुको सहित विभिन्न गांवों के सार्वजनिक पूजा पंडालों में पूजा की धूम देखी गई. वहीं दूसरी ओर करमचन्द भगत महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार अधिकारी की देखरेख में अभाविप के कार्यकर्ताओं तथा छात्र छात्राओं ने विद्या की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना की. वहीं दूसरी ओर राजकीय मध्य विद्यालय जरिया में प्रभारी प्रधानाध्यापक सुखनाथ कुम्हार की देखरेख में छात्र-छात्राओं क्रमशः ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. जरिया, हरिहरपुर जामटोली, तुको, खुखरा, खत्री खटंगा, इटाचिल्द्री सहित दर्जनों गांवों में सरस्वती पूजा की चहल पहल देखी गई.

### बुढ़मू और ठाकुरगांव में सरस्वती पूजा की धूम

**बुढ़मू /ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र में विद्यादायिनी मां सरस्वती की पूजा बुधवार को हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हो गया . पूजा का मुख्य आकर्षण बुढ़मू /ठाकुरगांव/उमेडंडा रहा . यहां विभिन्न पूजा समितियों ने आकर्षक पंडाल बनाकर मां सरस्वती की पूजा की है साथ ही विद्युत सज्जा भी की गयी है . यहां मुख्य रूप से, सीएसी क्लब बुढ़मू, श्री वीणा संघ,विष्णु चौक,शारदा संघ निराला चौक,न्यू स्टार क्लब, बैंकमोड़,ब्लू डायमंड क्लब बाजार टांड़,न्यू इलेवन क्लब मंडाटांड़,किशोर संघ मिलन चौक,विवेकानंद युवा क्लब, चापाटोली आदि जगहों भीड़ थी .

### कांके के गांवों के पूजा पंडालों का उद्घाटन

**कांके।** प्रखंड क्षेत्र के सुकुरहुटू, गागी, गारू, कदमा गांवों के पूजा पंडालों का विधिवत उद्घाटन हुआ . कांके . भाजपा नेता सह समाजसेवी अर्जुन राम ने आज विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना एवं पूजन कर रहे युवा, छात्रों, विभिन्न संगठनों के पंडालों में जाकर वहां के समाजसेवियों एवं अभिभावकों के साथ पंडालों का फीता काटकर उद्घाटन किया . उनके साथ पंडाल के उद्घाटन में विशेष रूप से रंजय अग्रवाल, रमेश साहू, नीलेश महतो, साहु, विजय साहु, कृष्णा साहु आदि उपस्थित थे .

### इटकी में लोगों ने की सरस्वती पूजा

**इटकी।** सरस्वती पूजा सह बसंत पंचमी का त्यौहार इटकी व आसपास के गांवों में बुधवार को उल्लासमय वातावरण में मनाया गया . मौके पर क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों के अलावा विभिन्न स्थानों पर विद्यादायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी . आम की मंजरी व गुलाल ग्रहण कर वसंत ऋतु का स्वागत भी किया गया . शाम में कई पूजा पंडालो में फाग गायन का भी आयोजन हुआ . शंकरी उच्च विद्यालय, न्यू शिशु विद्या मंदिर सहित क्षेत्र के अन्य विद्यालयों व पूजा पंडालों में आकर्षक ढंग से प्रतिमा स्थापित की गयी है .

### डकरा में हर्षोल्लास के साथ मां सरस्वती की पूजा हुई

**डकरा।** डकरा में सरस्वती पूजा धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. इस अवसर पर कोयलांचल सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षण संस्थानों, क्लबों सहित गली-मुहल्ले में गुरूवार को विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की धूमधाम से आराधना की गई. इस दौरान छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखा गया. जगह-जगह भव्य पंडाल बनाकर आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई थी.क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों सहित विभिन्न मुहल्ले में सरस्वती पूजा की धूम रही. जगह- जगह उत्साहपूर्ण माहौल में युवकों की टोली ने भव्य पंडाल बनाकर आकर्षक प्रतिमा की स्थापना की. डकरा भूतनगर में स्थानीय युवाओं द्वारा बनाया गया भगवान शंकर की भव्य त्रिशूल और डमरू के बीच मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित क्षेत्र का मुख्य अकर्षण का केंद्र रहा.

### चान्हो-मांडर में भक्ति भाव से की गई मां सरस्वती की पूजा

**चान्हो-मांडर।** पूरे चान्हो-मांडर प्रखंड में सरस्वती पूजा व बसंत पंचमी धूमधाम से मनायी जा रही है. मां सरस्वती की दर्जनों प्रतिमाएं गांवों के मुहल्ले व प्रमुख जगहों पर स्थापित हैं. छात्र-छात्राएं मां की पूजा अर्चना व वरदान मांगने में लीन दिखे. प्रतिमा स्थलों, पंडालों व अखाड़ों को सजाया गया है. सुबह से ही मंदिरों में भीड़ उमड़ रही है. महिलाओं व छात्र-छात्राओं व युवाओं में अधिक उत्साह है. तक्षशिला इंस्टिट्यूट सोंस समेत ओपा ,पतरातु, बेतलंगी, गणेशपुर, रघुनाथपुर, सिलागाई, चोरिया, चामा, आरा आदि कई गांवों में विधि विधान से पुजा करते लोग दिखे. वातावरण माइक पर बज रहे गीतों से गुंजायन है. कई जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हैं.

## लापुंग में धूमधाम से की गई मां सरस्वती की पूजा



संवाददाता। लापुंग

लापुंग प्रखंड के ककरिया, सरसा देवगांव, लतरातु, लापुंग प्रखंड मुख्यालय, चम्पाडीह, सुकुरहुटू, दानेकेरा, लालगंज, पबीरा, कातिंगकेला, कोयनारा, जातालोया महुगांव सहित दर्जनों गांवों में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई. प्रखंड के शैक्षणिक संस्थाओं के साथ-साथ सार्वजनिक सरस्वती पूजा पंडालों में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां शारदे की पूजा अर्चना की गई. राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा, राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया, राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग, सहित दर्जनों विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने उपवास रखकर पूरे विधि विधान के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना की.

## सीएसआर मैनेजर ने किया विभिन्न विद्यालयों के निरीक्षण

# उषा मार्टिन चला रहा है 10 एकल विद्यालय

संवाददाता। नामकुम



विकास के मार्ग को आसान बानने में शिक्षा की अहम भूमिका होती है. शिक्षा से बच्चों के साथ उनके परिवार में भी आत्मविश्वास एवं स्वावलंबन की भावना आती है. एकल विद्यालय के माध्यम से ऐसे ही सुदूर वनप्रदेश के गांव में शिक्षा, स्वाभिमान एवं राष्ट्रनिर्माण का कार्य किया जा रहा है. उक्त बातें उषा मार्टिन सीएसआर मैनेजर प्रिया बागची ने विभिन्न विद्यालयों के निरीक्षण पश्चात सासनबेड़ा एकल विद्यालय में आयोजित बैठक में कही. उन्होंने कहा कि कंपनी की ओर से विद्यालय को किताब, सोलर लाइट के अलावा बच्चों को खेलने क सामग्री भी मुहैया करायी गयी है.

उषा मार्टिन फॉउंडेशन के माध्यम से अनगड़ा एवं नामकुम के

**खास बातें**

- पहाड़ी इलाकों के तीन सौ बच्चों में शिक्षा का अलख
- शिक्षा से गांवों को विकास से जोड़ना संभव : प्रिया बागची

सुदूरवर्ती पहाड़ी इलाकों के दस गांवों में पिछले तीन साल से शिक्षा का अलख जगाया जा रहा है. यह विद्यालय सासनबेड़ा, मसरीजारा, पइका, जरगा, मेढ़ा, बानपुर, असरी, जिरकी, जाराटोली, सालहन आदि गांवों में चल रहा है. इन विद्यालय के माध्यम से उषा मार्टिन ने अभी तक 300 से अधिक बच्चों को अक्षर ज्ञान के साथ गांव में संस्कार, स्वास्थ्य जागरूकता, कृषि एवं परंपरा का ज्ञान दिया है. ग्राम स्वराज योजना प्रमुख सुकरा महतो ने बताया कि एकल विद्यालय वनवासी और पिछड़े क्षेत्र की संपूर्ण विकास की योजना है.

## आयोजन | पुलवामा के शहीदों की याद में कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च

# देश सेवा और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा : अमाल खान

संवाददाता। ओरमांझी



जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में हुए आतंकी हमले को बुधवार को पांच साल पूरे होने पर कांग्रेस जिला प्रवक्ता अमाल खान एवं जिला ग्रामीण महासचिव सुधा देवी के नेतृत्व में चकला मोड़ से लेकर ब्लॉक चौक तक कैंडल मार्च निकाला. मौके पर अमाल खान ने पुलवामा आतंकी हमले में शहीद होने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा कि पुलवामा में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. हमारे राष्ट्र के लिए उनकी सेवा और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा. मौके पर मुख्य रूप से अरशद मलिक, लक्ष्मी देवी, रेखा देवी, संतोष साव, कविता कुमारी मजहर अंसारी, कौसर अंसारी, इंदु देवी, सरिता देवी, एहसाद अंसारी, तौकीर अंसारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

### ब्रह्माकुमारी ने पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि दी



डकरा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला डकरा सुभाष नगर के बीके बहन-भाइयों ने पुलवामा हमले पांचवी बरसी पर 14 फरवरी शहीद हुए शहीदों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई. साथ ही दो मिनट का मोन धारण करते हुए वीर सपूतों को याद कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. इस दौरान बीके प्रीति बहन ने अमर शहीदों को याद करते हुए कहा कि पुलवामा में आज ही के दिन हमने 40 वीर जवानों को खो दिया था. हम उनके सर्वोच्च बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे. इस मौके पर प्रेमचंद भाई, रामधनी भाई, प्रियांशु उर्फ आदि भाई, छाया बहन, भूमि बहन, आरती बहन, आराध्या उर्फ परी बहन आदि उपस्थित रहे.

## न्यूज अपडेट

### मोहननगर में भगवान शिव के तिलकोत्सव पर पूजा-पाठ



**डकरा।** मोहननगर शिव मंदिर में बसंत पंचमी पर भगवान शिव का तिलक उत्सव विधि विधान के साथ मनाया गया. इस अनुष्ठान में भगवान शिवजी एवं माता पार्वती के विवाह के पूर्व तिलकोत्सव की सारी रस्म यज्ञमान भारत कुमार एवं पुजारी रामनरेश पांडे ने निभाई. इस दौरान वर- बधू पक्ष के टोलियों के द्वारा भजन कीर्तन किया गया. बाद में के बीच प्रसाद बांटा गया. इस मौके पर कृष्णा चौहान, अशरफी राम, अभिषेक चौहान, बूटन चौहान, कमलेश प्रसाद, प्रवीण चौहान, रमेश चौहान, अजय चौहान, सुधीर चौहान, अरुण चौहान, रविंद्र चौहान, आलोक कुमार, दीपक कुमार, राहुल कुमार, मंतोष चौहान, सुधांशू, सतीश कुमार देवेंद्र कुमार मालाकार, गोवर्धन शर्मा, विक्की कुमार सहित काफी संख्या में कॉलोनी की महिलाएं उपस्थित थी.

### एक्यूप्रेशर परिषद के शाखा कार्यालय में मां शारदे की हुई पूजा



**नामकुम।** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा कार्यालय में जगत जननी मां शारदे का पूजन धूमधाम से किया गया इस अवसर पर एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने कहा की बीमारी रूपी अज्ञानता को दूर करने के लिए हम सभी डॉक्टर को मां सरस्वती प्राकृतिक चिकित्सा प्रदान करें ताकि हम हमारा समाज महंगी दवाइयां जांच से छुटकारा मिल सके पूरे समाज को अंधकार से निकलकर प्रकाश दिखाएं मां शारदा से यही प्रार्थना है . मौके पर डॉक्टर बलराम महतो डॉक्टर रुकमणी कुमारी डॉ सरस्वती,डॉ ललित,डॉ पूजा,डॉ नरेश महतो ,समाजसेवी पुनीत कुमार, अशोक मिश्रा एवं विजय लिंडा, अखिल पाठक, दीपक पांडे,संदीप पांडे परिषद के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे .

### सावित्रीबाई फुले और शेख फातिमा को श्रद्धांजलि दी गयी



**डकरा।** जामडीह स्थित नीलाम्बर पीताम्बर सनसाईन इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने सावित्रीबाई फुले और शेख फातिमा को शिक्षा की देवी के रूप में याद कर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. मौके पर विद्यालय निदेशिका अनिता गंझू ने कहा कि देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले एवं मुस्लिम शिक्षिका फातिमा शेख ,ज्योतिबा फुले ने साथ मिलकर लड़कियों में शिक्षा की मशाल जलाने वाली पहली भारतीय महिला शिक्षिका है. कार्यक्रम में महिला शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार रखे.मौके परअनिता टोप्पो,अनिता तिग्गा,शबा रहमत, कुलवंती उरांव,सुमन कुमारी,निराशो देवी, विमल उरांव सहित स्कली बच्चे उपस्थित थे.

### संयुक्त मोर्चा ने अशोका परियोजना में गेट मीटिंग की



**पिपरवार।** कोयलांचल पिपरवार क्षेत्र में आगामी 16 फरवरी को राष्ट्र व्यापी हडताल को सफल बनाने को लेकर संयुक्त मोर्चा की बैनर तले अशोक परियोजना के पीट कार्यालय एवं परियोजना वर्कशॉप में संयुक्त मोर्चा युनियन प्रतिनिधियों ने गेट मिटिंग किया. गेट मीटिंग की अध्यक्षता एटक के धनेश्वर गंझु ने किया. गेट मीटिंग को सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य अरविंद शर्मा, सीटु के इस्लाम अंसारी, इंटक के शंकर मुखर्जी, एचएमएस के मो. जैनुल, मो. रहमतुल्ला, विनोद कुमार, रामेश्वर भोगता आदि ने संबोधित किया. संयुक्त मोर्चा को युनियन प्रतिनिधियों के वक्ताओं ने संयुक्त किसान मोर्चा एवं संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा भारत सरकार को दिए गए मांग पत्र पर विस्तार से चर्चा किया. मौके पर सेवक गंझु, साहब राम सतनामी, अनित कुमार, रियाज अंसारी, संजय उरांव, अरुण गंझु, मुन्ना ठाकुर, ऋषिकेश मिश्रा, उदय शर्मा, गीता देवी, सीमा देवी, सोहद्री देवी सहित कई कोयला मजदूर उपस्थित थे.

### माता-पिता की सेवा करना हमारा प्रथम कर्तव्य :मुकेश गोप



**बेड़ो।** रातू अंचल अन्तर्गत आने वाले एकल अभियान बेड़ो संच अन्तर्गत एकल विद्यालयों के आचार्यों ने मनाया मातृ पितृ पूजन दिवस. सभी बच्चों ने अपने माता-पिता का विधिवत पूजन कर आशीर्वाद लिया. एकल विद्यालयों के आचार्यों क्रमशः हुटार में विमला टोपनो कुदारखो से रूपरानी देवी, मासु में होलिका देवी, मुडामु में सुषमा देवी, टेगरिया में लक्ष्मी देवी, पुरियो में मुनी उरांव, मंजू देवी खटंगा में रीता देवी सहित सभी आचार्यों ने अपने भैया बहनों के माध्यम से उनके माता पिता का पूजन कराया. बेड़ों संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा माता-पिता का आशीर्वाद से बच्चों का भविष्य उज्जवल होता है इसलिए सभी विद्यालयों में मातृ पितृ पूजन दिवस का आयोजन करना चाहिए. बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर दिव्यकुलम् वैदिक विद्यालय जामटोली रोड बेड़ों में सरस्वती पूजा के साथ मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया.

### पिपरवार में सरस्वती पूजा पंडालों में उमड़ी भीड़



**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में विद्या की अधिष्ठात्री विद्यादायिनी मां सरस्वती की पूजा बुधवार को हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हो गया .इस अवसर पर कोयलांचल क्षेत्र सहित सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षण संस्थान क्लब एवं कॉलोनी में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की धूमधाम से आराधना की गई . विभिन्न कॉलोनी मैं सरस्वती पूजा की धूम रही.क्षेत्र के बचरा, बहेरा, कल्याणपुर, बेती, पुरानीराय, राय, बमने,किचटो,तरवां, बीओसीएम आदि स्थानों पर आकर्षक भव्य पूजा पंडाल बनाकर पूजा आयोजन समितियों के द्वारा पूजा अर्चना की गई . पिपरवार विकास विद्यालय किचटो, सरस्वती शिशु विधा मंदिर पुरानी राय, ज्ञानदीप विधा निकेतन तरवां, बचरा अशोक विहार, बसंत विहार ,एलो कॉलोनी,राय जागृति क्लब आदि पूजा पंडाल में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई साथ ही सशिविमं विद्यालय पुरानीराय को आकर्षक विद्युत सज्जा कर सजाया गया था .

# बारिश के साथ ओलावृष्टि ने किसानों की तोड़ी कमर

संवाददाता। चान्हो/मांडर



क्षेत्र में हो रहे पिछले दो दिनों से असमय वर्षा से किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ा है. तापमान में भी गिरावट आई है.बुधवार शाम मांडर एवं चान्हो क्षेत्र के कई स्थानों पर जोरदार बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई है.चान्हो के बेयासी, गोके, सिसई तथा मांडर के मंदरो, कुरकुरा, डुमरी, सरवा, पचपदा समेत कई जगहों पर ओलावृष्टि से काफी नुकसान हुआ है. जिससे किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ है. एक तो वैसे ही किसान पहले से धान की फसल पीटने के बाद सकते में थे,आज आसमानी कहर ने किसानों की दुर्दशा को और बढ़ा दी. आलू, गोभी, मटर एवं हरी सब्जियों को जहां नुकसान पहुंचा है वही ईंट भट्ठा में भट्ठेदारों को भी नुकसान का सामना करना पड़ा है. क्षेत्र के किसानों ने बताया कि आर्थिक तंगी से गुजरते हुए कृषि कार्य पर आश्रित रहने वाले हम किसानों के सामने जीवन की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है. हम लोग मांग करते हैं कि सरकार हम किसानों की सुध ले. फसल बर्बादी का मुआवजा दे.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** सही मेहनत का सही फल मिलने का समय है. समय बहुत ही उत्तम है. धन का आगमन होगा, पर यात्रा में सावधानी रखें, नुकसान हो सकता है. वाद विवाद से प्रतिष्ठा में कमी आयेगी. जोखिम-जमानत के कार्य न करें. अन्न दान करें.

**वृषभ** मानसिक तनाव खत्म होगा, पर खर्च में वृद्धि होगी. विरोधी हार मानेंगे, पर बहुत जल्दी आय के द्वार भी खुल रहे हैं. राजकीय कार्यों में गति आएगी. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता मिलेगी. कोई छोटा निवेशादि लाभ देंगे.

**मिथुन** सात्विक आय बढ़ेगी. जल्दबाजी में लिए हुए निर्णय ठीक नहीं होंगे, सोच-समझकर निर्णय लें. सुख के साधनों की चिंता हो सकती है. संपत्ति के कार्य सफल होंगे. धन लाभ होगा. कुछ धर्म और सत्कर्म भी होगा. विवाद से बचें.

**कर्क** समय बहुत ही उत्तम है. अधिक धन भी उन्माद का कारण बनता है. इस बात का ध्यान रखें. कर्म और भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा. पराक्रम से वृद्धि होगी. विद्यार्थी को वर्ग अल्प प्रयास से सफलता मिलेगी. निवेशादि से लाभ होगा.

**सिंह** किसी से विवाद से मानहानि हो सकती है. कुछ मानसिक तनाव हो सकता है.परिश्रम द्वारा सफलता मिलेगी, किसी वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें. व्यापार-व्यवसाय में अचानक लाभ के योग हैं.

**कन्या** समय को बहुत अच्छा नहीं कहा जा सकता है. थोड़ी दिक्क्क्त है, पर थोड़े समय के लिए. कोई कार्य करने या बोलने से पहले सोच समझ लें. खर्च बढ़ सकता है. पराक्रम में वृद्धि होगी. निवेश करने के लिए समय सही है. रोजगार की प्राप्ति हो सकती है.

**तुला** व्यापार में निवेश करने का समय बहुत ही अच्छा है. जीवनसाथी के चलते प्रतिष्ठा बढ़ेगी. परिवार का सुख-सहयोग मिलेगा. निवेशादि से लाभ होगा. रोजगार प्राप्ति हो सकती है. बौद्धिक कार्य सफल होंगे. कार्य होगा, पर दूसरों की देखादेखी नहीं करें.

**वृश्चिक** समय सामान्य है. नेत्र रोग से बचें. खान पान पर विशेष ध्यान रखें. रोग शत्रु से बचें. अचानक पर कार्य बनने के योग उपस्थित होंगे. यदि कोई छोटी यात्रा हो तो यात्रा शुभ होगी. निवेशादि लाभदायक रहेंगे, व्यापार अच्छा चलेगा.

**धनु** क्रोध से बचें. खास कर बच्चों से विशेष प्रेम करें. शिक्षा में सुधार होगा, पर ज्यादा आत्मविश्वास घातक है. व्यय बढ़ने से क्लेश हो सकता है. निर्णय सोच समझ कर लें, जोखिम न लें. प्रतिष्ठित व्यक्ति से भेंट हो सकती है.

**मकर** रुका हुआ धन प्रयास करने पर वापस आएगा. पर इसके लिए विशेष प्रयास करना होगा. यात्रा शुभ रहेगी. निवेशादि से लाभ होगा.कार्य व्यवसाय में सफलता की संभावना है. पराक्रम सिद्ध करने का समय है.

**कुंभ** आने वाले लोगों से कुछ विवाद भी होगा. कार्य करें पर सजग रहें. राजकीय कार्यों की रुकावटें दूर होंगी. निवेशादि से लाभ होगा. नौकरी इन्टरव्यू में सफलता मिलेगी. आपके कार्य और प्रभाव से रुके हुए काम बन सकते हैं.

**मीन** पैतृक संपत्ति से लाभ का योग है. धन आगमन के लिए दिन अच्छा है. धर्म में व्यय होगा. बिगड़ते कार्य बनने लगेंगे. निवेशादि लाभ देंगे. कार्य व्यवसाय ठीक चलेगा. वाहन का प्रयोग सावधानी से करें, कुछ हानि हो सकता है.

## 6 वर्षीय बच्चे की ब्लेड से काटी अंगुली

**नोवामुंडी।** बुधवार को गुवासाई स्थित मध्य विद्यालय में सरस्वती पूजा करने गए 6 वर्षीय बच्चा इशांत तांती पिता कार्तिक तांती को दो अज्ञात बच्चे स्कूल के बाहर मुंह में हाथ रखकर एवं उसे गोद में उठाते हुए कुछ दूरी पर ले जाकर जमीन में हाथ दबाकर ब्लेड से उंगली को काट डाला. उंगली काटने से नाबालिक बच्चे का काफी रक्त निकलने लगा और वह रोते-रोते अपने घर गया. फिर माता-पिता को आपबीती सुनाई. उसके बाद उसे गुवा सेल अस्पताल में भर्ती कराया. इस संबंध में 6 वर्षीय नाबालिक बच्चे ने बताया कि वह अपने घर से स्कूल सरस्वती पूजा मनाने गया था. उसी दौरान दो बच्चे मेरे सामने आए, जिसमें एक का नाम करण चाम्पिया है.

### जेईई मेंस और जेईई (एडवांस) के अनुरूप बनाया गया है न्यूटन ट्यूटोरियल का स्टडी पैकेज

# न्यूटन ट्यूटोरियल के स्टूडेंट्स ने जेईई मेंस में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

संवाददाता। रांची

जेईई मेंस की परीक्षा में न्यूटन ट्यूटोरियल के छात्रों ने गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. इसका श्रेय छात्रों ने यहां के शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को बताया है. यहां के संचालक इमरान अली के अनुसार इस वर्ष न्यूटन ट्यूटोरियल से 207 विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है. हमारे शिक्षकों की मेहनत और परिश्रम के कारण छात्रों ने इस वर्ष बेस्ट परसेंटाइल हासिल किया है. निदेशक इमरान अली ने कहा कि यहां का स्टडी पैकेज जेईई मेन्स और जेईई (एडवांस) के अनुरूप ही बनाया गया है. यहां शिक्षक एवं छात्रों के बीच बहुत ही मिलनसार संबंध है, इसलिए छात्र बिना किसी संकोच के शिक्षक से अपना डाउट शेयर करते हैं. यहां डाउट सॉल्व करने के लिए एक अतिरिक्त शिक्षकों का दल सुबह 10:00 बजे से संध्या 7:00 बजे तक रहते हैं. प्रणव, पंकज और यहां के सभी शिक्षकों ने इन सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है.



**खास बातें**

- 207 विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन
- इस वर्ष छात्रों ने बेस्ट परसेंटाइल हासिल किया है

**इन छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ▪ यश कुमार परसेंटाइल | 99.52 | ▪ कृष्णा कुमार परसेंटाइल | 95.12 |
| ▪ पुष्कर कुमार परसेंटाइल | 99.45 | ▪ प्रिया शर्मा परसेंटाइल | 94.86 |
| ▪ अवैश एहसान परसेंटाइल | 98.62 | ▪ रितिक कुमार परसेंटाइल | 94.71 |
| ▪ निकी कुमारी परसेंटाइल | 98.16 | ▪ हरेंद्र कुमार परसेंटाइल | 94.62 |
| ▪ अनमोल केशरी परसेंटाइल | 97.97 | ▪ अनीश राज परसेंटाइल | 93.80 |
| ▪ आयुष कुमार परसेंटाइल | 97.97 | ▪ अर्पण कुमार परसेंटाइल | 93.66 |
| ▪ नेहरू शर्मा परसेंटाइल | 97.95 | ▪ स्वाति सिंह परसेंटाइल | 93.34 |
| ▪ आयुष राजगरिया परसेंटाइल | 97.90 | ▪ एमडी तमीम हक परसेंटाइल | 93.34 |
| ▪ शगुन सिंह परसेंटाइल | 96.43 | ▪ पंकज कुमार परसेंटाइल | 93.06 |
| ▪ दिव्यांशु कुमार परसेंटाइल | 95.82 | ▪ शुभम कुमार परसेंटाइल | 92.79 |
| ▪ पायल सोनी परसेंटाइल | 95.72 | ▪ ऋषभ कुमार परसेंटाइल | 92.27 |
| ▪ रौशन केआर साहू परसेंटाइल | 95.53 | ▪ आर्यन राज परसेंटाइल | 92.27 |
| ▪ किशलय तेजस्वी परसेंटाइल | 95.53 | ▪ ———————— | |

### जस्ट ट्रांजिशन केबेस्ट प्रैक्टिसेज व रणनीतियों की रूपरेखा पर हुई विस्तृत चर्चा

# सस्टेनेबल ट्रांजिशन कांफ्रेंस शुरू झारखंड को मिली वैश्विक पहचान

विशेष संवाददाता। रांची

इंटरनेशनल कांफ्रेंस 'सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन फॉर फ्यूचर रेडी झारखंड' के पहले दिन जस्ट ट्रांजिशन से संबंधित वैश्विक परिप्रेक्ष्य और बेस्ट प्रैक्टिसेज पर विचार-विमर्श हुआ. इस दौरान झारखंड में इसकी प्रासंगिकता को क्रियान्वित करने पर बल दिया गया. दो दिवसीय इस कार्यक्रम का आयोजन टास्क फोर्स-सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन झारखंड, सीड, यूएनडीपी-इंडिया, वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट, इंडिया के सहयोग से हुआ. कांफ्रेंस के दौरान टास्क फोर्स के अधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ हुआ.

**कार्बन-नयूट्रल अर्थव्यवस्था में कंवर्जेंस अप्रोच एवं विजन जरूरी : खियांग्ते :** कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य सचिव एल. खियांग्ते ने कहा कि राज्य सरकार प्रतिबद्ध है कि सस्टेनेबल ट्रांजिशन की इस प्रक्रिया में कोई भी पीछे नहीं छूटे. इसलिए इसे समावेशी एवं सहभागी बनाया गया है. इसी क्रम में राज्य में बेहतर नीति-निर्धारण को दिशा देने के लिहाज से दुनिया के बेस्ट प्रैक्टिसेज पर चर्चा के लिए आज का दिन विशेष है. कार्बन-न्यूट्रल और जलवायुअनुकूल अर्थव्यवस्था की दिशा में बेहतर परिणाम के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रयासों में कन्वर्जेन्स अप्रोच एवं व्यापक विजन बेहद महत्वपूर्ण है.



**खास बातें**

- प्रैक्टिसेज पर चर्चा के लिए आज का दिन विशेष
- ट्रांजिशन की इस प्रक्रिया में कोई भी पीछे ना छूटे
- झारखंड के प्रयासों को जोड़ने के लिए कांफ्रेंस बेहद महत्वपूर्ण

**अपनी तरह का पहला वैश्विक परिदृश्य कार्यक्रम है : रस्तोगी**

सेवानिवृत आईएफएस एवं टास्क फोर्स सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन के अध्यक्ष ए.के. रस्तोगी ने कहा कि यह भारत में अपनी तरह का पहला वैश्विक परिदृश्य का कार्यक्रम है, जो जस्ट ट्रांजिशन की सफल रणनीतियों एवं प्रभावी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पेश करता है. यह पहल झारखंड के भावी कदमों को चिन्हित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा.

**राज्य सरकार की यह पहल बेहद सराहनीय है : रमापति**

राज्य सरकार की पहल की सराहना करते हुए सीड के सीईओ रमापति कुमार ने कहा कि सस्टेनेबल ट्रांजिशन से संबंधित विश्वव्यापी पहल के साथ झारखंड के प्रयासों को जोड़ने के लिहाज से यह कांफ्रेंस बेहद महत्वपूर्ण है. स्थानीय स्तर पर ऊर्जा सुरक्षा एवं क्लाइमेट रेजिलिएंट के मॉडल तैयार किया जाना चाहिए.

**दूरगामी सोच वाला अग्रणी राज्य बना झारखंड : मनोज**

मनोज सिंह (आईएएस), अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह ने कहा कि जस्ट ट्रांजिशन के संदर्भ में दूरगामी कदम उठाने के लिहाज से झारखंड एक अग्रणी राज्य बन गया है. आज का कांफ्रेंस इस व्यापक पहल की एक अहम कड़ी है.

**जस्ट ट्रांजिशन की प्राथमिकता सूची में झारखंड : त्सचान**

यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम ने स्वच्छ ऊर्जा आधारित बुनियादी ढांचे, निवेश और वैकल्पिक आजीविका को बढ़ावा देने के लिए ज्ञान साझा करने पर जोर दिया. उन्होंने झारखंड में जस्ट ट्रांजिशन को और समावेशी बनाने के लिए सामुदायिक हित एवं जेंडर समानता को प्राथमिकता सूची में सर्वोपरि बताया.

**कार्यक्रम में कई राज्य एवं विदेश प्रतिनिधि हैं शामिल**

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर के विभिन्न विभागों के अफसर एवं एजेंसी के प्रतिनिधि शामिल हैं. विदेश से जापान, अमेरिका, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया समेत विश्व के 30 देशों के प्रतिनिधि शामिल हैं.

**सम्मेलन में इन विषयों पर हो रही है चर्चा**

इस सम्मेलन में इनर्जी ट्रांज़िशन, हरित नौकरियों के सृजन और आर्थिक विविधीकरण, डीकार्बोनाइज्ड भविष्य, वैकल्पिक आजीविका सृजन में स्थानीय समुदायों की भूमिका, हरित हाइड्रोजन पारिस्थितिकी तंत्र बनाने, क्लाइमेट फाइनेंस का दायरा बढ़ाने और विविध स्टेक होल्डर्स के क्षमतावर्धन बढ़ाने आदि विषय शामिल हैं.

## पेज 01 का शेष

### अड़े किसान, आज रेल रोकेंगे



**हम किसानों से चर्चा करना चाहते हैं : अर्जुन मुंडा :** कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि मैं विभिन्न किसान संगठनों के नेताओं से आग्रह करना चाहूंगा कि वो आम जनजीवन को बाधित ना करें. सरकार की मदद करें और बातचीत करें. सरकार किसानों की मांगों को लेकर प्रतिबद्ध है. हमने उन्हें आश्वासन दिया है कि प्रशासन से जुड़े कार्यों में तेजी लाई जाएगी, लेकिन नए कानून बनाने में अभी बहुत बातों पर विचार करना है. आने वाले दिनों में हम किसान संगठनों से चर्चा करना चाहते हैं.

**मैं किसानों के साथ खड़ा हूं : राहुल गांधी :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने किसानों के ''दिल्ली चलो'' मार्च के दौरान पुलिस कार्रवाई में घायल हुए किसान गुरमीत सिंह से बुधवार को फोन पर बात की और इस आंदोलन के प्रति अपना समर्थन जताया. राहुल ने कहा कि हम आपके साथ हैं. बातचीत के दौरान गुरमीत ने बताया कि अब तक 100 से ज्यादा किसान इस आंदोलन में घायल हो चुके हैं, जिसमें से 3-4 की हालत गंभीर है.

**संवाद के लिए सकारात्मक महौल बने : पंढेर :** किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने बुधवार को कहा कि कृषक अपनी मांगों को लेकर केंद्र से बातचीत के लिए आने वाले किसी भी प्रस्ताव पर विचार करेंगे लेकिन, संवाद के लिए सकारात्मक महौल बनाया जाना चाहिए. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि वह न्यूतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के लिए कानून बनाएं.

**पंजाब सरकार के ड्रोन न भेजने के नोटिस पर गृहमंत्री का जवाब :** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने किसानों के मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बहुत बड़ी हैरानी की बात है कि पंजाब सरकार ने नोटिस जारी किया कि हमारी सीमा में ड्रोन मत भेजो... क्या यह हिंदुस्तान-पाकिस्तान हो गया. अगर हमारी पुलिस को मारकर कोई पंजाब में भाग जाएगा, तो क्या हम उसके पीछे जाकर उसे पकड़ नहीं सकते. बता दें कि पंजाब के पटियाला के उपायुक्त शौकत अहमद पर्रे ने अंबाला के उपायुक्त को पत्र लिखकर कहा था कि वे अंबाला के पास शंभू सीमा पर पंजाब के क्षेत्र के अंदर अपने ड्रोन न भेजें.

**दिल्ली की सभी सीमाओं पर मजबूत किलेबंदी :** किसानों को दिल्ली आने से रोकने के लिए पुलिस द्वारा बॉर्डर्स की किलाबंदी कर दी गई है. टिकरी-सिंघु और झरोदा बॉर्डर की सीमाएं पूरी तरह सील कर दी गई हैं ताकि, किसान अपने ट्रैक्टर और ट्रॉली से राजधानी में न घुस पाएं. वहीं, यूपी के साथ लगने वाले चिल्ला-गाजीपुर बॉर्डर को भी सील कर दिया गया है. टिकरी सीमा (दिल्ली-बहादुरगढ़) पर यातायात की आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गयी है. दंगा रोधी साजो-सामान के साथ सुरक्षाकर्मी तैनात हैं और स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है. सिंघु, टिकरी और गाजीपुर सीमा पर कई चरणों में अवरोधक, कंक्रीट के अवरोधक, लोहे की कीलें और कंटेनर लगाए गए हैं. आवश्यकता पड़ने पर इन सीमाओं पर तथा मध्य दिल्ली में सुरक्षा और बढ़ायी जा सकती है.

**हरियाणा के 7 जिलों में इंटरनेट बैन बढ़ा :** हरियाणा सरकार ने किसानों के 'दिल्ली चलो' आंदोलन के मद्देनजर सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट और एक साथ कई संदेश भेजने की सेवाओं पर निलंबन मंगलवार को दो दिन बढ़ाकर 15 फरवरी तक कर दिया. सरकार ने एक आदेश में कहा कि अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में यह प्रतिबंध लागू रहेगा.

### मनरेगा को मारना चाहती है मोदी सरकार : जयराम

मनरेगा संघर्ष मोर्चा और झारखंड मनरेगा वॉच की तरफ से बलराम और जेम्स हेरेंज ने मांग पत्र सामने रखा. मांग पत्र में परिवार के हर सदस्य को 100 दिन के काम की गारंटी, मनरेगा की मजदूरी दर 800 रुपया किए जाने, केंद्र सरकार पर दबाव डालकर मनरेगा कानून के अनुसार 15 दिन के भीतर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किए जाने सहित अन्य बिंदु शामिल हैं.

### झामुमो और कांग्रेस के पूर्व मंत्री ही हो सकते हैं...

कि उन्हें बाबा (गुरुजी) का आशीर्वाद मिल चुका है. मुख्यमंत्री जो भी जिम्मेवारी देंगे वह उसे राज्यहित में निभाने का पूरा-पूरा प्रयास करेंगी. सीता सोरेन का यह बयान यह साबित करता है कि बंसत सोरेन और सीता के सोरेन के बीच कड़ी स्पर्धा चल रही है. अंतिम समय में कौन बाजी मारता है, यह भी देखना दिलचस्प होगा. झामुमो अंदरखाने से मिली जानकारी के अनुसार झामुमो कोटे के मंत्रियों की सूची भी शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन से चर्चा के उपरांत तैयार हो चुकी है.

**12वीं बर्थ को लेकर झामुमो का पलड़ा भारी, गैर सोरेन परिवार को मिल सकती है जगह :** पिछले चार साल से रिक्त पड़ी मंत्रिपरिषद की 12वीं बर्थ को नयी चंपाई सोरेन सरकार में भरे जाने की पूरी उम्मीद है. इसको लेकर झामुमो कांग्रेस के बीच रस्साकसी जारी है. कांग्रेस ने इस पर फिर से दावा किया है. मगर झामुमो ने कांग्रेस के दावे को मानने से इनकार कर दिया है. अगर रिक्त पड़ा 12 वां मंत्री पद झामुमो के खाते में जाता है तो गैर सोरेन परिवार को इसमें जगह मिल सकती है. जिसमें दो वर्ष से पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से नाराज चल रहे सीनियर विधायक लोबिन हेंब्रोम को जगह मिल सकती है. चंपाई सोरेन सरकार को समर्थन देने के पहले से लोबिन भी गुरुजी से मिले थे और लंबी मंत्रणा की थी. इसके बाद उन्होंने विश्वास मत के पक्ष में मतदान करने की घोषणा की थी. वहीं इस 12 वीं बर्थ के लिए एक और सीनियर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी का नाम भी चर्चा में है. अब इसको लेकर क्या होता है, यह भी देखने वाली बात होगी.

### मनरेगा को मारना चाहती है मोदी...

मनरेगा संघर्ष मोर्चा और झारखंड मनरेगा वॉच की तरफ से बलराम और जेम्स हेरेंज ने मांग पत्र सामने रखा. मांग पत्र में परिवार के हर सदस्य को 100 दिन के काम की गारंटी, मनरेगा की मजदूरी दर 800 रुपया किए जाने, केंद्र सरकार पर दबाव डालकर मनरेगा कानून के अनुसार 15 दिन के भीतर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किए जाने सहित अन्य बिंदु शामिल हैं.

### देश की जनता प्रधानमंत्री की कायराना हरकत को साफ देख रही है

# कांग्रेस एमएसपी लागू करेगी : राजेश ठाकुर

संवाददाता। रांची

हरियाणा के शंभू बॉर्डर से किसानों ने 13 फरवरी को दिल्ली चलो मार्च शुरू किया. इस खास दिन पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ऐलान किया कि देश में कांग्रेस की सरकार बनी तो स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार हम एमएसपी की कानूनी गारंटी लागू करेंगे. राहुल के इस फैसले का झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने स्वागत किया है. राजेश ठाकुर ने कहा कि कल दिल्ली बॉर्डर पर किसानों के साथ केंद्र सरकार ने जो किया, उससे अंग्रेजी हुकूमत के काले दिनों की याद पुनः देशवासियों के जेहन मे ताजा हो गयी. देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी की इस कायराना हरकत को साफ देख रही है.



**न्याय के लिए हमेशा से संघर्षरत रही है कांग्रेस**

राजेश ठाकुर ने आगे कहा कि किसानों के आर्थिक जीवन में बदलाव किसी भी देश की तकदीर बदलने का काम करती है. आज भारत में हजारों की तादाद में किसान फसल का उचित मूल्य नहीं मिलने से आत्महत्या कर रहे हैं. लेकिन केंद्र सरकार इस भयावह स्थिति के बारे में जरा भी नहीं सोच रही है. ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से किसानों, गरीबों, मजलूमों के साथ खड़ी रही है. राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पहले चरण में किसान वर्ग के न्याय के लिए घोषणा की है. इसी तरह समाज के विभिन्न वर्गों के न्याय के लिए भी संघर्षरत कांग्रेस न सिर्फ चरणबद्ध घोषणा करेगी बल्कि, कांग्रेस की सत्ता आने के बाद उसे फौरी तौर पर लागू करेगी.

**बोले ठाकुर**

- देश के किसानों को कुचलने का प्रयास कर रही है भाजपा
- किसानों और गरीबों के साथ हमेशा से खड़ी है कांग्रेस

**देश संविधान से चलता है, ना कि पूंजीपतियों से**

राजेश ठाकुर ने कहा कि देश संविधान से चलता है, ना कि सत्ता में बैठे पूंजीपतियों के आका के इशारे पर. केंद्र सरकार की सत्ता में बैठे मठाधीश अपने पूंजीपति मित्रों के इशारे पर देश की रीढ़ किसानों को कुचलने का पूरा प्रयास कर रहे हैं. लेकिन कांग्रेस किसानों के हर संघर्ष में उनके साथ पहले भी खड़ी थी और आज भी खड़ी है.

## पाम इंटरनेशनल स्कूल में ताइक्वांडो प्रशिक्षण सह ग्रेडिंग संपन्न हुआ

**रांची।** रांची ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में प्रशिक्षक मास्टर मो शहाबुद्दीन के नेतृत्व में पाम इंटरनेशनल स्कूल बारियातू में एकदिवसीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण सह ग्रेडिंग संपन्न हुई. इसमें विद्यालय के 50 छात्र छात्राओं ने भाग लिया एवं अपनी कला का प्रदर्शन किया. रांची ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव मास्टर सैयद फारूक इकबाल ने ताइक्वांडो ग्रेडिंग में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं के बेसिक, किकिंग टेक्निक का निरीक्षण किया. उन्होंने इस दौरान होने वाली तकनीकी कमियों की जानकारी दी. मास्टर मो. शहाबुद्दीन ने कहा कि विद्यालय में ताइक्वांडो मार्शल आर्ट सीखने वालों की संख्या अच्छी है. बच्चों का प्रदर्शन उत्तम रहा है. आगे राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन करने की संभावनाएं हैं. जल्द ही विद्यालय में इंटर हाउस ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित होगी.

# पलामू के पूर्व सांसद घूरन राम आज भाजपा का थामेंगे दामन

विशेष संवाददाता। रांची

राजद के वरिष्ठ नेता और पलामू के पूर्व सांसद घूरन राम 15 फरवरी को रांची या गढ़वा में भाजपा का दामन थामेंगे. कार्यक्रम कहां होगा यह अभी खुलासा नहीं हो पाया है. लोकसभा चुनाव के पहले घूरन राम का राजद छोड़कर भाजपा की ओर जाने से पलामू में राजद और इंडिया गठबंधन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है.

घूरन राम 2007 के लोकसभा उपचुनाव में राजद के टिकट पर पलामू से सांसद बने थे. 2009, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में घूरन राम राजद के टिकट पर पलामू से लोकसभा का चुनाव लड़े. जिसमें वे दूसरे स्थान पर रहे. घूरन राम का पलामू के कई इलाकों में अच्छी पकड़ है. पलामू लोकसभा सीट राजद की परंपरागत सीट रही है. पार्टी ने पलामू, चतरा, कोडरमा और गोड्डा लोकसभा सीट पर अपना दावा पेश किया है. कांग्रेस ने भी इंडिया गठबंधन की तरफ से पलामू लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है. घूरन राम कहा कि वे राजद में लगातार स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे थे. झारखंड में गठबंधन की सरकार चल रही है, लेकिन इसमें एक भी अनुसूचित जाति के विधायक को मंत्रिमंडल में स्थान चार साल के दौरान नहीं दिया गया. इसके अलावा बोर्ड-निगम के गठन में भी एक भी अनुसूचित जाति के व्यक्ति को स्थान नहीं मिला है. इस बात से उन्होंने राजद के केंद्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को कई बार झारखंड में उत्पन्न इस विकट समस्या से अवगत कराया, लेकिन उनकी ओर से कभी भी इस पर गंभीरता नहीं दिखाई गई.

**आस्था**

### हजारों की संख्या में आदिवासियों के पवित्र तीर्थ स्थल सिरासीता नाले का किया दर्शन

# हेमंत सोरेन को बुरी छाया से मुक्त करने के लिए पूजा-अर्चना

विशेष संवाददाता। रांची

बसंत पंचमी के मौके पर हजारों की संख्या में सरना आदिवासियों ने गुमला स्थित आदिवासियों के पवित्र धार्मिक सृष्टि स्थल सिरासीता नाले के दर्शन किये. प्रदेश सरना धर्मगुरु राजेश लिंडा एवं पाहन दुलार मुंडा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में लोग बुधवार को सिरासीता नाले पहुंचे. इस कार्यक्रम में झारखंड के अतिरिक्त बिहार, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, बंगाल,आदि राज्यों से भी आदिवासी संगठन पहुंचे और अपनी धार्मिक आस्था व्यक्त की. इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने पूरे



विश्व की सुख शांति, समृद्धि खुशहाली की कामना की. इसके साथ ही इस साल विशेष रूप से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए धर्मेस बाबा, सिंगबोंगा और सरना मां से अर्जी, विनती की गयी, ताकि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर वर्तमान में जो भी बुरी छाया है. वह जल्द ही दूर हो जाये और वे अपने पद और कार्य पर पुनः लौटें.

**ककड़ो लाता में अना आद्दि का हुआ सरना प्रार्थना**

स्थानीय पाहन दुलार मुंडा और प्रदेश सरना धर्मगुरु राजेश लिंडा के नेतृत्व में ककड़ो लाता के पास अना आद्दि सरना प्रार्थना के बाद पूजा की गई. विनती प्रार्थना का आयोजन सिरसी ग्राम में हुआ. इसके बाद धर्म कंडो का दर्शन एवं ढकनी चुआं का दर्शन कर सिरासीता नाले में अंतिम शांति विनती हुई. विनती कार्यक्रम में उत्तरी छोटानागपुर हजारीबाग के सरना धर्मगुरु रामदेव उरांव, उत्तरी छोटानागपुर हजारीबाग के अध्यक्ष रवि लिंडा, हजारीबाग के सरना धर्म गुरु बबन तिग्गा, हजारीबाग के अध्यक्ष विनीता तिग्गा, रामगढ़ के सरना धर्मगुरु संदीप टोप्पो, रामगढ़ के अध्यक्ष नागेश्वर मुंडा, पलामू के सरना धर्मगुरु मिथिलेश्वर उरांव, पलामू के अध्यक्ष शंकर उरांव, लातेहार के सरना धर्म गुरु रामप्यारी उरांव, लातेहार के अध्यक्ष प्रेमचंद उरांव , खूंटी के सरना धर्मगुरु सोमरा मुंडा, खूंटी के अध्यक्ष जयमंगल

**हर मन्नत होती है पूरी : नीरज मुंडा**

राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा ने कहा कि हम लोग जब से इस पवित्र जगह में आ रहे हैं. अपने दिल और दिमाग में शांति मन धार्मिक भावना से अपनी जो भी इच्छा और मनोकामनाएं पूजा करके मांगते हैं, उनको मिलता है. हम आदिवासी प्रत्येक साल माघ महीने के बढ़ती चांद वाले दिन में आते है. बढ़ती चांद को आदिवासियों में शुभ दिन माना जाता है.

**सरना मां व देव धर्मेश का वास है : जलेश्वर**

राष्ट्रीय महासचिव जलेश्वर उरांव ने सिरासिता के बारे में विस्तारपूर्वक धार्मिक महत्व को बताया. यह हम आदिवासियों का सृष्टि स्थल है. ककड़ो लाता सृष्टि स्थल , गंगला खाइड़ में सरना मां और धर्मेस बाबा के रहने का स्थल है. धर्म कांडो सरना मां और धर्मेस बाबा का दो पीड़हा हैं. धर्म के दो पीड़हे में बैठकर अपने बेटा बेटी को जीवन जीने का रास्ता बतलाए.

# किसानों की एक और चुनौती

किसानों को दिल्ली पहुंचने से क्यों रोका जा रहा है? यह एक आम सवाल है, जिसका जवाब देश का मेहनतकश तबका जानना चाहता है. ऐसा लग रहा है कि केंद्र सरकार ने एक साल तक चले किसान आंदोलन का सबक भुला दिया है. तभी वह एक बार फिर किसान आंदोलन को रोकने और किसानों को दबाने के लिए उन्हीं उपायों का सहारा ले रही है, जिनका इस्तेमाल 2020-21 के किसान आंदोलन के समय किया गया था. तब किसानों को दिल्ली कूच करने से रोकने के लिए रास्ते बंद किए गए. फोन और इंटरनेट पर पाबंदी लगाई गई. किसानों को बदनाम करने के लिए एक पूरा इकोसिस्टम विकसित किया गया, जिसने किसानों और उनसे सहानुभूति रखने वालों को देशद्रोही ठहराया. किसानों को विदेश से फंडिंग मिलने और भारत विरोधी टूलकिट से मदद मिलने की बातें प्रचारित करके उनको बदनाम करने का प्रयास किया गया. इन सबका कुल जमा नतीजा यह था कि किसान एक साल तक सड़क पर लड़ते रहे, जिसमें सात सौ किसानों की जान गई और अंत में केंद्र सरकार को तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े.

पंजाब से लगती हरियाणा की सीमा पर ऐसी बाड़ेबंदी की गई है, जैसी भारत पाकिस्तान की सीमा पर नहीं है. सड़कों पर कंक्रीट की दीवारें खड़ी कर दी गई हैं. लोहे की बड़ी बड़ी कीलें सड़कों पर लगाई गई हैं.

जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए तीनों कृषि कानून वापस लेने का ऐलान किया तब ऐसा लगा था कि सरकार को सबक मिल गया है. सरकार ने समझ लिया है कि किसानों से टकराने या उन्हें आजमाने का कोई मतलब नहीं है, लेकिन एक बार फिर किसान आंदोलन पर उतरे हैं तो वही सारी तिकड़में आजमाई जा रही हैं. किसानों से दिखावे की बातचीत हुई है, जैसी बातचीत तब होती थी. किसान नेताओं के ट्विटर हैंडल बंद कराए गए हैं. पंजाब से लगती हरियाणा की सीमा पर ऐसी बाड़ेबंदी की गई है, जैसी भारत पाकिस्तान की सीमा पर नहीं है. सड़कों पर कंक्रीट की दीवारें खड़ी कर दी गई हैं. लोहे की बड़ी बड़ी कीलें सड़कों पर लगाई गई हैं. कंटेनर लगा कर सड़कों को बंद किया गया है. किसानों के ऊपर ड्रोन से आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है. दिल्ली की सीमा भी चारों तरफ से बंद कर दी गई है. सोचें, किसान ऐसा क्या कर रहे हैं कि उनके लिए इस तरह से उपाय करने की जरूरत है? किसान उन्हीं मांगों को तो दोहरा रहे हैं, जिनको सरकार ने नवंबर 2021 में मान लिया था. उस समय सरकार ने किसानों से कई वादे किए थे, लेकिन एक बार आंदोलन खत्म होने के बाद जब किसानों की मांगें पूरी करने की बारी आई तो टालमटोल का दौर शुरू हो गया. न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की किसानों की मांग पर एक कमेटी बना दी गई. कमेटी की रिपोर्ट का क्या हुआ किसी को पता नहीं है, लेकिन इतना पता है कि किसान सरकार की पहल से संतुष्ट नहीं हैं और न सहमत हैं. तभी एक बार फिर उनको उसी मांग के लिए सड़क पर उतरना पड़ा है, जिसे मानने का वादा सरकार ने दो साल पहले किया था. किसान चाहते हैं कि न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिया जाए.

## सुभाषित

**खलः सर्षपमात्राणि पराच्छिद्राणि पश्यति।**
**आत्मनो बिल्वमात्राणि पश्यन्नपि न पश्यति॥**

दुष्ट मनुष्य को दूसरे के भीतर के राई इतने भी दोष दिखाई देते हैं, परन्तु अपने अंदर के बिल्वपत्र जैसे बड़े दोष नहीं दिखाई पड़ते. दुष्टों का यही स्वभाव होता है. उन्हें दूसरों के दोषों के वर्णन में बहुत आनंद की प्राप्ति होती है.

# जनता की सियासी एकता ही महत्वपूर्ण

**ममता के बाद केजरीवाल ने भी पंजाब और दिल्ली में अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है. नये साल की फ़रवरी की नौ तारीख़ तक देश को पांच नये 'भारत रत्न' प्राप्त हो चुके थे. गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर उल्लेखित जानकारी का हवाला देते हुए सोशल मीडिया पर प्रचारित किया जा रहा है कि साल में तीन से अधिक प्रतिभाओं को इस सर्वोच्च सम्मान से नवाज़ा नहीं जा सकता. लोकसभा चुनाव की तारीख़ें घोषित होना शेष है .**



• देश-काल



श्रवण गर्ग

वर्तमान के बुरे राजनीतिक दौर में ऊपरी तौर पर नज़र ऐसा ही आ रहा है कि जनता पूरी तरह से जड़ या स्थितप्रज्ञ हो गई है! उस पर किसी भी चीज अथवा बड़ी से बड़ी घटना का भी कोई असर नहीं पड़ रहा है. वह ऐसा जता रही है कि नीतीश कुमार द्वारा विपक्षी गठबंधन को लतिया कर प्रधानमंत्री मोदी के साथ पुनः हाथ मिला लेने अथवा प्रतिष्ठित 'लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स' के स्नातक (चौधरी चरणसिंह के पोते) जयंत चौधरी द्वारा अखिलेश यादव की पार्टी के साथ धोखाधड़ी कर एनडीए के साथ जुड़ जाने की कार्रवाई से भी उसे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ा है! यह संपूर्ण सत्य नहीं है. जनता सब कुछ देख रही है, पर जान-बूझकर न तो रो रही है और न ही हंस रही है. वह सन्नाटा ओढ़कर दल-बदलुओं का मुजरा देखते हुए अपनी बारी का इंतज़ार कर रही है. दबी ज़ुबान से पूछने अवश्य लगी है कि चुनावों के पहले और कितनों को 'भारत रत्न' बनाया जाएगा ! सरकार की मदद के लिए कई नाम भी सुझाए जा रहे हैं. जैसे कांशीराम, बीजू पटनायक, राजशेखर रेड्डी, करुणानिधि, बाल ठाकरे, शरद पवार, आदि. ममता और केजरीवाल के पुरखों में भी किसी योग्य नाम की तलाश की जा रही है. ममता के बाद केजरीवाल ने भी पंजाब और दिल्ली में अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है. नये साल की फ़रवरी की नौ तारीख़ तक देश को पांच नये 'भारत रत्न' प्राप्त हो चुके थे. गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर उल्लेखित जानकारी का हवाला देते हुए सोशल मीडिया पर प्रचारित किया जा रहा है कि साल में तीन से अधिक प्रतिभाओं को इस सर्वोच्च सम्मान से नवाज़ा नहीं जा सकता. लोकसभा चुनाव की तारीख़ें घोषित होना शेष है . दावे के साथ नहीं कहा जा सकता कि अवमूल्यन प्रतिष्ठित अलंकरण का हो रहा है या सम्मानित होने वाली विभूतियों का अथवा दोनों का! इस बात की जानकारी भी मिलना बाक़ी है कि जो महानुभाव इस गौरवशाली सम्मान से पूर्व में अलंकृत हो चुके हैं, वे या उनके परिवारजन इस समय कैसा महसूस कर रहे हैं ! विश्वास के मत पर बोलते हुए तेजस्वी यादव ने 12 फ़रवरी को बिहार विधानसभा में आरोप लगाया कि 'भारत रत्न' का उपयोग 'डीलिंग' के लिए किया जा रहा है. नीतिश कुमार बैठे हुए अपने पूर्व उपमुख्यमंत्री को सुनते रहे. जनता अकेले में कई सवाल भी करने लगी है ! पहला यह कि जब दावे के साथ घोषणा की जा रही है कि मोदी तीसरी बार भी सत्ता में आने वाले हैं, एनडीए को चार सौ से अधिक और भाजपा को तीन सौ सत्तर सीटें मिलने जा रही हैं, प्रधानमंत्री अकेले ही सब पर भारी पड़ने वाले हैं तो सत्तारूढ़ दल को इस तरह से 'भारत रत्न' बांटने और विपक्षी दलों में तोड़फोड़ करने की ज़रूरत ही क्यों पड़ रही है?

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' दिये जाने के बाद से जो घटनाक्रम बना है, वह इसी ओर इशारा करता है कि इवीएम के दुरुपयोग को लेकर व्यक्त की जा रही आशंकाओं के बावजूद भाजपा भयभीत है ! नीतीश कुमार सरकार द्वारा सोमवार को विश्वास का मत प्राप्त करने के पहले चले घटनाक्रम ने बिहार की चालीस सीटों के भविष्य को लेकर भाजपा की चिंताओं को उजागर कर दिया. राहुल गांधी के कदम अभी राम जन्म भूमि पर पड़ने बाक़ी हैं. वे यूपी को ग्यारह दिन देने वाले हैं और हो सकता है राम-लला के दर्शन अखिलेश के साथ ही करें. भाजपा अपनी रणनीति में कोई चूक करती नज़र आती है. पार्टी को ग़लतफ़हमी हो गई लगती है कि विपक्ष के कुछ नेताओं के समर्थन की किडनियां ख़रीद लेने या जांच एजेंसियों की मदद से उनकी राजनीतिक नसबंदी कर देने भर से बाज़ी उसके पक्ष में पलट जाएगी. उसे कुछ और टोटका आज़माना पड़ेगा. भाजपा विपक्ष को ही जनता समझ बैठी है, जबकि हक़ीक़त उलट है. इस समय जनता ही विपक्ष के रोल में है. ख़रीदना समूची जनता को पड़ेगा. करोड़ों ग़रीबों को मुफ़्त का अनाज बांटा जा सकता है, पर उन्हें भारत रत्नों से विभूषित करके भी राजनीतिक विपक्ष की तरह तोड़ा नहीं जा सकता. न तो नीतीश और न ही जयंत चौधरी ही देश के असली विपक्ष का प्रतिनिधित्व करते हैं. ममता और केजरी को तोड़ लिया जाए तब भी जनता का विपक्ष नहीं टूटेगा. राजनीतिक विपक्ष को तोड़कर जनता के विपक्ष पर जीत नहीं दर्ज कराई जा सकती. सात फ़रवरी को राज्यसभा में दिए अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने आपातकाल के दिनों की ज़्यादतियों का हवाला दिया था. भाजपा अगर मानकर चल रही है कि उसकी चुनावी रथयात्रा अघोषित आपातकाल के 'कर्तव्य पथ' से गुज़रकर भी जनता के प्रतिरोधों का मुक़ाबला कर लेगी तो वह गलती पर है. 1975 के आपातकाल में पूरा विपक्ष या तो जेलों में बंद था या भूमिगत था फिर भी जनता के विपक्ष ने इंदिरा गांधी को हरा दिया था. सरकारों को अपदस्थ करने के लिए राजनीतिक विपक्ष की नहीं, बल्कि निष्पक्ष जनता की ज़रूरत पड़ती है.

राहुल गांधी इस जादूगरी को समझ गए हैं. वे ख़ुद के 'मन की बात' कम कर रहे हैं और जनता के मन की ज़्यादा सुन रहे हैं. भाजपा को जब तक समझ में आएगा कि राहुल अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के ज़रिए कांग्रेस को नहीं बल्कि जनता के विपक्ष को मज़बूत करने सड़कों पर निकले हुए हैं, तब तक काफ़ी देर हो चुकी होगी. संपूर्ण राजनीतिक विपक्ष भी अगर रत्नों की भेंट चढ़ जाए, तब भी जनता का विपक्ष अब देश की स्थायी ताक़त बनने जा रही है. जनता को इस बात से फ़र्क़ नहीं पड़ेगा कि दिल्ली में किस पार्टी या गठबंधन की हुकूमत क़ायम है. भाजपा को विपक्ष के गठबंधन से नहीं, बल्कि जनता की एकता से डरना चाहिए ! बहुमत के बल पर विपक्ष का संसद से निष्कासन किया जा सकता है, जनता को उसके देश से निष्कासित नहीं किया जा सकता.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## सदाचार का आधार

हममें सभी सद्गुण भय से ही स्थायित्व पाते हैं. भय प्रत्येक जीव की प्राकृतिक संज्ञा है. 'ईश्वर-आस्तिक' को ईश्वर के नाराज़ होने का भय होता है तो 'कर्म-फल-आस्तिक' को बुरे प्रतिफल मिलने का भय रहता है. 'नास्तिक' को बुरा व्यक्तित्व कहलाने का भय रहता है. भय के कारण ही सभी सदाचारी रहना उचित मानते हैं और कदाचारों से दूर रहने का प्रयास करते हैं. आस्तिकों को विशेष रूप से ईश्वर और कर्म-फल के प्रति श्रद्धा व सबूरी का आधार रहता है. अगर आस्तिक को सदाचार के एवज में प्रशंसा और प्रतिफल त्वरित न भी मिले तो वह सब्र कर लेता है और निर्णायक दिन या अगले जन्म तक का भी इन्तजार कर लेता है और आस्था के कारण अपने विश्वास से विचलित नहीं होता. वहां भौतिकवादी नास्तिक, सदाचार के प्रतिफल में विपरीत परिणामों का अनुमान मात्र लगाकर विचलित जाता है. अनुकूल परिणाम न आते देखकर निराश हो जाता है. क्योंकि धैर्य का उसके पास कोई औचित्य ही नहीं होता. वह शीघ्र ही सदाचार से पल्ला झाड़ लेता है. वह जरा सी प्रतिकूलता देखते ही अपने अनास्थक मानसिकता पर और भी मजबूत हो जाता है. इस प्रकार सदाचार पर टिके रहने के लिए न तो उसके पास पर्याप्त मनोबल होता है, और न ही प्रतिफल का पूर्ण विश्वास. पर्याप्त आधार के बिना भला वह क्यों सब्र करेगा? 'अच्छे का नतीजा अच्छा', या 'भले का परिणाम भला' वाला नीतिबल तो कब का नष्ट हो चुका होता है. नैतिकता पर 'चलने' का आधार समाप्त ही हो जाता है. विश्वास स्वरूप 'पैर' ही न हो तो कदम क्या खाक उठा पाएगा? इसी आशय से मैंने कहा था, "नास्तिकी-सदाचार के तो पैर ही नहीं होते" उसके पास दृढ़ता से खड़े रहने का नैतिक बल ही नहीं होता. किस भरोसे खड़ा रहेगा? भला वह क्यों मोल लेगा भावी के भरोसे, निश्चित कष्ट, प्रतीक्षा और अनावश्यक तनाव? तत्क्षण प्रतिशोध ही उनके लिए न्यायमार्ग होता है. और प्रतिशोध किसी भी दृष्टि से सदाचार नहीं है. सदाचरण सदैव, घोर परिश्रम, सहनशीलता और धैर्य की मांग करते है. अधिकांश बार उपकार का बदला अपकार से भी मिलता है. कई बार सदाचारियों की गणना कायरों में गिनी जाती है. सामान्यतया तो उसे डरपोक ही मान लिया जाता है. सदाचारी के शत्रुओं की भी संख्या बढ जाती है.

# राजा पोरस, हेमंत सोरेन और नीतीश कुमार

• सियासत

प्रेम कुमार मणि

सिकंदर ने जब भारत पर आक्रमण किया था, तब उसकी मुठभेड़ राजा पुरूवास से हुई थी, जो झेलम और चिनाब के बीच के इलाके का शासक था. तक्षशिला के राजा आम्भी ने सिकंदर की सहायता की थी. जैसा कि इस देश में हमेशा से होता रहा है. अपने भीतरी दुश्मनों के डाह-द्वेष के कारण ही भारत हारता रहा है. सब जानते हैं, लड़ाई में पुरुवास, जिसे यूनानी पोरस कहते थे, हार गया था. उस लड़ाई के विवरण में नहीं जाऊंगा. बस केवल एक संवाद को रखना चाहूंगा, जो पोरस और सिकंदर के बीच शायद हुआ था. कहते हैं, पराजित पुरुवास को जब सिकंदर के पास लाया गया, तब सिकंदर ने उससे पूछा- तुम्हारे साथ कैसा व्यवहार किया जाय? पुरुवास का जवाब था- जैसा एक राजा दूसरे राजा के साथ करता है. सिकंदर आश्चर्य चकित हुआ. कितनी खुद्दारी और कितना साहस भरा जवाब! लड़ाई के छल-छद्म में सिकंदर भले जीत गया हो, इस संवाद में उसने स्वयं को पराजित अनुभव किया. कहते हैं, उसने पोरस को गले लगाया, मित्रता की और उसका राज ससम्मान उसे वापस किया. पुरुवास किसान राजा रहा होगा. उसका इलाका जाट-अहीरों का इलाका है. इन्हीं का पुरखा रहा होगा. पुरु नाम से महाभारत कथा के पुरु का खयाल आता है. खैर ,जो भी था, बहादुर था वह. जम्बूद्वीप का हीरो. यूनानी योद्धा सिकन्दर को दो ही इंसान यहां मिले थे. एक पोरस और दूसरा ऋषि दण्डायन. यूनान का स्वप्निल बहादुर और दार्शनिक अरस्तु का शिष्य वाकई वीर रहा होगा कि इनके महत्व को समझ सका. हमारा जम्बूद्वीप तब इस चरित्र का था. मुझे पिछले दिनों पुरुवास का शौर्य झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस भाषण में दिखा, जिसे उन्होंने विधानसभा में दिया. मैं जानता हूं हमारी बौद्धिक मंडली इसका आकलन नहीं कर सकेगी. लेकिन उनका भाषण अब्राहम लिंकन के गेट्टीस्बर्ग सम्बोधन, (जिसे 19 नवंबर 1863 को पेन्सिनवालिया के गेट्टीस्बर्ग नगर में दिया गया था ) और जवाहरलाल नेहरू के आज़ादी की रात ( 15 अगस्त 1947 ) को दिए गए ट्रिस्ट विथ डेस्टिनी नामक भाषण की श्रेणी का है. मेरी यह तुलना अंग्रेजीदां द्विज बुद्धिजीवियों को अटपटा लग सकती है. लेकिन मैं अपनी राय पर कायम हूं.

हेमंत सोरेन को ईडी ने गिरफ्तार किया हुआ है. उन पर साढ़े आठ एकड़ जमीन के मामले को लेकर कार्रवाई चल रही है. नए मुख्यमंत्री केलिए फ्लोर टेस्ट में मतदान केलिए वह विधानसभा लाए गए थे. ईडी का आदेश था आप वहां कुछ बोलेंगे नहीं. लेकिन हेमंत बोले. इसलिए कि ईडी का हस्तक्षेप ही गैर संवैधानिक था. हेमंत ने उन

यूनानी योद्धा सिकन्दर को दो ही इंसान यहां मिले थे. एक पोरस और दूसरा ऋषि दण्डायन. यूनान का स्वप्निल बहादुर और दार्शनिक अरस्तु का शिष्य वाकई वीर रहा होगा कि इनके महत्व को समझ सका. हमारा जम्बूद्वीप तब इस चरित्र का था. मुझे पिछले दिनों पुरुवास का शौर्य झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस भाषण में दिखा, जिसे उन्होंने विधानसभा में दिया.

परिस्थितियों का जिक्र किया जिनके तहत उन्हें गिरफ्तार किया गया. बड़ी बात यह कि कानूनी पचड़े और अपनी बौद्धिक अल्पज्ञता को रेखांकित किया. कहा कि हम सीधे-साधे लोग कानूनी पचड़ों को उतना नहीं जानते और कुछ लोग इसका फायदा उठाते हैं. जाने कितने दिनों से दीक्कु लोग आदिवासियों को ऐसे ही उल्लू बनाते और काबू में लेते रहे हैं. बिरसा मुंडा का संघर्ष तो ऐसी ही जालफ़रेबियों के खिलाफ था. आदिवासी मुगलों से नहीं हारे, लेकिन अंग्रेजी कोर्ट-कचहरी ने उन्हें गुलाम बना दिया. अंग्रेजी राज से उनका विद्रोह 1857 से भी पहले से था. हेमंत ने आदिवासियत अस्मिता की बात उठाई. आदिवासी,पिछड़े, दलित जब हवाई जहाज में बैठते हैं, पांच सितारा होटलों में ठहरते हैं और बीएमडब्लू गाड़ी से चलते हैं, तो कुछ लोगों को सहन नहीं होता. उन्होंने भरे संकल्प के साथ कहा कि मैं आंसू नहीं बहाऊंगा, संघर्ष करूंगा और अपने आंसू वक्त केलिए रखूंगा. आदिवासी माथा झुका कर चलना नहीं जानते और आज़ाद ख़याली उनके खून में है. पूरे भाषण को कोई भी गूगल पर ढूंढ सकता है. यह एक कविता के शिल्प में है. इसीलिए मैंने इसे लिंकन और नेहरू के ऐतिहासिक भाषणों से जोड़ कर देखा है. हेमंत के बाद आते हैं नीतीश कुमार. कभी हमलोग मित्र रहे हैं. अनेक संघर्षों और सक्रियताओं में साथ रहे हैं. लेकिन कल जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनका फोटो और वक्तव्य देखा, सिर शर्म से झुक गया. क्या कोई इंसान इतना नीचे गिर सकता है ! मैं आज भी कहता हूं उनमें अनेक खूबियां रही हैं. लेकिन मुख्यमंत्री बने रहने के लिए कोई इतना नीचे कैसे गिर सकता है. कल तक वह इंडी गठबंधन के शिल्पकार थे. उनके चापलूस उन्हें प्रधानमंत्री मटेरियल बता रहे थे. यह मटेरिअल पखवारे भर में इतना पिलपिला हो गया कि जिसके खिलाफ लड़ने चला था, उसके बाजू में खड़ा हो, उसे गुलदस्ता देते हुए गिड़गिड़ा रहा है कि अब मैं कभी इधर-उधर नहीं जाऊंगा. इससे बेहतर किसी का मर जाना होता.

# कर्ज ले कर कब तक घी पीते रहेंगे!

• आर्थिकी

देवेंद्र

2024-25 के अन्तरिम बजट में कोई लालीपाप नहीं. जनता से जुड़ी हर योजनाओं पर जो बजट दिए गए हैं, उसमें बजट के आकार और महंगाई की तुलना में नगण्य वृद्धि की गई है. क्या मोदी को भरोसा हो गया है कि हर हाल में सत्ता में उन्हें ही रहना है? क्या मौजूदा चुनाव महज एक औपचारिकता भर रह गया है? ऐसा नहीं, दरअसल राममंदिर नामक सबसे बड़ा लालीपाप दे दिया गया है. अब इसके आगे किसी लालीपाप की जरूरत नहीं महसूस हो रही है. सरकार ने जनता को मंदिर दे दिया है तो अब और कुछ देने की जरूरत नहीं है, अब पूरा ध्यान उन्हें मालिक वर्गों की सेवा में लगाना है. राजस्व घाटा कम करने के लिए कल्याणकारी योजनाओं में कटौती की गयी हैं. शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, मनरेगा व आयुष्मान सहित खाद्य सुरक्षा, बाल महिला वंचित समुदाय कल्याण, ग्रामीण विकास, आदि के बजट में मामूली वृद्धि कर दी गई है, जो बजट के आकार और महंगाई की तुलना में बहुत कम है. हमारे देश का बजट अर्धसामन्ती भूस्वामियों, बड़े पूंजीपतियों, विदेशी साम्राज्यवादियों के हितों को ध्यान में रखकर बनाए जाते हैं. अमेरिकी सुपर पावर विश्वबैंक, अन्तरराष्ट्रीय मुद्राकोष, विश्व-व्यापार संगठन के माध्यम से पूरे बजट की निगरानी करता है. ये अन्तरराष्ट्रीय संस्थाएं शोषकवर्ग के मुनाफे को ध्यान में रखकर तीसरी दुनिया के देशों का बजट बनवाती रही हैं. यह बजट किसके हित में है इसमें खर्च हो रही रकम को देखकर समझा जा सकता है. इस साल (2024-25) के बजट में कुल खर्च 47,65,768 करोड़ (47.65 लाख करोड़) है. जब कि 2023-24 के लिए भारत में कुल व्यय 44,90,486 करोड़ था. यह 47.65 लाख करोड़ रुपये कहां से आएंगे? 28 प्रतिशत उधार लिया गया, 1 प्रतिशत ऋण से भिन्न पूंजी से, 7 प्रतिशत ऋण भिन्न प्राप्तियों से, 18 प्रतिशत जीएसटी व अन्य टैक्स, 19 प्रतिशत आयकर, 5 प्रतिशत केंद्रीय उत्पाद शुल्क, 4 प्रतिशत सीमा शुल्क, 17 प्रतिशत निगम कर से प्राप्त होगा. मगर वास्तव में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, सूदखोरी, जमाखोरी, मिलावटखोरी, नशाखोरी, जुआखोरी...आदि अनेकों तरीकों से जनता का खून निचोड़ कर हर तरह के टैक्स भी जनता से ही निचोड़ा जाता है. बजट का 20 प्रतिशत ब्याज अदायगी पर, 16 प्रतिशत केंद्रीय योजनाओं में (रक्षा और आर्थिक सहायता को छोड़ कर), 8 प्रतिशत केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं में, 20 प्रतिशत करों और शुल्कों में राज्यों का हिस्सा दिया जाएगा. 4 प्रतिशत पेंशन, शेष 9 प्रतिशत अन्य मदों में व्यय होगा. मगर जो भी व्यय

राजस्व घाटा कम करने के लिए कल्याणकारी योजनाओं में कटौती की गयी हैं. शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, मनरेगा व आयुष्मान सहित खाद्य सुरक्षा, बाल महिला वंचित समुदाय कल्याण, ग्रामीण विकास, आदि के बजट में मामूली वृद्धि कर दी गई है, जो बजट के आकार और महंगाई की तुलना में बहुत कम है. हमारे देश का बजट अर्धसामन्ती भूस्वामियों, बड़े पूंजीपतियों, विदेशी साम्राज्यवादियों के हितों को ध्यान में रखकर बनाए जाते हैं.

होगा वह जनहित को ध्यान में रखकर नहीं होगा, बल्कि पूंजीपतियों के मुनाफे को ध्यान में रख कर होगा. रक्षा बजट 621540 करोड़ का है. मगर जिस कृषि पर 65 प्रतिशत जनता आश्रित है, उस कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के विकास के लिए सिर्फ 1,46,819 करोड़ निर्धारित हैं. शिक्षा और चिकित्सा जो किसी भी देश तरक्की की बुनियाद बनाते हैं, उस शिक्षा व चिकित्सा पर क्रमशः 1,24,638 करोड़ रुपए व 90,171 करोड़ रुपए का निवेश होगा. जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है. हर योजना के पीछे शोषकवर्गों का मुनाफा छिपा होता है. हर बार जनता को आपस में लड़ा कर बजट की बंदर बांट होती है. सीमेंट, लोहा, गिट्टी, मोरंग, डामर से जुड़ी कम्पनियां चाहती हैं, बजट का ज्यादा से ज्यादा हिस्सा सड़क, पुल, भवन आदि के निर्माण पर खर्च हो ताकि उनका भारी मुनाफे के साथ उनका माल बिके. रहथियार बनाने वाली कम्पनियां चाहती हैं कि रक्षा बजट बड़े से बड़ा हो, ताकि उनका हथियार भारी मुनाफे के साथ बड़े पैमाने पर बिके. बैंकिंग कम्पनियां चाहती हैं कि बिना जोखिम उनका सूदखोरी का धंधा चलता रहे, तो सरकार लखपति बहना जैसी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, शिक्षा लोन, विभिन्न रोजगारों के नाम पर लोन देने की योजनाएं चलाती है. क्रेडिट लोन 70 हजार से बढ़ा कर 2 लाख20 हजार कर दिया गया. पर्सनल लोन 5 लाख से बढ़कर साढ़े चौदह लाख कर दिया.स्थिति यह है कि खेती करने वाले भूमिहीन व गरीब किसानों के पास जमीन न होने, कृषि उपज का लाभकारी मूल्य न मिलने; सस्ते में खाद, बीज, बिजली, सिंचाई, कीटनाशक, कृषि उपकरण, खरपतवारनाशक, डीजल, पेट्रोल आदि न मिल पाने से किसान तबाह है. ऊपर से फर्टिलाइजर पर सब्सिडी घटा दी गई. किसानों के पास क्रयशक्ति नहीं है. तो गरीब किसान क्या खरीदेगा? देहातों में बहुत लो कंजम्पशन यद्यपि मनरेगा बजट 60 हजार करोड़ से बढ़ाकर 86 हजार करोड़ किया गया है मगर 27 करोड़ मनरेगा मजदूरों के लिए यह रकम बहुत छोटी है.

## मीडिया में अन्यत्र

# राजकोषीय संघवाद को लेकर चिंता

**बजट** सत्र के दौरान यह एक किस्म की परिपाटी सी बन गई है कि दक्षिण भारत के कुछ राज्यों की सरकारों ने करों में अपनी हिस्सेदारी को लेकर आपत्ति जताई है. यानी केंद्र सरकार के राजकोषीय संघवाद पर प्रश्नचिह्न लगाया है. उनकी शिकायत नई नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में उसके साथ अतिरिक्त राजनीतिक अर्थ जुड़ गए हैं. स्वाभाविक सी बात है कि जिन राज्यों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार नहीं है, उनकी ओर से शिकायत होना स्वाभाविक है. यह याद किया जा सकता है कि जिस समय केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार थी तब गुजरात की सरकार ने भी राजकोषीय संघवाद को लेकर चिंता प्रकट की थी. परंतु कुछ बातें ऐसी हैं जिन पर राजनीति से परे भी विचार करना आवश्यक है. राजकोष में जो राशि आती है और कुछ राज्यों को जो हासिल होता है उसके बीच का अंतर इतना अधिक हो रहा है कि इस ओर राजनीतिक ध्यान आकृष्ट होना लाजिमी है. केंद्र सरकार को यह बात समझनी होगी कि वह देश के संसाधनों पर प्राथमिक तौर पर हक नहीं जमा सकती है. खासकर यह देखते हुए कि विकास संबंधी कई कार्य मुख्य तौर पर राज्य सरकारों द्वारा किए जाते हैं. एक संस्थागत व्यवस्था जो हमारे देश में कारगर रही है, वह यह है कि एक के बाद एक विभिन्न वित्त आयोगों ने कर विभाजन का जो फॉर्मूला तैयार किया, उसका मान रखा गया. यह केंद्र सरकार पर निर्भर करता है कि वह फॉर्मूले को स्वीकार करे या अस्वीकार करे लेकिन आयोग की अनुशंसाओं को हमेशा स्वीकार किया गया है. बहरहाल इस अवसर पर केंद्र सरकार ने हस्तांतरण के फॉर्मूले का भावना के स्तर पर उल्लंघन किया है. पिछले कुछ वर्षों में उन उपकरों और शुल्कों में बढ़ोतरी हुई है, जो राज्यों के साथ बांटे जाने वाले करों में नहीं आते. इससे केंद्र के पास वे संसाधन बढ़े हैं, जिन्हें राज्यों के साथ साझा नहीं करना पड़ता. देश के मौजूदा ढांचे को देखें तो केंद्र सरकार स्वाभाविक तौर पर दक्षिण भारत के राज्यों की इस बुनियादी शिकायत को दूर नहीं कर सकती है कि गरीब और अधिक आबादी वाले राज्यों की तुलना में उनसे ज्यादा कर वसूला जा रहा है. यह एक राजनीतिक प्रश्न है, जिसे चतुराईपूर्वक हल करना होगा. अतीत में ऐसा किया जाता रहा है. परंतु केंद्र सरकार इस समस्या का पर्यवेक्षण करते हुए सावधानीपूर्वक कदम उठा सकती है. केरल के सुझाव के मुताबिक केंद्र सरकार को राज्य निवेश फंडों से ऋण लेने संबंधी दिक्कतों की समीक्षा करनी चाहिए. उसे उपकरों और शुल्कों के जरिए राजस्व संग्रह भी कम करना चाहिए. विभिन्न विकास योजनाओं के लिए राज्यों को हस्तांतरण में मनमानापन कम करने की भी पर्याप्त वजह है.



(बिजनेस स्टैंडर्ड)

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### इंदिरा/इंद्रा/इंद्रिय

**इंदिरा** और इंद्रा की वर्तनी में भले ही भिन्नता हो, लेकिन उच्चारण में दोनों एक दूसरे के बहुत निकट जान पड़ते हैं. यदि झटके में बोले जाये तो इंदिरा का उच्चारण इंद्रा जैसा हो जाता है. पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का नाम दशकों पूर्व विश्व में लोकप्रिय हो चुका था, पेप्सिको की पूर्व अध्यक्ष और सीईओ इंदिरा नूई के चलते इस नाम की विश्व प्रसिद्धि आज भी बनी हुई है. इंदिरा और इंद्रा दोनों संस्कृत मूल के तत्सम शब्द हैं. विभिन्न शब्दकोशों के अनुसार इंदिरा शब्द का अर्थ है देवी लक्ष्मी, समृद्धि प्रदान करने वाली, लक्ष्मी की उपाधि, विष्णु की पत्नी, देवी इंदिरा जो फूल की पंखुड़ियों से सृष्टि के समय निकली थीं. रामचरित मानस में सती प्रसंग के क्रम में गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है-सती विधात्री इंदिरा देखी अमित अनूप. इस शब्द का अर्थ शोभा, कांति, आश्विन के कृष्ण पक्ष एकादशी, काव्यशास्त्र के अनुसार एक समवार्णिक छंद. रेख्ता उर्दू-हिंदी शब्दकोश के अनुसार अरबी भाषा में भी इंदिरा शब्द है, जिसका अर्थ है सामने आना, घटना के लिए तैयार रहना. इंद्रा शब्द इंद्र से बना है, जिसका सामान्य अर्थ है इंद्र की पत्नी, इंद्राणी. रेख्ता के अनुसार इंद्राणी का मतलब बहुत बढ़िया, सबसे पहले, आकाश का परमेश्वर, आत्मा, उदार, सबसे अच्छा, बादल. इंद्र को सभी देवताओं का नायक कहा जाता है. इंद्रिय शब्द इंदिरा और इंद्रा दोनों से भिन्न है. इंद्रिय को संस्कृत भाषा में करण भी कहा जाता है. इंद्रिय शरीर के वे अंग है, जिनके माध्यम से कर्म होता है और बाहरी विषयों रूप, रस, गंध स्पर्श तथा अभ्यंतर विषयों सुख, दुःख आदि का ज्ञान प्राप्त होता है. इंद्रियों के अभाव में हम विषयों का ज्ञान किसी प्रकार प्राप्त नहीं कर सकते और न कोई कर्म कर सकते हैं. इंद्रियां 14 हैं. उनमें पांच ज्ञानेंद्रियां- आंख, कान, नाक, जीभ और त्वचा; पांच कर्मेंद्रियां- हाथ, पैर, मुंह, गुदा और लिंग और चार अंतःकरण- मन बुद्धि, चित्त और अहंकार शामिल हैं.

# आखिर भाग ही जाते हैं भागनेवाले

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

बैंक से करोड़ों रूपए उधार लेकर रईसजादे विदेश चकमा देकर भाग जाते हैं. कहते हैं इस तरह लगभग एक दर्जन से ज्यादह लोग भाग गए. सारा देश और मीडिया उनके पीछे दौड़ रहा है, लेकिन वे पकडाई में नहीं पा रहे हैं. अपने घरों में बंद लड़कियां तो आए दिन सैकड़ों की संख्या में अपने प्रेमियों के साथ भाग खडी होती हैं. घर वालों को उनके भाग जाने के बाद ही पता चल पाता है. खुली हवा के किए तरस रहे जेल में बंद कैदी भाग जाते हैं, जेल अधिकारियों को खबर तक नहीं लग पाती. परीक्षा-कक्ष में उत्तर-पुस्तिका लेकर शातिर परीक्षार्थी चुपके से भाग निकलते हैं और मुश्किल इन्विजिलेटर्स की आती है. अजीब भागमभाग मची हुई है. कहने वाले तो कह रहे हैं कि सारी दुनिया ही तेज़ रफ़्तार से भागी चली जा रही है. हर कोई इस दौड़ में शामिल है. जो नहीं दौड़ पा रहे हैं, वे पिछड़ रहे हैं, या पिछड़ गए हैं. पिछड़ न जाएं इसलिए भागना ज़रूरी है. एक तरह की आपाधापी सी मची हुई है. भागने का अर्थ दौड़ना होता है. सामान्यतः लोग अपने पैरों से चलते हैं और ज़ाहिर है, पैरों से ही भागते और दौड़ते भी हैं, लेकिन ये 'भागनेवाले' अपने पैरों का इस्तेमाल किए बगैर ही भाग खड़े होते हैं. कमाल की बात है. उनके भाग खड़े होने में यह भी पता नहीं चल पाता की वे वाकई में 'भागे', हैं या अभी भी 'खड़े' हैं. ढूंढ़ना पड़ता है. ढूंढे नहीं मिलते. हम अपनी हेकड़ी में भले ही कहते रहें कि भाग कर कहां जाओगे बच्चू, लेकिन बच्चू तो जा चुके हैं और हम सिर्फ पता ही लगाते रह गए हैं. धीरे धीरे नियमित रूप से चलते रहना, दौड़ने से बेहतर है. दौड़ने वाले अपने दौड़ने के गरूर में सुस्त पड़ सकते हैं-या फिर, लड़खड़ा कर गिर भी सकते हैं. दौड़िए मत. टहलना बेहतर है. नियमित रूप से सुबह रोज़ टहलिए. छुटपन में हमें याद है एक खेल खेला करते थे-चूहा दौड़ बिल्ली आई. दो बच्चे किसी बड़े व्यक्ति का दाहिना और बायां हाथ पकड़ कर गोल गोल भागते थे- एक चूहा बनता था, एक बिल्ली. लेकिन बिल्ली चूहे को कभी भी पकड़ नहीं पाती थी. बस, चूहे की ही तरह गोल-गोल घूमती ही रहती थी. आपके ऊपर यदि किसी का वरद हस्त हो तो क्या मजाल कमज़ोर होने के बावजूद आपको कोई छू तो सके. जो भागने वाले थे भाग गए. उन्हें क्या कोई अब तक छू सका है? मुबारक हैं वो जो इस दौड़ में नहीं हैं.



# सुकून

## मोटिवेशन

# समय के साथ चलिए



डॉ कुमार संजय
शिक्षाविद

**अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा है कि इंटेलिजेंट वही है जो अपने आप को बदलना जानता है. समय के साथ बदलना जरूरी है. जो समय के साथ नहीं चलते वे पीछे छूट जाते हैं. कई क्षेत्रों में अपने आप को बदलने की सख्त जरूरत है. आज पढ़ाई और करियर से संबंधित बदलाव के बारे में बात कर रहा हूं. इस पर गौर करें.**

1. **पढ़ाई** : आज का दौर स्पेशलाइजेशन का है. कुछ भी पढ़ लेने से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला, भले ही आप टॉपर क्यों न हों. परंपरागत विषयों में ग्रेजुएशन करके कोई फायदा नहीं है. ट्वेल्थ के बाद बहुत सोच समझकर जॉब ओरिएंटेड कोर्स करना चाहिए ताकि ग्रेजुएशन के बाद व्यक्ति कमाने के योग्य बन सके.

2. **ऑर्गेनाइजेशन** : छात्रों की पूरी कोशिश होनी चाहिए कि वे टॉप रैंकिंग एजुकेशनल ऑर्गेनाइजेशन से ट्वेल्थ के बाद की पढ़ाई करें. तभी उनको सही प्लेसमेंट मिलेगा और अच्छी सैलरी भी. कहीं से कुछ भी पढ़ लेना समय और पैसे की बर्बादी है. इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट यहां तक कि सिम्पसल ग्रैजुएशन भी बहुत अच्छे ऑर्गेनाइजेशन से करें.

3. **डिग्री** : 12th के बाद तभी पढ़ाई करें जब आपको पढ़ाई में मन लगता हो. पढ़ाई में मन नहीं लगता, तो ऐसे करियर की तलाश करें, जिसमें पढ़ाई कम, प्रैक्टिकल, फील्ड वर्क, ट्रेनिंग ज्यादा हो. डिप्लोमा कोर्स करें. ऐसी पढ़ाई जिसके बाद नौकरी मिलने की गुंजाइश हो.

4. **नॉलेज** : आजकल सिर्फ सर्टिफिकेट और डिग्री से कुछ नहीं होता. आपको मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए. बिना नॉलेज के आप कोई प्रतियोगिता परीक्षा, इंटरव्यू नहीं निकाल सकते. बिना नॉलेज के आजकल एक साधारण सी प्राइवेट नौकरी भी नहीं मिलती. इसलिए जैसे-तैसे सिर्फ डिग्री हासिल करने वाली पढ़ाई न करें. पढ़ना है तो मन लगाकर पढ़ना है.

5. **स्मार्टनेस** : अच्छे रिजल्ट के साथ-साथ आपको स्मार्ट होना जरूरी है. आपका कम्युनिकेशन स्किल अच्छा होना चाहिए. याद रखें 85% सफलता हमारे स्मार्टनेस और अच्छे कम्युनिकेशन स्किल के बल पर मिलती है. शुरू से ही पढ़ाई के साथ-साथ अपने कम्युनिकेशन स्किल्स पर ध्यान दें. स्कूल-कॉलेज में होने वाले सारे कल्चरल और एजुकेशनल इवेंट्स में भाग लें. पेरेंट्स सिर्फ 'पढ़ो-पढ़ो' वाली सोच से बाहर निकलें. पढ़ाई के साथ-साथ अपने बच्चों को एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें.

6. **सरकारी नौकरी** : सरकारी नौकरी की तैयारी के पीछे 10-15 साल गवां देना सरासर बेवकूफी है. इसकी तैयारी 10वीं या 12वीं के बाद ही शुरू कर दें. ग्रेजुएशन तक अपनी तैयारी पूरी कर लें. ग्रेजुएशन के बाद कोई पार्ट टाइम अर्थात 6 घंटा वाला काम जरुर करें. पैसे का उपार्जन करें, अपना अनुभव बढ़ाएं. 2 घंटा नियमित रूप से प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्नों को सॉल्व करें. 3 साल तक प्रतियोगिता परीक्षा दें. होता है तो ठीक, नहीं तो अपना रास्ता बदलें. आज करियर की कमी नहीं है. सैकड़ों करिअर हैं. कमी है जानकारी की. जरूरत है परंपरागत सोच से बाहर आने की.

**मूल मंत्र** : लियो टॉलस्टॉय ने कहा है - हर कोई दुनिया बदलने की सोचता है, कोई अपने आप को नहीं बदलता. आज का समय है, अपने आप को बदलने का. आज का युग है - ज्ञान और स्पेशलाइजेशन का. स्मार्टनेस और बोल्डनेस का. अच्छे कम्युनिकेशन स्किल्स का. 12th के बाद सोच समझकर जॉब ओरिएंटेड कोर्स करें, अच्छे ऑर्गेनाइजेशन से करें. तभी चूमेगी सफलता आपके कदम.

## इन दिनों मेरी किताब

# छन्दबद्ध काव्य-रचनाओं की प्रीति-धारा



अजीत शर्मा 'आकाश'

वर्तमान समय में नयी कविता के नाम पर अतुकान्त एवं छन्दहीन रचनाओं के लेखकों की भरमार हो गयी है. कुछ शब्दों को ए क - ए क पंक्ति में लिख क र उन्हें कविता का स्वरूप प्रदान करने का प्रयास किया जाता है. ऐसे में छन्दबद्ध काव्य-रचनाओं की पुस्तक का प्रकाशित होना सुखद प्रतीत होता है. डॉ. वीरेन्द्र कुमार तिवारी की पुस्तक 'प्रीति-धारा' में उनके 93 गीतों का संग्रह है. वर्ण्य विषय की दृष्टि से संग्रह की रचनाओं में श्रृंगार एवं प्रणय, वर्तमान समाज का चित्रण, जीवन की अनुभूतियां तथा संवेदनाएं, सामाजिक सरोकार आदि को अभिव्यक्ति प्रदान की गयी है. रचनाएं हिन्दी साहित्य के रहस्यवाद एवं छायावाद से प्रेरित प्रतीत होती हैं तथा अधिकतर गीत-रचनाओं में दार्शनिकता झलकती है. पुस्तक में प्रमुख रूप से अध्यात्म एवं ईश्वर के प्रति पूर्ण आस्था के भावों से युक्त रचनाओं को स्थान प्रदान किया गया है. प्रेम का निरूपण, अन्तःकरण की शुद्धता, त्याग की भावना तथा पारमार्थिक सत्य की आवश्यकता को गीतों में रेखांकित करने का प्रयास किया गया है. रचनाओं की भाषा शुद्ध साहित्यिक हिन्दी है, जिसमें परिनिष्ठित एवं संस्कृत शब्दावली का प्रयोग भी है. तत्सम शब्दों के साथ तद्भव तथा देशज शब्द भी हैं और उर्दू भाषा के शब्दों के प्रयोग से भी परहेज़ नहीं किया गया है. गीत-रचनाओं में सरलता, सहजता एवं बोधगम्यता है, किन्तु कुछ स्थलों पर दार्शनिकता का पुट होने के कारण सामान्य पाठक के लिए भावों की सम्प्रेषणीयता बाधित-सी प्रतीत हो सकती है. शिल्प की दृष्टि से छन्द विधान एवं छन्दानुशासन के अनुसार रचनाएं की गई हैं. साहित्यिक भाषा, लयात्मकता, रागात्मकता और प्रभावी शब्द संयोजन इन गीतों की कतिपय विशेषताएं हैं. यद्यपि कुछ रचनाओं में शिल्पगत त्रुटियां भी दृष्टिगोचर होती हैं, यथा छन्द की किसी पंक्ति में 'आप' का इस्तेमाल और दूसरी पंक्ति में 'तुम' का प्रयोग जैसा दोष कहीं-कहीं आ गया है. तुकान्तता सम्बन्धी दोष भी कुछ रचनाओं में हैं.




पुस्तक : प्रीति-धारा (गीत संग्रह)
कवि : डॉ. वीरेन्द्र कुमार तिवारी
प्रकाशक : गुफ़्तगू पब्लिकेशन, प्रयागराज
मूल्य - 200 रुपए



अमित कुमार पांडेय

**बायोफिलिया का मतलब होता है प्रकृति से प्यारकंक्रीट के जंगल में भी हरियाली और प्राकृतिक चीजों से प्रकृति के करीब जाने की एक कोशिश. बायोफिलिक इंटीरियर डेकोर घर की साज सज्जा का नवीनतम अंदाज है जो तमाम सीमाओं के बावजूद प्रकृति से हमारे इसी प्यार को अभिव्यक्त करता है, यह फिज़ा को बेहतर करता है, हमारी सांसों में जाने वाली हवा अधिक स्वस्थकर बनाता है, आंखों के लिए अधिक राहत बटोरता है और दिल के लिए ढेर सारा सुकून भी. सजावट के इस अंदाज से हमारी पांचों इंद्रियां तृप्त होती हैं. छूने के लिए, देखने के लिए, सुनने के लिए, सूंघने के लिए और हां, चखने के लिए भी बेहतर उपलब्ध होता है. यह एक कोशिश है हमारी आज की आदतों-जीवनशैली और प्रकृति के बीच संतुलन की.**

## कहां से आया शब्द बायोफिलिया

वर्ष 2000 में स्टीफेन केलर्ट ने पहली बार जमाने को बताया कि हर के आरामदायक माहौल में ही प्रकृति को समेटा जा सकता है. पौधों, सूर्य की रोशनी, प्राकृतिक चीजों और ताजी हवा के जरिए बायोफिलिक इंटीरियर डिजाइन को पूरा किया जा सकता है. हालांकि एक सैद्धान्तिक तौर पर बायोफिलिया इंटीरियर डिजाइनिंग नहीं, बल्कि मनोविज्ञान का शब्द है. जर्मन सोशल साइकोलॉजिस्ट और साइकोएनेलिस्ट इरिच सेलिंगमन फ्रॉम (1973) ने सबसे पहले मानव की मनोवैज्ञानिक प्रवृतियों को जाहिर करने के लिए इस शब्द का उपयोग किया था. बाद में एडवर्ड विल्सन ने इस बायोफिलिया शब्द को जीव और प्रकृति के बीच कनेक्शन के मनोवैज्ञानिक, जैविक व विकासवादी व्याख्या के लिए उपयोग में लिया. बायोफिलिया हाइपोथिसिस नाम से उनका यह रिसर्च रिपोर्ट 1984 में हावर्ड यूनिवर्सिटी के प्रेस से प्रकाशित हुआ.





## बायोफिलिक इंटीरियर डिजाइन

# प्रकृति से मनुहार जरा करीब आओ ना!

### प्राकृतिक एलिमेंट्स करें शामिल

इनडोर पौधे हवा बेहतर करने के साथ देहरी के भीतर प्रकृति समेटते हैं. हरियाली की मौजूदगी तनाव को कम करती है. फर्नीचर और पौधों की सजावट में लकड़ी और पत्थर, टेराकोटा जैसी चीजों का उपयोग करें. लकड़ी, मिट्टी, उन कॉर्क, पत्थर आदि प्रकृति के करीब होने का अहसास दिलाते हैं. ये पर्यावरण के अनुकूल और पुनः उपयोग के लायक होते हैं. पत्थर के साइड टेबल, बिना फर्निश्ड की लकड़ी के फर्नीचर, बेंत के फर्नीचर, सूती दरियां, ग्रेनाइट, मार्बल या कंक्रीट के फर्श, दीवार या फर्नीचर प्रकृति का अहसास कराती हैं.



### प्राकृतिक रोशनी

खूब सारी प्राकृतिक रोशनी हमारे मूड और हार्मोनल बैलेंस को बेहतर करती हैं. यह ऑक्सीटोसिन (फील-गुड हार्मोन) को तेज करने में मदद करता है, जिससे आपका दिन ऊर्जावान होता है और आपकी रचनात्मकता बढ़ती है. ब्लाइंड और पर्दों की जगह अधिक से अधिक प्राकृतिक रोशनी को अपने घर में प्रवेश दें. खिड़कियों से भारी परदे हटा दें और उनकी जगह हल्के शीयर लगा लें. फ्लोर लैंप, कैंडल्स, स्कोंस, ग्लास टेबल, मिरर आदि के जरिए भी कमरे में रोशनी बढ़ायी जा सकती है. कम्फर्टेबल माहौल के लिए हल्की रोशनी चुनें. एम्बियन्ट, टास्क और एक्सेन्ट लाइटिंग बेहतर विकल्प हैं. लाइटिंग सेटअप में डिमर स्विच जोड़ने के बारे में सोचें जिससे आसानी से लाइट को एडजस्ट कर सकते हैं.



### आरामदायक बैठने की व्यवस्था

बैठने की ऐसी व्यवस्था करें जो कम्फर्टेबल और खूबसूरत हो. चाहे वह एक खूबसूरत और रिलैक्सिंग सोफा हो, कम्फर्टेबल पढ़ने की जगह हो, या बड़े आकार के कुशन हों, कम्फर्टेबल विंडो सीट या फिर झूला. ये सीटिंग अरेंजमेंट मार्बल, बेंत, अनफर्निस्ड लकड़ी, ग्रेनाइट, पत्थर आदि के हों तो बेहतर. सिटिंग अरेंजमेंट चाहे डाइनिंग टेबल के साथ का हो या सेंटर टेबल का या आउटडोर, एक जैसी ऊंचाई-डिजाइन की कुर्सियों का जमाना गया. दरअसल ये बनावटी सी लगती हैं. अलग-अलग डिजाइन-ऊंचाई की कुर्सियां अधिक प्राकृतिक लगती हैं.

### ये बातें भी काम की

- **सॉफ्ट टेक्सचर**
  आशियाना को सुकून भरा बनाने के लिए सॉफ्ट टेक्सचर जोड़ें. सॉफ्ट रग, कम्फर्टेबल कंबल और टेक्सचर वाले तकिए के इस्तेमाल से जगह को कोज़ी बनाया जा सकता है. सॉफ्ट टेक्सचर रिलैक्सेशन की भावना पैदा कर सकती है.
- **ग्रीन रूम स्कीम**
  बायोफिलिक डिजाइन ग्रीन का हिमायती है चाहे दीवार के पेंट के जरिए हो या पर्दों के जरिए या पौधों के. हरियाली आंखों को सुकून देती है.
- **पानी की मौजूदगी**
  टेबल टॉप फाउंटेन हो, साल्ट वाटर एक्वेरियम हो या फिर कल-कल झरना से बहते पानी की आवाज...घर की सजावट में पानी की मौजूदगी का जादुई असर होता है.
- **आग है खास**
  आग न केवल देखने और गर्माहट में बल्कि रंग और राहत का असर भी छोड़ती है. घर की सजावट में संभव हो तो ग्लास फायर प्लेस को शामिल करें. यह आपके कोजी मूड को बढ़ाएगा.

### फूलों की भीनी खुशबू

घर के भीतर मोगरे, रजनीगंधा, गुलाब आदि पौधों की भीनी भीनी खुशबू का आना भी तनाव से राहत दिलाता है. इसके लिए कम जगह हो तो इंडोर प्लांट, बालकोनी में वर्टिकल गार्डेन, खिड़कियों पर हैंगिंग प्लांट आदि की व्यवस्था की जा सकती है. अगर फ्लैट की जगह अपना घर है तो प्रवेश द्वार ही नहीं, घर की खाली जमीन पर खूब सारे पौधे लगाएं. हवा के साथ फूलों की मंद बयार ताजगी का अहसास कराएगी. विकल्प के तौर पर अपने घर में एसेंशियल ऑयल, सुगंधित मोमबत्तियों या धूप का उपयोग करें. माना जाता है कि लैवेंडर, कैमोमाइल और यूकेलिप्टस जैसी सुगंध शांति भरे माहौल के लिए बेस्ट हैं.



### साउंडस्केप और संगीत

आपके गार्डेन के पेड़ों पर पक्षियों का बसेरा हो और सुबह उनकी चहचहाहट से ही आपकी नींद खुले, खिड़कियों पर वे फुदकती नजर आए. अगर फ्लैट में रहते हैं तब भी बर्ड फीडर आदि की व्यवस्था कर केइन नन्हें पक्षियों को अपने बालकोनी-खिड़कियों पर चहकने-फुदकने का मौका दे सकते हैं. अगर यह सब बिल्कुल संभव नहीं है तो अपने घर में लाइट म्यूजिक चलाएं जिसमें हल्के झरने की आवाज हो, चिड़ियां की चहचहाहट, प्रकृति की सुखदायक धुनें हों, या इन्सट्रूमेंट का म्यूजिक हो, सुनने से आपका मूड प्रभावित होता है. प्लेलिस्ट बनाकर अपने घर के साउन्डस्केप को पर्सनलाइज्ड करें.

# पार्वती के कर्णफूल की मणि: मणिकर्ण

## यात्रा वृत्तांत



अनिता रश्मि

वे बसंत, फागुन के बीतने, चैत्र के आगमन के दिन थे, जब हम देवभूमि हिमाचल प्रदेश के शिमला के लिए रांची से निकले थे. रांची एयरपोर्ट से दिल्ली की ओर रवानगी मन में खुशी की फागुनी बयार की रवानी के साथ परवान चढ़ रही थी. दिल्ली में दो दिन रूककर हम दोनों और बेटी दिल्ली से उड़ चले. चार दिनों तक शिमला में रहने के बाद आगे की यात्रा का प्रोग्राम था.

वहीं की गाड़ी से आगे मनाली जाते हुए अल्पज्ञात मणिकर्ण जाने का कार्यक्रम एकाएक बन गया. वही मणिकर्ण, जहां नानक देव ने पार्वती नदी के खौलते जल में रोटी डालकर पकाई-खिलाई थी. जहां बनाया गया विशाल मणिकर्ण साहिब गुरुद्वारा अपने अंदर खौलते जल का कुंड या कुआं समेटे हुए है. दूर-दूर से आकर सिक्ख और अन्य धर्मावलंबी यहां समय बिताते हैं.

गहरी, हरे रंग की, हरीतिमा से घिरी व्यास नदी ने साथ पकड़ लिया शिमला से ही. मदिर-मदिर समीर मन के तारों को झंकृत कर रहा था.

भूंतर...पार्वती घाटी के प्रवेश द्वार से आगे बढ़ने का रास्ता. एक स्थान पर व्यास एवं पार्वती नदियों का संगम हुआ है. फिर पार्वती तटिनी एक राह पर, व्यास सरिता मनाली की ओर अलग राह पर. हम पार्वती नदी के साथ गुरुद्वारा की तरफ. पतली, कच्ची-पक्की सड़क के सहारे. एक तरफ ऊंचे पहाड़, दूसरी तरफ एकदम गहरी घाटियां! घाटियों के पार अन्य मनमोहक पहाड़ी श्रृंखलाओं का विस्तृत संसार. मैं सोच रही थी - लोग इस पार से उधर कैसे जाते होंगे?

कुछ ही दूरी पर जवाब हाजिर...डोंगीनुमा ट्रॉली पर लोग सामान के साथ बैठकर भयानक, गहरी तथा काफी चौड़ी तराईयों को मात दे रहे थे.

हम ढूंढ रहे थे, पुराने जमाने के तिरछी छतोंवाले घर. थे कहां? सब तरफ तो विकास की आंधी! गिरि के उतुंग शिखरों का सीना चाक करते हुए. उसमें खो गई पुरानी छतें, पुराने मकां. पर्वतों को काटकर रोपे जाते कंक्रीट के जंगल. एक...बस, एक मकान वैसा दिखा, जिसके बारे में बचपन में पढ़ा था कि पर्वतों पर बर्फबारी से बचने के लिए ढलुआ छतें बनती हैं. हम थोड़ी देर रूक वहां देखते रहे. सर्पीले रास्ते में नीचे घाटियों में अनेक बस्तियां हैं. बादल फटने, भूस्खलन आदि का भय यहां भी बना रहता है. फिर था, पक्का रोड, किकुड़ती ठंड खत्म होने के बाद लाहौल स्पीति या अन्य ऊंचे स्थलों की ओर वापस जाते हुए पैदल यात्री.

मलाना संस्कृति से संपृक्त कसोल घाटी से चार किलोमीटर दूर मणिकर्ण पहुंचते ही धीमी, शांत गति से बहती पार्वती उफनती, लरजती, गरजती दिखलाई पड़ गई. हम एक पुल के पास खड़े होकर नीचे बहती विशाल पार्वती नदी को देखते रह गए. एकदम स्वच्छ, नीलाभ वारि...उस पर वारि-वारि जाए जैसे मन. पुल को पारकर विशाल गुरुद्वारे के अंदर घुसते ही सामने गर्म कुंड...उठती भाप!..ग़जब!...राजगीर, बिहार के गर्म कुंड से छात्र जीवन में ही भेंट हो चुकी थी. पर यहां इतना गर्म? आस-पास भी गर्मी का अहसास. एकदम तपी दीवारें. एक भीत पर हाथ रखा, झट हटा लिया अन्यथा जला देतीं. यहां पोटलियों में चावल, दाल डाल दें, तो पूरी पक जाएंगी. यहां लोग पके चावल, दाल को प्रसाद स्वरूप ग्रहण करते हैं.

कुल्लू से लगभग 45 कि. मी. दूर मणिकर्ण अपने बेहद तप्त पानी के चश्मों के लिए भी प्रसिद्ध है. विशेष रूप से ऐसे पर्यटक जो चर्म रोग या गठिया जैसे रोगों से परेशान हैं, यहां आकर स्वास्थ्य सुख पाते हैं. गंधकयुक्त चश्मों में कुछ दिनों के स्नान के पश्चात् चर्म रोग दूर हो जाता है. मणिकर्ण के पहाड़ों पर वृक्षों की सघन उपस्थिति. पर्वतीय क्षेत्र का अद्भुत सौंदर्य, पग-पग पर. ' मेरे नगपति, मेरे विशाल...काव्य पंक्तियों ने हृदय पर दस्तक दी, जब हम लौट रहे थे. रोमांचित! अचंभित! आल्हादित!

ऋषि-मुनियों की इस साधनास्थली पर कुछ मंदिर दुर्गम स्थलों पर बने हैं. रघुनाथ मंदिर, शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, शिखर शैली का राम मंदिर, नयना भगवती मंदिर तथा कृष्ण मंदिर आदि विशेष रूप से चर्चित हैं. हम कुछेक देवालयों को देख वापस हुए. अगला पड़ाव मनाली. रात्रि की शुरूआत से पहले ही पहुंचने की हड़बड़ी थी. भूंतर हवाई अड्डा पर्यटकों की राह आसान कर देता है. देश के कुछेक हिस्सों से छोटे विमान इस तल पर आते हैं. दूर से, गहरी तराइयों में बहती हुई व्यास को देखते हुए हमारी गाड़ी मणिकर्ण को अलविदा कह देवभूमि के एक और खूबसूरत स्थान मनाली की ओर दौड़ रही थी अब.

### नामकरण के पीछे यह कथा

पार्वती के जलक्रीड़ा के समय उनके कर्णफूल से मणि गिर गई थी. वह पाताल लोक में शेषनाग के हाथ लगी. शंकर के गणों के बारंबार ढूंढने पर भी नहीं मिली. महादेव का तीसरा नेत्र खुल गया. प्रलय आ गया. अब तो शेषनाग के सामने विवशता, उसने जोर से फुफकार कर मणि को धरा की ओर यहीं उछाल दिया. तभी से यह स्थान मणिकर्ण.



# आपका आत्मविश्वास ही है आपकी जीत



रेनू गहलोत रॉय
क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट

ऐसा भी क्या डरना? एग्जाम ही तो है. इसे तो हर साल एक त्योहार की भांति मनाना चाहिए. जिस प्रकार हमारे जीवन में तरह-तरह के त्योहार आते हैं और हम तैयारी करके हंसी खुशी बहुत खुशहाली से मनाते हैं. इसी तरह परीक्षा पर्व को भी उत्साह से मनाना चाहिए. बच्चों से ज्यादा पेरेंट्स चिंतित और परेशान हो जाते हैं कि बच्चा पढ़ता ही नहीं है... और माहौल को तनावपूर्ण बना देते हैं ..आइए जानते हैं कुछ ऐसे टिप्स, जिससे आपका बच्चा अपना हंड्रेड परसेंट पढ़ाई पर दे. इसके लिए आप क्या करें.

- सर्वप्रथम अति आवश्यक है कि आपके घर का वातावरण हल्का खुशनुमा रहे. तनावपूर्ण माहौल पैदा करने के बजाय माहौल को हल्का बनाए रखिए. बच्चों से प्यार से बातें कीजिए. उन्हें समझिए. उनकी समस्याओं का समाधान करने की कोशिश कीजिए.
- रात को समय पर अगर बच्चे सोते हैं तो सुबह वह जल्दी उठेंगे. उनके उठते ही उन्हें गले लगाना मुस्कुराना उनकी पीठ थपथपाना. अगर आप ऐसा करते हैं तो आपके बच्चे में एक पॉजिटिव एनर्जी भर जाती है जो दिन भर उसको ऊर्जावान बनाकर रखती है.
- कोशिश कीजिए आपका बच्चा सुबह नित्य कर्म करने के बाद कम से कम आधा घंटा कुछ योग अभ्यास करें परीक्षा के दौरान होने वाला तनाव योग अभ्यास मेडिटेशन से बहुत हद तक कम होता है.
- बच्चों के खान पान का परीक्षा के दौरान विशेष ध्यान रखें. अगर वह कुछ नहीं खाना चाहते तो उन्हें जूस फल फलों का जूस ड्राई फ्रूट्स देने की कोशिश करें. इससे भी बच्चे को एनर्जी मिलेगी. कोशिश करें कि जंक फूड से दूर रहे जंक फूड से तनाव पैदा होता है

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## चैंपियंस लीग फुटबॉल

# प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में मैनचेस्टर सिटी जीता

भाषा । कोपेनहेगन

केविन डि ब्रून ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल के पहले चरण में एफसी कोपनहेगन को 3-1 से हराया. मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियंस लीग में लगातार नौ मुकाबले जीते हैं, जो इंग्लैंड की किसी टीम की ओर से लगातार सर्वाधिक जीत का रिकॉर्ड है. टीम पिछले दो महीने में सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 10 मैच जीत चुकी है. सिटी को डि ब्रून ने 10वें मिनट में बढ़त दिलाई लेकिन गोलकीपर एडरसन मोरेस की गलती का फायदा उठाकर मैग्नस मैटसन ने स्कोर 1-1 कर दिया. बर्नार्डो सिल्वा ने 45वें मिनट में सिटी को 2-1 से आगे किया जबकि फिल फोडेन ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की. दूसरे चरण का मुकाबला मैनचेस्टर में तीन हफ्ते बाद होगा.




**3-1** से मैनचेस्टर सिटी ने एफसी कोपनहेगन को हराया

## रीयाल मैड्रिड ने लेपजिग को हराया

### 1-0 से रीयाल मैड्रिड ने लेपजिग को हराया

**लेपजिग (जर्मनी) ।** ब्राहिम डैज के गोल की मदद से रीयाल मैड्रिड ने प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मुकाबले में लेपजिग के खिलाफ 1–0 से जीत दर्ज की. डैज को चोटिल ज्यूड बेलिंगहम की जगह शुरुआती एकादश में जगह मिली थी. उन्होंने मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में दागा. बोरूसिया डोर्टमंड से रीयाल मैड्रिड से जुड़ने वाले बेलिंगहम मौजूदा सत्र में टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं. वह स्पेनिश लीग के पिछले मैच में टखना मुड़ने के कारण इस मुकाबले में नहीं खेल पाए. इंग्लैंड के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में 29 मैच में 20 गोल किए हैं. प्री क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण मैड्रिड के सेंटियागो बर्नेब्यु स्टेडियम में छह मार्च को खेला जाएगा.



## टेस्ट श्रृंखला : भारत-इंग्लैंड के बीच तीसरा मैच आज से

# मध्यक्रम की कमजोरियों से पार पाना चाहेगा भारत



भाषा । राजकोट

- 1–1 की बराबरी पर है पांच मैचों की श्रृंखला
- मैच भारतीयसमयानुसार सुबह साढ़े नौ बजे शुरू होगा

भारतीय टीम गुरुवार से जब यहां इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए उतरेगी तो उसे निडर और चतुराई भरा क्रिकेट खेलने के अलावा मध्यक्रम की कमजोरियों का भी समाधान ढूंढना होगा. इंग्लैंड ने हैदराबाद में श्रृंखला के पहले मैच में भारत को हराया लेकिन मेजबान टीम ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में वापसी करते हुए पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी. यशस्वी जायसवाल (321 रन) और जसप्रीत बुमराह (15 विकेट) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत की जीत सुनिश्चित की लेकिन मध्यक्रम टीम की चिंता का सबब बना हुआ है जहां योगदान देने की जिम्मेदारी अब युवा प्रतिभाओं पर है. आठ दिन के ब्रेक से पहले कप्तान रोहित शर्मा की बल्ले से खराब फॉर्म ने भारतीय बल्लेबाजी क्रम की चिंता बढ़ाई ही है. भारतीय टीम इस मैच में लोकेश राहुल के बिना उतरेगी जबकि विराट कोहली पूरी श्रृंखला से बाहर हो गए हैं. पिछले लगभग एक साल से रोहित ने बल्ले से आ क्राम क रुख अपनाया है लेकिन बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे हैं.

मौजूदा स्थिति को देखते हुए टीम को अपने कप्तान से बड़ी पारी की उम्मीद होगी. स्थानीय खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा अब भारतीय चयनकर्ताओं की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं लेकिन एक अन्य स्थानीय खिलाड़ी रविंद्र जडेजा से दर्शकों को काफी उम्मीदें होंगी. शुरुआती दो मैच में इंग्लैंड के स्पिनरों ने मेजबान टीम के स्पिनरों से बेहतर प्रदर्शन किया है. आंकड़े हालांकि कहानी का सिर्फ एक पक्ष बयां करते हैं और इस हिसाब से भारतीय स्पिनर (38.39 के औसत से विकेट) इंग्लैंड के स्पिनरों (33.90 के औसत से विकेट) से काफी पीछे नहीं हैं. पिछली कुछ घरेलू श्रृंखलाओं में स्पिनरों का दबदबा देखने को मिला है, लेकिन मौजूदा श्रृंखला में तेज गेंदबाज भी भूमिका निभा रहे हैं और बुमराह ने भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया है. पहले दो टेस्ट में बुमराह ने शानदार गेंदबाजी की और टीम के प्रतिष्ठित स्पिनरों को कुछ हद तक बचा लिया जो स्पिन की पूरी तरह से अनुकूल पिच की गैरमौजूदगी में काफी प्रभावी नजर नहीं आए हैं.

### सरफराज को मिल सकता है डेब्यू करने का मौका

राहुल के अनुपलब्ध होने से मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिल सकता है. अगर ऐसा होता है तो घरेलू क्रिकेट में ढेरों रन बनाने वाले सरफराज एक टेस्ट खेल चुके रजत पाटीदार के साथ मध्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे. इंग्लैंड की टीम भारतीय मध्यक्रम की अनुभवहीनता से अच्छी तरह वाकिफ है. विरोधी टीम के मजबूत अध्ययन और आक्रामक खेल से इंग्लैंड की टीम वांछित नतीजे हासिल करने में सफल रही है. विकेटकीपर केएस भरत की बल्ले से लगातार नाकामी को देखते हुए भारत के उत्तर प्रदेश के 23 साल के ध्रुव जुरेल को मौका देने की संभावना बढ़ गई है. जुरेल आक्रामक बल्लेबाजी के लिए भी पहचाने जाते हैं. जुरेल ने 15 प्रथम श्रेणी मैच में 46.47 की औसत से रन बनाए हैं और राजकोट की पिच के पूरी तरह से स्पिन के अनुकूल होने की संभावना नहीं है और ऐसे में उन्हें अगर पदार्पण का मौका मिलता है तो उनके लिए आसानी होगी.

### 500 विकेट से एक विकेट दूर हैं अश्विन

भारत के शीर्ष स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के नाम 499 विकेट दर्ज हैं और इस मैच के दौरान उनके 500 टेस्ट विकेट के एलीट क्लब में शामिल होने की पूरी उम्मीद है. इंग्लैंड को उसी तरह सही कदम उठाते रहने होंगे जैसे वे अब तक भारत दौरे पर उठाते रहे हैं. इंग्लैंड की टीम ब्रेक के दौरान अबु धाबी में समय बिताने के बाद वापस लौट चुकी है.

### टीम इस प्रकार है

- **भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, केएस भरत, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप और देवदत्त पडिक्कल
- **इंग्लैंड :** बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, डैन लॉरेंस, जैक क्राउली, बेन डकेट, बेन फोक्स, टॉम हार्टले, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, जो रूट और मार्क वुड.

### एलसीटीः न्यूयॉर्क टीम के कप्तान होंगे युवराज

**नयी दिल्ली ।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह को बुधवार को लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी (एलसीटी) के दूसरे सत्र के लिए न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स का कप्तान और आइकन खिलाड़ी नियुक्त किया गया. युवराज न्यूयॉर्क की टीम की अगुआई करेंगे जिसमें बाबर आजम, राशिद खान, कीरोन पोलार्ड, इमाम उल हक, नसीम शाह, मथीसा पथिराना और मोहम्मद आमिर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं. फ्रेंचाइजी ने कहा कि युवराज के शामिल होने से टीम के नेतृत्व क्षमता में इजाफा होगा.

### डब्ल्यूपीएल में गुजरात की कप्तान होंगी मूनी

**नयी दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 23 फरवरी से शुरू होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र में गुजरात जाइंट्स की कप्तानी करेंगी. मूनी को पहले सत्र के लिए भी कप्तान बनाया गया था लेकिन पहले मैच के बाद वह चोटिल हो गईं और टूर्नामेंट के बाकी मुकाबलों में नहीं खेल सकीं. उनकी अनुपस्थिति में भारतीय ऑलराउंडर स्नेह राणा ने टीम का नेतृत्व किया था. गुजरात 2023 में पांच टीम की प्रतियोगिता में अंतिम स्थान पर रहा था.

## शीर्ष वरीय नार्डी को हराकर रामकुमार क्वार्टर फाइनल में

**बेंगलुरु ओपन**

भाषा । बेंगलुरु

भारतीय डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त लुका नार्डी के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज कर बुधवार को यहां बेंगलुरु ओपन के एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले रामकुमार ने केएसएलटीए स्टेडियम में प्री-क्वार्टर फाइनल में दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मैच में इटली के खिलाड़ी पर 1-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की.
भारतीय खिलाड़ी के लिए मैच की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नार्डी ने शुरुआती सेट के पहले ही गेम में ही उनकी सर्विस तोड़ दी. रामकुमार इसके बाद इस खिलाड़ी को कोई चुनौती नहीं दे सके और नार्डी ने आसानी से पहला सेट जीत लिया. पहले सेट के बाद लगा की मैच एकतरफा होगा लेकिन दूसरे सेट में रामकुमार ने शानदार जज्बा दिखाया. रामकुमार ने शानदार खेल के दम पर नार्डी को बेसलाइन के पास रोके रखा. दूसरे सेट की शुरुआत चार गेम सर्विस करने वाले खिलाड़ियों ने जीते



लेकिन रामकुमार ने पांचवें गेम में सर्विस ब्रेक कर 3-2 की बढ़त बनायी और फिर अपनी सर्विस को भुना कर इसे 4-2 किया. रामकुमार इसके बाद अपनी सर्विस पर दोनों गेम जीतकर मैच में वापसी करने में सफल रहे. दूसरे सेट में हार का सामना करने के बाद नार्डी अपने खेल में गलतियां करने लगे. तीसरे सेट के चौथे गेम तक दोनों खिलाड़ियों के बीच बराबरी का मुकाबला था लेकिन अपनी सर्विस पर 30-40 से पिछड़ने के बाद नार्डी ने बेसलाइन के ऊपर से एक ओवरहेड स्मैश लगाया.जिससे रामकुमार 3-2 से आगे निकलने में सफल रहे.

## नबी ने खत्म किया शाकिब का दबदबा

भाषा । दुबई

**आईसीसी रैंकिंग**

- वनडे में ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे नबी
- लंबे समय से शीर्ष पर चल रहे थे शाकिब

अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी बुधवार को जारी आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के लंबे समय से चले आ रहे दबदबे को खत्म कर शीर्ष हरफनमौला खिलाड़ी बन गये. टेस्ट रैंकिंग के शीर्ष स्थान पर हालांकि कोई खास बदलाव नहीं हुआ है. गेंदबाजों की सूची में जसप्रीत बुमराह और चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर रहने के बाद तीसरे टेस्ट में टीम में वापसी करने को तैयार रविंद्र जडेजा शीर्ष हरफनमौला बने हुए हैं. श्रीलंका के खिलाफ मौजूदा एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में 136 रन की यादगार पारी खेलने के बाद नबी रैंकिंग में शीर्ष पायदान पर पहुंचे. उन्होंने इस मैच में एक विकेट भी चटकाया, जिससे एकदिवसीय गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ सातवें पायदान पर पहुंच गये. नबी (39 साल और एक महीने) हरफनमौला खिलाड़ियों की



रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले सबसे उम्रदराज हरफनमौला बन गये. उनसे पहले यह रिकॉर्ड श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान के नाम था, जो जून 2015 में 38 साल और आठ महीने की उम्र में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे थे. शाकिब सात मई 2019 से नौ फरवरी 2024 तक रिकॉर्ड 1739 दिनों के लिए वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पायदान पर रहे. शाकिब पिछले कुछ समय से चोट के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर है और इस बीच नबी अपने दमदार खेल से शीर्ष पायदान पर पहुंचने में सफल रहे.

एकदिवसीय गेंदबाजों की सूची में दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज शीर्ष स्थान पर बने हुए है जबकि श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा (14 स्थान के सुधार के साथ 26वें पायदान पर) और दिलशान मदुशंका (चार स्थान के सुधार के साथ 33वें पायदान) अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में दमदार खेल से अपनी रैंकिंग में सुधार करने में सफल रहे.

## बैडमिंटन : भारत महिला टीम ने बीएटीसी में शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया

# चोट के बाद पीवी सिंधू ने जीत के साथ की शानदार वापसी

भाषा । शाह आलम (मलेशिया)

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद वापसी करते हुए बुधवार को यहां जीत दर्ज की जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की मजबूत टीम को 3-2 से हराया. ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने के कारण पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जगह सुनिश्चित थी लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया. पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर रही सिंधू ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली हेन युई को 40 मिनट में



- भारतीय पुरुष टीम ने हांगकांग को 4–1 से हराया
- भारतीय महिला टीम ने चीन को 3–2 से हराया

21-17, 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई.

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता 28 साल की सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 जबकि हेन युई की आठ है. तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को इसके बाद ल्यु शेंग शु और टेन निंग की जोड़ी के खिलाफ 19-21, 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि अस्मिता चालिहा भी दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी वैंग झी यी के खिलाफ 13-21, 15-21 से हार गई, जिससे तीन मैच के बाद भारत 2-1 से पिछड़ गया.

त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने इसके बाद ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को एक घंटे और नौ मिनट में 10-21 21-18 21-17 से हराकर भारत को बराबरी दिलाई. चीन की दूसरे दर्जे की टीम के खिलाफ निर्णायक मुकाबले में दुनिया की 472वें नंबर की अनमोल खरब ने दुनिया की 149वें नंबर की वू लियो यू को एक घंटे और 17 मिनट में 22-20 14-21 21-18 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की.

### भारतीय पुरुष टीम ने हांगकांग को हराया

थॉमस कप 2022 चैंपियन और पिछले साल एशियाई खेलों में पहली बार रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम ने भी हांगकांग के खिलाफ 4–1 की आसान जीत से ग्रुप ए से नॉकआउट में जगह बनाई. हांगकांग को मंगलवार को चीन के खिलाफ भी 5–0 शिकस्त झेलनी पड़ी थी. पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय पहले एकल में एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ 18–21 14–21 से हार गए लेकिन भारत ने अगले चार मुकाबले जीतकर 4–1 से जीत दर्ज की. सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी व चिराग शेट्टी की जोड़ी ने लुई चुन वेई व येयुंग शिंग चोई की जोड़ी के खिलाफ 21–16 21–11 से आसान जीत दर्ज की जबकि लक्ष्य सेन को भी चैन यिन चाक को 21–14 21–9 से हराने में अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा. एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने चाउ हिन लोंग और हुंग कुएइ चुन को 21–12 21–7 से हराकर भारत की बढ़त को 3–1 किया, जबकि किदांबी श्रीकांत ने जेसन गुनावन को 21–14 21–18 से हराकर टीम की 4–1 से जीत सुनिश्चित की. चार ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम नॉकआउट दौर में जगह बनाएंगी.

## राजकोट में चलेगा बुमराह की रिवर्स स्विंग का जादू : जहीर

भाषा । नयी दिल्ली

पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि राजकोट की पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की पिच के समान होगी जिससे एक बार फिर रिवर्स स्विंग की भूमिका होगी. जसप्रीत बुमराह ने विशाखापत्तनम में रिवर्स स्विंग का शानदार नजारा पेश करते हुए मैच में नौ विकेट चटकाए जिससे भारत ने दूसरा टेस्ट जीतकर पांच टेस्ट की श्रृंखला 1-1 से बराबरी की. जहीर ने 'जियो सिनेमा' से कहा कि उम्मीद करता हूं कि पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की तरह ही होगी. उन्होंने कहा कि इस तरह की पिच पर शुरुआती दो दिन बल्ले और गेंद के बीच अच्छा मुकाबला दिखना चाहिए और फिर तीसरे दिन से स्पिन की भूमिका होगी. जहीर ने कहा कि आपको कुछ रिवर्स स्विंग भी दिखेगी और चौथे तथा पांचवें दिन स्पिनरों का दबदबा होगा. इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ओवैस शाह भी जहीर से सहमत दिखे. उन्होंने कहा कि मुख्य मुकाबला जसप्रीत बुमराह और इंग्लैंड के मध्यक्रम के बीच होगा. ऐसा इसलिए है क्योंकि राजकोट में बुमराह रिवर्स स्विंग हासिल कर पाएगा. शाह ने कहा कि जब वह पुरानी गेंद से गेंदबाजी करता है तो इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए मुश्किल होती है, क्योंकि वह विकेट लेता है और रन नहीं देता. इसी को देखते हुए इंग्लैंड ने अनुभवी जेम्स एंडरसन का साथ देने के लिए तेज गेंदबाज मार्क वुड को भी टीम में जगह दी है. भारत अपनी टीम की घोषणा गुरुवार को टॉस के दौरान करेगा.

### ब्रीफ खबरें

### दो वाहनों में टक्कर पांच घायल, दो गंभीर

**नवादा ।** नवादा जिले में सूर्य मंदिर के पास बुधवार को बोलेरो और स्कॉर्पियो की बीच हुई भीषण टक्कर में पांच लोग घायल हो गये. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दो लोगों की स्थिति नाजुक बतायी जा रही है. स्कॉर्पियो से पांच लोग दोस्त की शादी में डेगाना गांव से बारात में शामिल होने के लिए निकले थे और इस दौरान लौटने के क्रम में शोभ मंदिर के पास स्कॉर्पियो की जोरदार टक्कर बोलेरो से हो गयी, जिसमे पांच लोग घायल हो गये. डॉक्टर ने तीन लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी है, जबकि दो लोगों को अस्पताल में ही रखा गया है.

### पेट्रोल पंप से 1.42 लाख रुपये की लूट

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के डुमरियाघाट थाना क्षेत्र में बाइक सवार अपराधियों ने नोजलमैन से लूट की घटना को अंजाम देते हुए 1 लाख 42 हजार रुपया लूट कर मौके से फरार हो गए. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुटी है. लूट के दौरान का सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों की पहचान होने की पुष्टि करते चकिया डीएसपी सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि दो दिन ठीक इसी प्रकार घटना को अंजाम देने वाले अपराधी ही इसे अंजाम दिये. इनको पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है.

### शिक्षिका के घर से पांच लाख की चोरी

**अररिया ।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के रजिस्ट्री ऑफिस के समीप वार्ड नंबर 3 में अज्ञात चोरों ने ताला बंद शिक्षिका के घर में स्वर्णाभूषण समेत पांच लाख रूपये मूल्य के सामानों की चोरी कर ली. घटना मंगलवार शाम की है, जिसकी लिखित शिकायत बुधवार को शिक्षिका के पति के द्वारा थाना में की गई. फारबिसगंज के पीपरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सहायक शिक्षिका के रूप में अर्चना कुमारी पोस्टेड है. उन्होंने बताया कि चोरों ने गोदरेज अलमीरा का ताला तोड़कर उसमें रखे 20 भरी चांदी के जेवरात, 6 भरी सोने के जेवरात,नगद करीबन 10 हजार चोर चुरा कर ले गए.

**डबल मर्डर :** बसंत पंचमी पर होटल का उद्घाटन होने वाला था

# अपराधियों ने फायरिंग कर पिता और पुत्र को मार डाला

**संवाददाता। मुजफ्फरपुर**


इसी होटल का उद्घाटन होनेवाला था

मुजफ्फरपुर सरस्वती पूजा के दिन सरेआम पिता और पुत्र की हत्या कर दी गई. एक नवनिर्मित लाइन होटल में अज्ञात कार सवार पांच अपराधी ने अंधाधुंध फायरिंग कर पिता और पुत्र को गोली मार दी. बसंत पंचमी पर उद्घाटन की तैयारी के बीच दिनदहाड़े इस घटना को अंजाम देकर अपराधी भाग निकले. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. इधर, दोनों जख्मी को इलाज के लिए पटना ले जाने के क्रम में दोनों की मौत हो गई. मरने वालों की पारू थाना क्षेत्र के मंगुराहियां गांव निवासी किरण यादव 50 वर्ष और विराट कुमार 22 वर्ष के रूप में हुई है.

घटना पारू थाना क्षेत्र स्थित ओम स्वीट्स (लाइन होटल) की है. गोलीबारी से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. वहीं सीसीटीवी के आधार पर पुलिस मामले में आगे की करवाई में जुटी हुई है और अपराधियों की गिरफ्तारी में छापेमारी कर रही है. परिजनों का कहना है कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले और आरोपियों की जल्द से गिरफ्तारी करे.

**कार से पांच अपराधी आए थे :** बताया जा रहा है कि मंगुराहियां चौक पर पहले भागीरथ होटल था जो बंद हो गया था. उसी जगह पर मंगुराहियां निवासी सुनील यादव होटल खोल रहे थे और यह 14 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर उद्घाटन होना था. होटल में सभी मिठाई और अन्य सामान को रख रहे थे. तभी एक कार से 5 की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने तोड़ फोड़ करने लगे आवाज पर सुनील यादव के बड़े भाई और भतीजे को गोली मार दी. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंच एसडीपीओ सरैया सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है. इस पूरे ही मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है.

### नर्तकियों के डांस पर दो युवकों ने की 20 राउंड फायरिंग

**भोजपुर ।** भोजपुर से एक शादी समारोह के दौरान नर्तकी के सामने पिस्तौल से अंधाधुंध फायरिंग करने का मामला सामने आया है. इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो के मुताबिक, बैकग्राउंड में रंगदारी से जुड़ा गाना बज रहा है, जिस पर नर्तकी डांस कर रही है. वहीं, दो युवक कुर्सी पर बैठे बिना कानून के डर के दनादन फायरिंग करते जा रहे हैं. वहीं, नर्तकियों के डांस पर भरी महफिल में दो युवकों द्वारा फायरिंग करने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है. पुलिस ने दोनों आरोपियों की पहचान कर रोहित और लवकुश के खिलाफ जगदीशपुर थाना में एफआईआर दर्ज कर ली है. साथ ही पुलिस घटना की वास्तविकता और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई में जुट गई है.

राज्यपाल ने 'भारतीय ज्ञान परंपरा' पर आयोजित व्याख्यान का किया शुभारंभ

# बच्चों को उनकी भाषा में ही शिक्षा दें

**विशेष संवाददाता। पटना**



राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बुधवार को यहां कहा कि 'भारतीय ज्ञान परंपरा' का विस्तार पूरे विश्व में होना चाहिए. इसके लिए हमें इसे ठीक ढंग से समझने की आवश्यकता है. आर्लेकर राजभवन के राजेन्द्र मंडप में 'भारतीय ज्ञान परंपरा' पर आयोजित व्याख्यान का शुभारंभ कर रहे थे. प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. चंद किरण सलूजा ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश है. उन्होंने कहा कि व्यक्ति का समग्र विकास ही शिक्षा का उद्देश्य है तथा इसका वर्णन तैत्तरीय उपनिषद् में विस्तार से किया गया है. कला, खेल और संगीत की शिक्षा बच्चों के लिए अत्यंत आवश्यक है. बहुविषयक शिक्षा बच्चों के मानसिक विकास के लिए उपयोगी है. उन्होंने भाषा का महत्व बताते हुए कहा कि प्राचीन भारत में इस पर काफी बल दिया गया था. बच्चों को उनकी भाषा में ही शिक्षा दी जानी चाहिए. उन्होंने कहा कि शिक्षा के चार स्तंभ बताए गये हैं- ज्ञान हेतु शिक्षा, कर्म हेतु शिक्षा, मिलकर रहने हेतु शिक्षा और मनुष्य बनने के लिए शिक्षा. ये चारों सिद्धांत भारतीय ज्ञान परंपरा में सन्निहित हैं.

पांच दुकानों को रौंदते हुए पोल से टकराई थी गाड़ी

# कोयला लोड ट्रक में जिंदा जल गया युवक, मचा हड़कंप

**संवाददाता। मधेपुरा**



मधेपुरा में भीषण सड़क हादसे में एक युवक जिंदा जल गया. घटना ग्वालपाड़ा प्रखंड अंतर्गत अरार ओपी क्षेत्र के रेशना बाजार की है. मंगलवार की देर रात कोयला लोड ट्रक अनियंत्रित हो गया और पांच दुकानों को रौंदते हुए बिजली के पोल से टकरा गया. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक में आग लग गई. देखते ही देखते आग ने पूरे ट्रक को अपनी जद में ले लिया. ट्रक में बैठा युवक जब तक भाग पाता तब तक वह आग की चपेट में आकर जिंदा जल गया.

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई. स्थानीय लोगों ने बताया कि रात करीब 12 बजे मधेपुरा की तरफ से आ रही एक कोयला लदा ट्रक रेशना चौक पर 4-5 दुकान को तोड़ते हुए बिजली पोल से जा टकरा गई.

### विधायक को मिली जान से मारने की धमकी

**पटना ।** विधायक बीमा भारती ने बुधवार को बताया कि उन्हें फोन पर हत्या की धमकी दी गई है. इतना ही कॉल करने वाले ने भद्दी-भद्दी गालियां भी दी है. इस शिकायत को लेकर विधायक बीमा भारती ने सचिवालय थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है. पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई. विधायक यह आरोप लगाया कि कॉल कर धमकी देने वाले ने खुद को भाजपा नेता बताया. उसने धमकी देते हुए यह कहा कि पति और बेटे को जेल भेजवा दिए हैं. अब तुम्हें मार देंगे. बीमा भारती ने कहा कि जब कॉल आया, तब जदयू विधायक गोपाल मंडल उनके साथ थे. यह शिकायत लेकर बीमा भारती ने सचिवालय थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है. पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है.

### पीएमसीएच अस्पताल में लगी आग, हड़कंप

**पटना ।** बिहार के सबसे बड़े पटना मेडिकल कॉलेज कॉलेज में आधुनिकीकरण का काम हो रहा है, लेकिन इसी दरम्यान बुधवार को दोपहर बाद यहां आग के कारण अफरातफरी मच गई. आग पीएमसीएच की इमरजेंसी के सामने स्टोर रूम में लगी थी. लाखों रुपये की दवा जलकर राख हो गई. निर्माण कार्यों के कारण अशोक राजपथ से अग्निशमन वाहनों को आने में समय लग गया. कई गाड़ियों ने आकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तबतक बड़े हिस्से में रखी दवाएं जलकर खाक हो गईं. राज्य के सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए आने वालों के लिए दवाएं फ्री देने का प्रावधान है.

नवादा में रेलवे लाइन पर टला बड़ा हादसा

# बीच पटरी पर फंस गया ट्रैक्टर, ट्रेन रुकी

**संवाददाता। नवादा**



जिले में बुधवार को ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के कारण एक बड़ा हादसा हो सकता था. स्थानीय लोगों के द्वारा लाल कपड़ा दिखाकर ट्रेन रोकी गई. बता दें कि पूरा मामला नवादा जिले के बुंदेलखंड क्षेत्र के सद्भावना चौक पुल के नीचे का है. रेलवे लाइन पर अवैध रूप से पार कर रहा एक ट्रैक्टर फंस गया. इस दौरान गया से क्यूल जाने वाली रामपुरहाट पैसेंजर ट्रेन इस लाइन पर आ रही थी. स्थानीय लोगों की मदद से लाल कपड़ा दिखाकर ट्रेन रोकी गई.

रेलवे पटरी पर अवैध रूप से बीच में फंसे ट्रैक्टर को चालक ने काफी देर तक फंसे पहिया निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुआ. देखते देखते वहां लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई. ट्रैक्टर फंसने से रेल परिचालन 15 मिनट तक बाधित रहा. रेलवे अधिकारी के पहुंचने से पहले ही लोगों ने ट्रैक्टर को निकाल लिया और फिर वहां से ट्रेन नवादा की ओर चल पड़ी. काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को स्थानीय लोगों द्वारा निकाला गया. दो दिन पूर्व भी इस घटनास्थल पर एक बाइक सवार अवैध रूप से क्रॉसिंग कर रहा था. ट्रेन आने के बाद बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. हालांकि युवक बाल-बाल बच गया.

इसके बाद रेलवे के सीआरपीएफ इंस्पेक्टर मुकेश कुमार के द्वारा दोनों तरफ बड़ा-बड़ा गड्ढा भी कर दिया गया था, लेकिन फिर से स्थानीय लोगों ने गड्ढे में मिट्टी डालकर अवैध रूप से परिचालन शुरू कर दिया है. जान जोखिम में डालकर लोग अवैध रूप से रेलवे लाइन पार कर रहे हैं.

### एआईएमआईएम नेता हत्याकांड में तीन मुख्य आरोपी गिरफ्तार हुए

**गोपालगंज ।** गोपालगंज में हुए एआईएमआईएम नेता हत्याकांड मामले में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने मंगलवार को ही मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया था. वहीं, अगले ही दिन पुलिस ने हत्याकांड में शामिल तीनों मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. दरअसल, एआईएमआईएम नेता हत्याकांड मामले में पुलिस ने सात नामजद आरोपियों में से तीन मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. वहीं, अन्य चार फरार नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. पुलिस ने आपसी रंजिश में हत्या की बात कही है.

# तेजस्वी यादव बोलते कुछ और करते हैं कुछ और : गिरिराज

**विशेष संवाददाता। पटना**



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि तेजस्वी यादव एक ऐसे नेता हैं जो बोलते कुछ हैं करते कुछ और हैं. भगवान ने चिकना और अच्छा बनाया है. लेकिन लेकिन इस चिकनी जुबान से मोदी जी को गाली देते-देते गुजरातियों को गाली देने लगते हैं. फिर जब कोर्ट का समय आता है तो माफी भी मांगने लगते हैं. यह लोग दोहरे चेहरे और दोहरे चरित्र के हैं, जिनका यह चेहरा सामने आ रहा है कि वोट के लिए गाली देते हैं और कोर्ट में जाकर माफी मांगते हैं. जातीय गणना में यादव की संख्या अधिक बताए जाने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू यादव 'माई' समीकरण बनाएं या बाप समीकरण बना लें, देश और बिहार की जनता ने नरेंद्र मोदी के प्रति अपना समर्पण दिखाया है. नरेंद्र मोदी ने गरीबों के प्रति समर्पण दिखाया है, तेजस्वी यादव आदि नौकरी के बदले जमीन लेने वाले लोग हैं. यह लोग धांधली करते हैं.

## कारोबार

### पेरिफेरल्स के शेयर में 9% तक की उछाल

**नयी दिल्ली ।** सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी उत्पाद वितरक कंपनी राशि पेरिफेरल्स के शेयर निर्गम मूल्य 311 रुपये से नौ प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुए. कंपनी के शेयर ने एनएसई पर 339.50 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार शुरू किया, जो 311 रुपये के निर्गम मूल्य से 9.16 प्रतिशत अधिक है. बीएसई पर इसने निर्गम मूल्य से 7.72 प्रतिशत चढ़कर 335 रुपये पर कारोबार शुरू किया. राशि पेरिफेरल्स का नौ फरवरी को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के अंतिम 59.71 गुना अभिदान मिला था.

### सोना वायदा कीमतों में 233 रु की गिरावट

**नयी दिल्ली ।** कमजोर हाजिर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया, जिससे वायदा कारोबार में बुधवार को सोने की कीमत 233 रुपये की गिरावट के साथ 61,271 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 233 रुपये यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 61,271 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया. इसमें 13,632 लॉट का कारोबार हुआ. बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से सोना वायदा कीमतों में गिरावट आई.

### महिंद्रा का शुद्ध लाभ 2,658 करोड़ हुआ

**मुंबई ।** महिंद्रा एंड महिंद्रा का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 34 प्रतिशत बढ़कर 2,658 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. सभी खंडों के बेहतर प्रदर्शन से कंपनी का लाभ बढ़ा है. बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शुद्ध लाभ 1,984 करोड़ रुपये रहा था. एमएंडएम ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी आमदनी अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़कर 35,299 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 30,621 करोड़ रुपये थी. मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनीश शाह ने कहा, आलोच्य तिमाही में हमारे कारोबारों का परिचालन प्रदर्शन बेहतर रहा है.

रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी सीबीआरई ने बुधवार को जारी की रिपोर्ट

# चार करोड़ रुपये से अधिक कीमत के घरों की बिक्री 75 प्रतिशत बढ़ी

**भाषा। नयी दिल्ली**



### बेहतर नौकरी के अवसर भी मिलेंगे

रियल्टी फर्म क्रिसुमी कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक मोहित जैन ने कहा, उच्च आर्थिक वृद्धि होने से खर्च-योग्य आय बढ़ी है और बेहतर नौकरी के अवसर भी बढ़ रहे हैं. इससे बेहतर जीवनशैली तक कई लोगों की पहुंच हो गई है. भारत की तीव्र वृद्धि और लगातार बढ़ती आर्थिक समृद्धि से आगे इसमें और तेजी आने की उम्मीद है. सीबीआरई के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2023 में बिकने वाले कुल घरों की संख्या 3,22,000 इकाई हो गई जो सालाना आधार पर नौ प्रतिशत अधिक है.

ऊंची आर्थिक हैसियत वाले लोग (एचएनआई) अब लक्जरी आवासीय इकाइयों को खरीदने में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं. यही वजह है कि पिछले साल देश के सात प्रमुख शहरों में चार करोड़ रुपये या उससे अधिक दाम के घरों की बिक्री में 75 प्रतिशत की भारी वृद्धि देखी गयी. रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी सीबीआरई ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी. इसके मुताबिक, सात प्रमुख शहरों में से दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक तेजी रही और यहां लक्जरी घरों की बिक्री में लगभग तीन गुना उछाल आया. इस रिपोर्ट के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2023 में चार करोड़ रुपये या उससे अधिक कीमत के 12,935 घरों की बिक्री हुई जबकि साल 2022 में यह संख्या 7,395 इकाई थी. इस तरह लक्जरी घरों की बिक्री में 75 प्रतिशत का बड़ा उछाल देखा गया.

**लक्जरी आवासीय क्षेत्रों का आकर्षण बने रहने की उम्मीद :** सीबीआरई के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया एवं अफ्रीका) अंशुमान मैगज़ीन ने कहा, बदलते परिदृश्य के बीच प्रीमियम और लक्जरी आवासीय क्षेत्रों का आकर्षण बने रहने की उम्मीद है क्योंकि इसे अनुकूल बाजार स्थितियों से समर्थन हासिल है. रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में लक्जरी घरों की बिक्री एक साल पहले की 1,860 इकाई से बढ़कर 2023 में 5,530 इकाई हो गई. मुंबई में यह आंकड़ा 3,390 इकाइयों से बढ़कर 4,190 इकाई हो गया जबकि हैदराबाद में लक्जरी घरों की बिक्री 1,240 इकाइयों से बढ़कर 2,030 इकाई हो गई. पुणे में पिछले साल 450 इकाइयों की बिक्री देखी गई.

सबसे बड़े ग्रीन एनर्जी पार्क से बिजली उत्पादन शुरू

# 1.6 करोड़ से ज्यादा घर होंगे रोशन

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दुनिया के सबसे बड़े ग्रीन एनर्जी पार्क से बिजली का उत्पादन शुरू कर दिया गया है. देश की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने गुजरात के खावड़ा में स्थित 551 मेगावाट के सोलर प्लांट को चालू कर दिया है. इससे नेशनल ग्रिड को बिजली सप्लाई की जाएगी. कंपनी का दावा है कि इस प्लांट से 1.6 करोड़ से ज्यादा घर रोशन किए जा सकेंगे. साथ ही सालाना 5.8 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन कम किया जा सकेगा. इस प्लांट से 81 अरब यूनिट बिजली पैदा की जा सकेगी.

**प्लांट का काम 12 महीने में पूरा हो गया :** अडानी ग्रीन एनर्जी के मुताबिक, इस प्लांट का काम मात्र 12 महीने में पूरा कर लिया गया है.

पेटीएम के लिए बड़ा झटका

# ईडी ने शुरू की आरोपों की जांच

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

पेटीएम को बड़ा झटका लगा है क्योंकि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ लगे आरोपों की जांच एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट यानी ईडी ने शुरू कर दी है. ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ आरंभिक जांच शुरू कर दी है और बुधवार को इस खबर के आने से पहले से पेटीएम के शेयरों में जबरदस्त गिरावट दर्ज की जा चुकी थी. ईडी की पेटीएम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के तहत इस जांच एजेंसी ने बैंक पर लगे आरोपों को लेकर जांच शुरू कर दी है.

**शेयर में 10% की गिरावट :** पेटीएम ब्रांड की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लि. के शेयरों में 10% की गिरावट फिर देखी गई और यह लोअर सर्किट पर पहुंच गया. इस गिरावट के बाद शेयर फिर ऑलटाइम लो लेवल तक गिर गए.


न्यूयॉर्क फैशन वीक

ब्लैक लाइवली मंगलवार को न्यूयॉर्क फैशन वीक के दौरान माइकल कोर्स फॉल/विंटर 2024 फैशन शो के लिए न्यूयॉर्क पहुंचे.

जनवरी में महंगाई के मोर्चे पर राहत

# थोक महंगाई दर घटकर 0.27% रही

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

महंगाई के मोर्चे पर राहत भरी खबर है. जनवरी माह में थोक महंगाई दर यानी होलसेल प्राइस इंडेक्स (डब्ल्यूपीआई) घटकर 0.27 फीसदी पर आ गयी है. दिसंबर में थोक महंगाई दर 0.73 प्रतिशत रही थी. वहीं, पिछले साल की समान समयावधि में महंगाई दर 4.8 प्रतिशत रही थी. खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी की वजह से जनवरी माह में थोक महंगाई दर घटी है. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यह जानकारी दी है. आंकड़ों के अनुसार, जनवरी माह में खाद्य सामग्री की महंगाई दर 6.85 प्रतिशत रही, जो दिसंबर 2023 में 9.38 प्रतिशत थी. जनवरी में सब्जियों की महंगाई दर 19.71 प्रतिशत रही, जो दिसंबर 2023 में 26.3 प्रतिशत रही थी. वहीं दालों में 16.06 प्रतिशत और फलों में थोक मुद्रास्फीति 1.01 प्रतिशत रही.

**रिटेल महंगाई दर भी घा:** सरकार ने इससे पहले 12 फरवरी को रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किये थे. भारत की रिटेल महंगाई दर जनवरी में घटकर 5.1% पर आ गयी है.

### महंगाई निगेटिव में रहना इकोनॉमी के लिए सही नहीं

थोक महंगाई दर निगेटिव रहने से इसका इकोनॉमी पर प्रभाव पड़ता है. इसे डिफ्लेशन कहा जाता है. निगेटिव महंगाई तब होती है, जब वस्तुओं की आपूर्ति, मांग से ज्यादा हो जाती है. इससे दाम गिर जाते हैं और कंपनियों का प्रॉफिट घट जाता है.

**सियाम का आंकड़ा** घरेलू यात्री वाहनों की सालाना थोक बिक्री बढ़कर 3,93,074 ईकाई हो गई

# यात्री वाहन की थोक बिक्री जनवरी में 14% बढ़ी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 3,93,074 इकाई हो गई. यह जनवरी में अभी तक दर्ज बिक्री का सर्वाधिक आंकड़ा है. उद्योग संगठन सियाम ने बुधवार को यह जानकारी दी. जनवरी 2023 में थोक बिक्री 3,46,080 इकाई रही थी. वाहन कंपनियों के संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों के अनुसार, दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14,95,183 इकाई रही. जनवरी 2023 में थोक बिक्री 11,84,376 इकाई रही थी. सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा, सकारात्मक उपभोक्ता धारणा के बीच यात्री वाहन की बिक्री मजबूत बनी हुई है.

दोपहिया वाहन खंड में जनवरी में अच्छी वृद्धि देखी गई और ग्रामीण बाजार में सुधार जारी है. उन्होंने कहा कि हालांकि जनवरी 2024 में वाणिज्यिक वाहन क्षेत्र में वृद्धि नहीं हुई, लेकिन चालू वित्त वर्ष के अगले दो महीनों में इसमें अच्छी मांग की संभावना है. तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री जनवरी में नौ प्रतिशत की वृद्धि के साथ 53,537 इकाई रही, जबकि जनवरी 2023 में यह 48,903 इकाई थी. सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल से जनवरी की अवधि में यात्री वाहनों और तिपहिया वाहनों की अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की गई. सियाम के अनुसार, मारुति सुजुकी इंडिया ने जनवरी 2024 में 1,66,802 इकाइयों की थोक बिक्री दर्ज की.

### हुंडई मोटर इंडिया ने 57,115 इकाइयां बेचीं

हुंदै मोटर इंडिया ने 57,115 इकाइयां बेचीं, जबकि 2023 में इसी महीने में यह संख्या 50,106 इकाई थी. महिंद्रा एंड महिंद्रा की थोक बिक्री जनवरी 2023 की 33,040 इकाई से बढ़कर पिछले महीने 43,068 इकाई रही. मोटरसाइकिल खंड में, हीरो मोटोकॉर्प ने पिछले महीने घरेलू बाजार में 3,89,752 इकाई की बिक्री की, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह यह आंकडा 3,26,467 इकाई था. होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने जनवरी 2023 की 1,27,912 इकाई की तुलना में पिछले महीने 1,83,638 इकाइयों की बिक्री की. सियाम ने कहा कि बजाज ऑटो लिमिटेड ने पिछले महीने 1,78,056 मोटरसाइकिलें बेचीं, जबकि जनवरी 2023 में यह आंकड़ा 1,38,860 इकाई था. स्कूटर की बिक्री में भी जोरदार तेजी देखी गई.

# इक्विटी बाजार में निवेश मूल्य 738 अरब डॉलर पर पहुंचा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दिसंबर तिमाही में भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की हिस्सेदारी का मूल्य 738 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो सितंबर तिमाही की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है. मॉर्निंगस्टार की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई. रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एफपीआई निवेश का मूल्य 651 अरब डॉलर था. वहीं वित्त वर्ष 2022-23 की दिसंबर तिमाही में ऐसे निवेश का मूल्य 584 अरब डॉलर था. रिपोर्ट के मुताबिक, इसका श्रेय घरेलू इक्विटी बाजारों के अच्छे प्रदर्शन के साथ-साथ एफपीआई के मजबूत शुद्ध प्रवाह को दिया जा सकता है. हालांकि भारतीय इक्विटी बाजार पूंजीकरण में एफपीआई का आनुपातिक अंशदान समीक्षाधीन तिमाही में मामूली रूप से गिरकर 16.83 प्रतिशत हो गया, जो सितंबर तिमाही में 16.95 प्रतिशत था. सितंबर तिमाही में 5.38 अरब डॉलर की निकासी करने के बाद अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में विदेशी निवेशक अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड का प्रतिफल कम होने से भारतीय इक्विटी बाजारों में 6.07 अरब डॉलर के शुद्ध खरीदार रहे. इसके अलावा, कई कंपनियों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) आने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी विदेशी निवेशकों को भारतीय इक्विटी बाजार की तरफ लाने का काम किया.

## ब्रीफ खबरें

### राष्ट्रपति मुर्मू ने बालाजी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**जयपुर ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राजस्थान के दौसा जिले के मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की. वह मंदिर की आरती में भी शामिल हुईं. राष्ट्रपति की यात्रा के मद्देनजर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी. वह करीब एक घंटे तक मंदिर में रहीं. राष्ट्रपति मुर्मू मंगलवार शाम जयपुर पहुंची थीं और उन्होंने रात्रि विश्राम राजभवन में किया. बाद में दिन में, वह डूंगरपुर में बेणेश्वर धाम का दौरा करेंगी और अपराह्न 3.40 बजे लखपति दीदी सम्मेलन में हिस्सा लेंगी.

### पूर्व प्रधानमंत्री के पोते भाजपा में हुए शामिल

**लखनऊ/नयी दिल्ली ।** पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर शास्त्री बुधवार को भाजपा में शामिल हो गये. इसी के साथ उन्होंने कांग्रेस छोड़ने की घोषणा की. शास्त्री भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपिंदर सिंह और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में लखनऊ में भाजपा में शामिल हुए. विभाकर शास्त्री ने इससे पहले कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने की घोषणा की. उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर कांग्रेस अध्यक्ष को अपने त्यागपत्र की घोषणा की.

### उत्तर कोरिया ने फिर दागीं क्रूज मिसाइल

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने उसके पूर्वोत्तर तट के जलक्षेत्र में कई क्रूज मिसाइल दागी हैं. कोरिया प्रायद्वीप में पहले से ही व्याप्त तनाव के बीच उत्तर कोरिया का जनवरी के बाद से यह पांचवां परीक्षण है. उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपने हथियारों का परीक्षण और तेज कर दिया है और दक्षिण कोरिया एवं अमेरिका के साथ परमाणु संघर्ष संबंधी उकसाने वाले बयान दिए हैं. उत्तर कोरिया का इस साल यह पांचवां क्रूज मिसाइल परीक्षण है.

### अमेरिका वादा करता है तो निभाता भी है : वाइडन

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) पर हाल में की टिप्पणियों के लिए अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना करते हुए कहा कि 74 साल पुराना यह सैन्य गठबंधन अमेरिका के लिए एक पवित्र प्रतिबद्धता है. बाइडन ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब अमेरिका अपनी जुबान देता है तो उसका कुछ मतलब होता है. जब हम कोई वादा करते हैं तो उसे निभाते हैं और नाटो एक पवित्र प्रतिबद्धता है.

### ईरान में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

**दुबई ।** ईरान में बुधवार सुबह हुए विस्फोटों से एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गयी. एक अधिकारी ने इन विस्फोटों को देश में 'नुकसानदायक और आतंकवादी कृत्य' करार दिया. गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल की जंग के बीच मध्यपूर्व में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं. ईरान के पश्चिमी चाहरमहल और बख्तियारी प्रांत से उत्तर में कैस्पियन सागर के शहरों तक जाने वाली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन विस्फोट की वजह से प्रभावित हुई है.



### पीएम नरेंद्र मोदी ने अबू धाबी में हिंदू मंदिर का किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अबू धाबी के हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया. इस दौरान उन्होंने विशेष पूजा-अर्चना में भी हिस्सा लिया. इस मौके पर पीएम ने कहा कि आज यूएई ने इतिहास रच दिया है. इसमें वर्षों की मेहनत जुड़ी हुई है.

शिवसेना नेता पर गोलीबारी

## अदालत ने विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**एजेंसी । ठाणे**

अदालत ने पुलिस थाने के भीतर शिवसेना के एक नेता की हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी भाजपा



विधायक गणपत गायकवाड़ तथा उनके चार साथियों को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. आरोपी विधायक गणपत गायकवाड़, उनके सहयोगी हर्षल केने, संदीप सरवणकर, दिव्येश उर्फ विक्की गणात्रा और चालक रणजीत यादव को उनकी पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद बुधवार को अदालत में पेश किया गया था.

विधायक पर आरोप है कि उन्होंने उल्लासनगर इलाके में हिल लाइन थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष में दो फरवरी को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड़ को कथित रूप से गोली मारकर जख्मी कर दिया था. मामले में शामिल आरोपियों के खिलाफ हत्या की कोशिश और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था. घटना के बाद शिवसेना नेता को ठाणे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वह अब स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं. आरोपियों की ओर से पेश वकील निलेश पांडे और उमर काज़ी ने अदालत परिसर के बाहर पत्रकारों से कहा कि पुलिस ने पूछताछ के लिए आरोपियों की रिमांड बढ़ाने का आग्रह किया, जिसकी अदालत ने इजाजत नहीं दी और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

भाजपा ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री को दिया इनाम

# जेपी नड्डा, अश्विनी वैष्णव और अशोक चव्हाण जायेंगे राज्यसभा

**भाषा । नयी दिल्ली**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को गुजरात और हाल ही में कांग्रेस छोड़ पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को महाराष्ट्र से राज्यसभा उम्मीदवार बनाया गया है. इसके अलावा पार्टी ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और एल मुरुगन को ओडिशा और मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए उम्मीदवार घोषित किया है.

वहीं, गुजरात से जो प्रत्याशी बनाये गये हैं, उनमें मयंक भाई नायक, डॉ. जशवंत सिंह और गोविंद भाई ढोलकिया शामिल हैं. अशोक चव्हाण के अलावा महाराष्ट्र से अजीत गोपछड़े, मेधा कुलकर्णी को राज्यसभा उम्मीदवार घोषित किया गया है. खबरों के अनुसार भाजपा ने 15 राज्यों की 56 सीटों पर होने वाले राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए आज बुधवार को पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की. मध्य प्रदेश से सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री मुरुगन के साथ उमेश नाथ महाराज, माया नारोलिया और बंसीलाल गुर्जर उम्मीदवार बनाये गये है.



### बिहार : भाजपा से दो, जदयू-कांग्रेस से 1-1 उम्मीदवार ने किया नामांकन

**पटना ।** बिहार से राज्यसभा चुनाव के लिए एनडीए के तीनों उम्मीदवारों ने बुधवार को नामांकन किया. इनमें जदयू से संजय झा और भाजपा से भीम सिंह व धर्मशीला गुप्ता शामिल हैं. तीनों उम्मीदवारों का नामांकन विधानसभा के सचिव कक्ष में हुआ. मौके पर सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे. वहीं कांग्रेस की तरफ से अखिलेश सिंह ने नामांकन किया है. बता दें कि बिहार से राज्यसभा की छह सीटों के लिए चुनाव होगा. नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है. राज्य की छह सीटों में से तीन सीटें एनडीए और तीन सीटें महागठबंधन के पास है.

### धर्मेंद्र प्रधान को नहीं मिला राज्यसभा का टिकट

बता दें कि ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) ने वैष्णव को समर्थन देने की घोषणा कर चुका है. 2019 में भी बीजद पूर्व आईएएस अधिकारी वैष्णव के समर्थन में थी. केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित तीन अन्य निवर्तमान भाजपा सांसदों में से किसी को भी टिकट नहीं दिया गया है.

### सोनिया गांधी ने राजस्थान से रास के लिए किया नामांकन

**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने बुधवार को राजस्थान से राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल कर दिया.



▪ पहली बार उच्च सदन जायेंगी

उनके साथ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी आये थे. कांग्रेस नेताओं और समर्थकों का हुजूम साथ चल रहा था. बता दें कि वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा सांसद हैं. खबरों के अनुसार कांग्रेस ने सोनिया के साथ चार और राज्यसभा उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है. इनमें बिहार से अखिलेश प्रसाद, हिमाचल प्रदेश से अभिषेक मनु संघवी और महाराष्ट्र से चंद्रकांत हंडोरे के नाम शामिल है.

प्रयागराज के संगम नगरी में माघ मेले का हुआ आयोजन

## 14.70 लाख लोगों ने लगायी डुबकी

**भाषा । प्रयागराज (यूपी)**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के संगम नगरी में माघ मेले का आयोजन किया गया है. मेले के चतुर्थ स्नान पर्व बसंत पंचमी पर सुबह आठ बजे तक लगभग 14.70 लाख लोगों ने गंगा और पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगायी. हर-हर गंगे के उद्घोष से संगम नगरी गुंजायमान हो गया. माघ मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि ठंड रहने के बावजूद महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग समेत करीब 114.70 लाख लोगों ने स्नान किया. श्रद्धालुओं के स्नान के लिए घाटों की लंबाई 6,800 फुट से बढ़ाकर 8,000 फुट कर दी गयी है. संगम नगरी में कुल 12 घाट बनाये गये हैं. सभी घाटों पर



कपड़े बदलने के लिए पर्याप्त सुविधा उपलब्ध करायी गयी है.

**मेला क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम:** बसंत पंचमी के स्नान पर्व को लेकर प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने व्यापक तौर पर इंतजाम किये हैं. पूरे क्षेत्र में 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे और कई एआई आधारित कैमरे लगाये गये हैं. संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति नजर आने पर त्वरित कार्रवाई भी की जा रही है. मेला क्षेत्र में एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ते), आरएएफ (द्रुत कार्य बल), एसडीआरएफ (राज्य आपदा मोचन बल), एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीमें, महिला पुलिसकर्मी, घुड़सवार पुलिस और बम निरोधक दस्ते) तैनात हैं.

### बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुलेंगे

**देहरादून ।** बसंत पंचमी के अवसर पर बुधवार को नरेंद्रनगर (टिहरी) स्थित राजदरबार में बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि 12 मई तय की गयी. कपाट 12 मई को ब्रह्ममुहूर्त में प्रातः 6 बजे खुलेंगे. यह जानकारी बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने दी. जान लें कि उत्तराखंड चारधाम यात्रा के लिए तैयारियां शुरू हो गयी है. बताया गया कि केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि शुक्रवार, 8 मार्च शिवरात्रि के अवसर पर तय की जायेगी. इस वर्ष अक्षय तृतीया शुक्रवार 10 मई को है.

पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा

## भाजपा अब मुझे भी अपनी पार्टी ज्वॉइन कराना चाहेगी

**भाषा । कोलकाता**

टीएमसी की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा ने महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण के भाजपा में शामिल होने पर तंज कसा है. महुआ मोइत्रा ने एक्स पर लिखा, भाजपा जिन्हें कभी भ्रष्ट कहती थी, उन विपक्षी नेताओं को अपनी पार्टी जॉइन करा रही है. उसी तरह से एक दिन वह चाहेगी कि मैं (महुआ) भी उनकी पार्टी का हिस्सा बन जाऊं. यह इनका गिरता हुआ स्तर है. चव्हाण को आदर्श हाउसिंग घोटाले के चलते सीएम पद छोड़ना पड़ा था. कहा जा रहा है कि चव्हाण को राज्यसभा भेजा जा रहा है. जब रामलला की कृपा से 2024 के चुनाव में भाजपा को 400 सीटें आ रही हैं. तो फिर वह हर नेता को अपनी पार्टी में लाने के लिए इतनी बेचैन क्यों हो रही है.

## बच्चन-रंजन पीडीए में नहीं आते मैं अपना वोट नहीं डालूंगी : पटेल

**भाषा । लखनऊ**

राज्यसभा चुनाव में आलोक रंजन और जया बच्चन को उम्मीदवार बनाने के समाजवादी पार्टी के फैसले से नाराज पार्टी विधायक और अपना दल (कमेरावादी) की नेता पल्लवी पटेल ने बुधवार को कहा कि वह अपना वोट नहीं डालेंगी. पटेल ने कहा, हम पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) की बात कर रहे हैं. रंजन और बच्चन पीडीए में नहीं हैं. मैं इस 'धोखे' के खिलाफ अपना वोट नहीं देने जा रही हूं. बता दें कि केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की बहन पल्लवी पटेल ने 2022 के चुनावों में सपा के टिकट पर कौशांबी की सिराथू सीट से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को



हराया था. उनकी पार्टी अपना दल (के) ने 2022 का विधानसभा चुनाव सपा के साथ गठबंधन में लड़ा था, और वह सपा के टिकट पर चुनाव लड़ी थीं. दलित समुदाय से आने वाले रामजी लाल सुमन के अलावा, सपा ने जया बच्चन और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी आलोक रंजन को राज्यसभा चुनाव के लिए मैदान में उतारा है.

### एचपीएसएससी प्रश्न पत्र लीक : तीन और आरोपी गिरफ्तार

**हमीरपुर (हिप्र)।** सतर्कता विभाग की विशेष जांच टीम ने हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग (एचपीएसएससी) प्रश्नपत्र लीक मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि तीनों आरोपियों में हिमाचल प्रदेश सड़क परिवहन निगम (एचआरटीसी) के सेवानिवृत्त निरीक्षक रवि की पत्नी, बहन और जीजा शामिल हैं. रवि को नौ फरवरी को ढाबा मालिक सोहन के साथ गिरफ्तार किया गया था. अधिकारी के मुताबिक तीनों अप्रैल 2023 में आयोजित हिमाचल प्रदेश सचिवालय परीक्षा (लिपिक) में शामिल हुए थे.

इमरान खान की पार्टी का आरोप

## गठबंधन सरकार बनाने के लिए हमारा जनादेश चुरा लिया गया

**भाषा । इस्लामाबाद**

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने



बुधवार को आरोप लगाया कि देश के प्रमुख राजनीतिक दलों ने पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनाने का फैसला करके रात के अंधेरे में उनका जनादेश चुरा लिया है. पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने मंगलवार रात को एक आकस्मिक फैसले में पार्टी अध्यक्ष नवाज शरीफ के बजाय उनके छोटे भाई शाहबाज (72) को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया. इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के केंद्रीय सूचना सचिव रऊफ हसन ने कहा कि इमरान के जनादेश को 'रात के अंधेरे में चुरा लिया गया है. उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, पाकिस्तान को और अधिक अस्थिरता के रास्ते पर डाला जा रहा है. पीएमएल-एन के नेतृत्व में बन रहे संभावित गठबंधन का जिक्र करते हुए हसन ने कहा, सरकार बनाने के लिए कुछ अपराधियों, जिन्हें जनता ने खारिज कर दिया है.

### रक्षा मंत्री को मिली अस्पताल से छुट्टी

**वाशिंगटन ।** प्रोस्टेट कैंसर सर्जरी के बाद अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के कारण 'वाल्टर रीड नेशनल मेडिकल सेंटर' में भर्ती अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन को मंगलवार से अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और उन्होंने अपना कार्यभार पूर्ण रूप से संभाल लिया है. अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय ने यह जानकारी दी. ऑस्टिन (70) का दिसंबर में कैंसर का ऑपरेशन हुआ था. इसके बाद से वह स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं. उन्हें मूत्राशय संबंधी समस्याओं के कारण रविवार दोपहर को वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया था.




कॅरियर-काउंसिलिंग

# एमबीए इन इंश्योरेंस की पढ़ाई कर बना सकते हैं कॅरियर




**रजनीश प्रसाद**

एमबीए इंश्योरेंस बिजनेस मैनेजमेंट पाठ्यक्रम पोस्ट ग्रेजुएट्स के लिए 2 साल का कोर्स है. इस कोर्स में बीमा व बैंकिंग के सभी नियम व शर्तें, पद्धति, रिस्क एनॉलिसिस की उन्नतशील शिक्षा शामिल है.

### एमबीए इंश्योरेंस इन बिजनेस मैनेजमेंट

- यह आपको प्रबंधकीय कौशल विकसित करने में मदद करेगा.
- यह कोर्स आपको एक बड़े बिजनेस नेटवर्क से जुड़ने में मदद करेगा.
- यह कोर्स ट्रेंडिंग कॅरियर के अवसरों के द्वार खोलेगा.
- बीमा व बैंकिंग एक कॉन्ट्रैक्ट समान है, जिसमें कार्य संचालन करने, आवेदन पारित करने की भूमिका के लिए उन्नतशील व्यक्तियों की आवश्यकता बढ़ची जा रही है.
- यदि आप डॉक्यूमेंट इकट्ठा कर, उसे मैनेज कर एलोकेट करने में अच्छे हैं, तो यह कोर्स आपके लिए ही है.

### एमबीए इंश्योरेंस इन बिजनेस मैनेजमेंट जरूरी स्किल्स

- हाई कम्यूनिकेशन स्किल
- ग्राहक सेवा.
- दृढ़ संकल्प और दृढ़ता
- दस्तावेज पर विशेष फोकस
- समस्या निवारण के तरीके खोजना.
- भारत में कौन-कौन से विवि
- सिंबायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ मीडिया एंड कम्यूनिकेशन, पुणे
- मीडिया और कला के एएएफटी विश्वविद्यालय
- क्राइस्ट कॉलेज, बेंगलोर
- दिल्ली कला और वाणिज्य विश्वविद्यालय, पुणे
- एमिटी यूनिवर्सिटी, मुंबई
- कमला नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
- मद्रास इंस्टिट्यूट कॉलेज
- सावित्री बाई फुले विश्वविद्यालय, पुणे
- किशनचंद चेल्लाराम कॉलेज
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ जर्नलिज्म एंड न्यू मीडिया, बेंगलोर

#### एडमिशन के लिए क्या है आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें, जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षणिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- आवेदन फॉर्म भरने के बाद जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है, तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर अभ्यर्थी का चयन कर लिस्ट जारी की जाएगी.

## जॉब अलर्ट

1. असम कोऑपरेटिव एपेक्स बैंक लिमिटेड ने सहायक के पदों पर भर्ती के लिए रिक्तियां निकाली हैं

- **बैंक का नाम** – असम कोऑपरेटिव एपेक्स बैंक लिमिटेड
- **पद नाम:** सहायक (असिस्टेंट)
- **पद संख्या :**120
- **नौकरी का स्थान :** असम
- **योग्यता :** डिग्री
- **आवेदन मोड :** ऑनलाइन
- **ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि:** 13 फरवरी 2024
- **ऑफिशियल साइट** – https://www.apexbankassam.com

2. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, उत्तराखंड के अधीनस्थ न्यायालयों में समूह 'ग' के अंतर्गत कनिष्ठ सहायक और आशुलिपिक के पदों पर नियुक्ति के लिए रिक्तियां निकाली है.

- **संस्था का नाम:** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
- **पद नाम:** जूनियर असिस्टेंट स्टेनोग्राफर
- **पद संख्या :** 139
- **नौकरी का स्थान:** उत्तराखंड उच्च न्यायालय
- **आवेदन मोड:** ऑनलाइन
- **ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि :** 22 फरवरी 2024
- **ऑफिशियल साइट** – https://highcourtofuttarakhand.gov.in

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)